हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

लक्ष्य सेन ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया



Page 10

देश

1424 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त : डॉ. धन सिंह रावत

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरुवार • 01 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 232 • पृष्ठ 12

# एक ही दिन में हिजबुल्ला और हमास कमांडर ढेर

### इजरायल के बदले ने दुनिया भर में मचा दिया हड़कंप

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल की ख्याति अपने दुश्मनों से चुनकर बदला लेने वाले मुल्क के तौर पर रही है। बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने उस पर ऐसा हमला बोला था कि 1200 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 250 लोग अगवा कर लिए गए थे। बीते कई दशकों के इतिहास में इजरायल पर यह सबसे भीषण हमला था। इसके बाद से माना जा रहा था कि हमास से जंग में इजरायल पहले जैसा ताकतवर नहीं रहा। लेकिन मंगलवार को इजरायल ने जो किया, उससे फिलिस्तीन समेत उसके समर्थक देशों में हड़कंप मच गया है। उसने एक तरफ हमास के सुप्रीम नेता इस्माइल हानियेह को ईरान के अंदर घुसकर मार डाला तो वहीं हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फवाद शुक्र को लेबनान के बेरूत में मार गिराया। इजरायल ने दावा किया है कि फवाद शुक्र ही गोलान हाइट्स में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था, जिसमें फुटबॉल ग्राउंड में खेल रहे 12 मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। इजरायल का कहना है कि बेरूत में एयरस्ट्राइक के दौरान उसे मार गिराया गया। वहीं हिजबुल्लाह का कहना है कि अभी पता नहीं है कि फवाद शुक्र कहां है और उसकी क्या स्थिति है।



# भारत के खिलाफ 'खतरनाक' प्लान बना रहा आईएस

• **इस्लामिक स्टेट को लेकर यूएन की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा**



**जिनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवंत-खोरासान भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के बावजूद इस देश में स्थित अपने आकाओं के माध्यम से ऐसे लड़ाकों की भर्ती करना चाहता है जो अकेले ही हमलों को अंजाम दे सकें। आईएसआईएल, अल-कायदा और उससे जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के बारे में विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 34वीं रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गई।

# पूजा खेड़कर का खेल खत्म! रद्द हुआ सेलेक्शन

• **भविष्य में नहीं दे पाएंगी कोई भी एग्जाम, यूपीएससी का बड़ा ऐक्शन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग ने बुधवार को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी। उन पर धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप थे। यूपीएससी ने पाया कि पूजा खेडकर ने नियमों का उल्लंघन किया है। इसलिए, उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयनों से रोक दिया गया है। सरकार ने एक बयान में कहा, यूपीएससी ने उपलब्ध रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की है और पाया है कि वह यूपीएससी-2022 नियमों के प्रावधानों के विपरीत काम करने की दोषी हैं। यूपीएससी-2022 के लिए उनकी अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है और उन्हें यूपीएससी की भविष्य की सभी परीक्षाओं /चयनों से स्थायी रूप से वंचित कर दिया गया है। यूपीएससी ने यह भी कहा कि केवल खेडकर के मामले में ही वह उनके प्रयासों की संख्या का पता नहीं लगा सका। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने न केवल अपना नाम बदला बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी बदल दिया। यूपीएससी ने पुष्टि की कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को और मजबूत करने की प्रक्रिया में है कि भविष्य में ऐसा मामला दोबारा न हो। बयान में आगे कहा गया है कि पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के मामले की पृष्ठभूमि में यूपीएससी ने वर्ष 2009 से 2023 तक यानी 15 सालों से यूपीएससी के 15,000 से अधिक अंतिम रूप से रेकमेंडेड कैंडीडेट के उपलब्ध आंकड़ों की पूरी तरह से जांच की है।



# 'आई' एम सॉरी, अधिकारी दिवालिया हो गए हैं

• **दिल्ली हाईकोर्ट ने कोचिंग हादसे पर एमसीडी को लगाई कड़ी फटकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर आईएएस कोचिंग हादसे की उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि उपनियमों के उदारीकरण के बावजूद, सदियों पुराने बुनियादी ढांचे को सही क्यों नहीं किया गया। दिल्ली हाई कोर्ट ने आगे सवाल किया कि बेसमेंट में पानी कैसे घुस





गया। इस बात पर जोर देते हुए कि बुनियादी ढांचे को पर्याप्त रूप से सही क्यों नहीं किया गया था। कोर्ट ने सिविक अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए खेद है कि सिविक अधिकारी दिवालिया हो चुके हैं, बुनियादी ढांचे के मुद्दों और सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करने में प्रभावी कार्रवाई और जिम्मेदारी की गंभीर कमी को उजागर किया।

### 'इमारतों को मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन ढंग के नाले नहीं हैं'

दिल्ली हाई कोर्ट ने प्राधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों को मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन ढंग के नाले नहीं हैं। आप मुफ्त की सौगातें बांटने की संस्कृति चाहते हैं, कर नहीं वसूलना चाहते; इसलिए ऐसा तो होना ही है। हाई कोर्ट ने प्राधिकारियों पर तंज करते हुए कहा कि उन्हें बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की जरूरत है, लेकिन वे दिवालिया हो गए हैं और वेतन भी नहीं दे पा रहे हैं। अजीब जांच चल रही है, पुलिस पास से गुजरने वाले कार चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, लेकिन एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ नहीं।

# बारिश ने किया बेहाल, अब जीना हुआ मुहाल

**• पानी-पानी हुआ आधा भारत, एमपी-यूपी व केरल में जबरदस्त बारिश • झारखंड में बिजली गिरने से 10 की मौत, एमपी में कोहराम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में मानसून जमकर सक्रिय है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच, झारखंड में बिजली गिरने से मंगलवार को 10 लोगों की मौत हो गई। इधर, मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री के 38 दिन में ही सीजन की आधी यानी 50 फीसदी बारिश हो गई है।

प्रदेश में एक और स्ट्रॉन्ग सिस्टम ऐक्टिव हो रहा है। बुधवार से फिर से प्रदेश में झमाझम का दौर शुरू हो सकता है। वहीं, राजस्थान और बिहार में मानसून धीमा पड़ा है। राजस्थान के जैसलमेर और गंगानगर में टेम्परेचर 40 डिग्री चला गया। बिहार में भी ट्रफ लाइन राज्य की सीमा से बाहर है, जिसके चलते बारिश नहीं हो रही है। कई जिलों में गर्मी और उमस है। गोपालगंज में तापमान 40 डिग्री पहुंच गया। राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही उमस बढ़ गई है। अगले दो-चार दिन इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है।



मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आज राज्य के आठ जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र से जारी रिपोर्ट देखें तो राजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 210.7 एमएम बरसात हो चुकी है। जबकि इस सीजन में अब तक (1 जून से 30 जुलाई तक) 211.7 एमएम बरसात होती है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात 80 एमएम करौली में दर्ज हुई। मध्यप्रदेश में बुधवार से अगले 4 दिन तक बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम ऐक्टिव रहेगा। बुधवार को जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में कहीं हल्की, तो कहीं तेज बारिश होगी। छत्तीसगढ़ में अगले 3 घंटे बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सुबह 7 से 10 बजे तक बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोरबा, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर और बलौदा बाजार जिले के एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। यूपी में मानसून फिर से सक्रिय हो रहा है। मंगलवार को 17 जिलों में हल्की बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। बुधवार को पूर्वी और पश्चिमी यूपी के 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि 58 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बरसात हो सकती है। बिजली भी गिरने का भी खतरा है।



# एक हफ्ते पहले किया था अलर्ट राज्य सरकार ने ध्यान नहीं दिया

### केरल हादसे को लेकर अमित शाह ने राज्यसभा में विपक्ष को घेरा



• वायनाड में लैंडस्लाइड से अब तक 184 की मौत, 170 लापता

**वायनाड (एजेंसी)।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 184 हो गई हैं। 131 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 170 के लापता होने की रिपोर्ट लिखाई गई है। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था। सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता। गृह मंत्री ने दावा किया कि पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली केरल सरकार को वायनाड में भूस्खलन आने से एक सप्ताह पहले ही केंद्र द्वारा चेतावनी दी गई थी।



# देश की सेवा में लगा संघ, आलोचना संविधान के खिलाफ

• राज्यसभा में बोले उपराष्ट्रपति धनखड़, विपक्ष को दी नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को आरएसएस पर टिप्पणी करने पर कड़ी आपत्ति जताई। राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की सेवा में लगा संगठन है और संगठन से जुड़े लोग निस्वार्थ भाव से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के काम में लगे संगठन की आलोचना करना संविधान के खिलाफ है और उसे देश की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का अधिकार है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें टोकने की कोशिश भी की। इस हंगामे के बाद बसपा और बीजद सहित विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।



# पतंजलि के विज्ञापन पर एससी ने फिर दिखाए तेवर

• आयुष मंत्रालय को दिया सख्त आदेश, केंद्र को भी नहीं छोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दवाओं के भ्रामक विज्ञापन पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ा रूख अपनाया। शीर्ष अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए अपनी वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड बनाना चाहिए। जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि विज्ञापनों को मीडिया में जारी करने से पहले उसकी उचित स्वीकृति अनिवार्य की जानी चाहिए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। पीठ ने भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दाखिल याचिका में आरोप लगाया कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बदनाम करने के लिए अभियान चलाया था।



# उम्मीद थी लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेगी बीजेपी

### सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को सुनाई खरी खोटी, जमकर घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को केंद्रीय बजट, मणिपुर हिंसा, जाति जनगणना और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों सहित अलग अलग मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरे में लिया है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार भ्रम में है और लोकसभा चुनाव में अपने खराब प्रदर्शन के बाद भी उससे सबक नहीं लिया। इस मौके पर सोनिया गांधी ने वायनाड में हुए भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सोनिया गांधी ने देश में बढ़ते रेल हादसों पर कहा कि यह कुप्रबंधन का नतीजा है और बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय बजट 2024 पर सोनिया गांधी ने सरकार पर किसानों और युवाओं की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। सोनिया ने कहा, किसानों और युवाओं की मांगों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। बजट की उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री ने बड़ी बड़ी बाते की, लेकिन फिर भी निराशा ही हुई है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार, और खासकर सरकार के बड़े नेता भ्रम में है। देश भर में करोड़ों परिवार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त हैं। सोनिया गांधी ने जनगणना ना कराने के लिए सरकार की आलोचना की है जो 2021 में ही होनी थी। उन्होंने कहा कि इससे जनसंख्या, खासकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का के बारे में पता नहीं चल पाएगा।



# हमास चीफ की हत्या के बाद ईरान में आपात बैठक

• **इजरायल के खिलाफ पास किया प्रस्ताव, जंग का ऐलान**

**तेहरान (एजेंसी)।** हानिया की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। ईरान, हमास और हूतियों की ओर से इस पर सख्त प्रतिक्रिया आई है। वहीं अमेरिका ने भी इजरायल पर हमले की स्थिति में जंग में कूदने का ऐलान कर दिया है। ईरान में हानिया की मौत के बाद की स्थिति पर चर्चा के लिए आपातकालीन राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक बुलाई गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो ईरानी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खुमैनी के आवास पर आनन-फानन में सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। ईरान असाधारण परिस्थितियां पैदा होने पर ही इस तरह की बैठक होती है। इसमें इजरायल के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ।



जाति जनगणना विवाद

# अनुराग के बचाव में खुलकर आई बीजेपी

### राहुल गांधी से पूछा-आप साधु हैं या ज्ञानी, हंगामा जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर के जाति वाले बयान पर हंगामा जारी है। कांग्रेस सांसदों ने सदन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी सांसद ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अपमान किया है। कांग्रेस के प्रदर्शन पर कर्नाटक के पूर्व सीएम और भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने कहा कि यह हैरानी के बाद है कि जातिगत जनगणना कराने की बात कहने वाले लोग जाति पूछे जाने से आहत हो रहे हैं। विपक्षी नेता अनुराग ठाकुर के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। बीजेपी की ओर से सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कान्फ्रेंस कर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि संसद में '99 की संख्या और अंधकार का खेल' चल रहा है। संबित पात्रा ने कहा, अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में किसी का भी नाम नहीं लिया।



## संक्षिप्त समाचार

### लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**करायपरसुराय।** स्थानीय पुलिस ने लूटकांड में शामिल एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर अप्राथमिकी अभियुक्त हिलसा थाना क्षेत्र के ग्वाल बीघा सरहजियापर गांव निवासी कैलू प्रसाद के पुत्र गोरे लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### किसानों के बीच सब्जी का बीज हुआ वितरण

**नूरसराय।** कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोद लिए दरुआरा गांव में मंगलवार को नालंदा उद्यान महाविद्यालय नूरसराय द्वारा चयनित कृषकों को पोषण वाटिका के लिए कद्दू, मूली, नेनुआ, भिंडी, करेला व बोरा के उन्नत किस्म का बीज वितरण किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण को पोषण वाटिका में लगाये गए सब्जियों व फलों के माध्यम से दूर करना है। महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने किसानों को सब्जी बीज को लगाने की विधि की जानकारी दी। कनीय वैज्ञानिक शशिकांत ने किसानों को सब्जियों से मिलने वाले विटामिन, मिनरल, फाइबर सहित अन्य लाभ के बारे में बताया। सब्जी बीज के अलावा किसानों को केला, पपीता, अमरूद का पौधा उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. रंजू कुमारी, सलाहकार अरुण भारती आदि उपस्थित थे।

### 33 लाख की योजनाओं का हुआ उद्घाटन व शिलान्यास

**नूरसराय।** जलवायु परिवर्तन से पूरी दुनिया परेशान है। अगर मौसम का मिजाज बदलना है तो सभी को एक साल में कम से कम पांच पौधा आवश्य लगाना होगा। उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने प्रखंड के जगदीशपुर तियारी पंचायत में लगभग 33 लाख की लागत से मनरेगा के 14 लाख 48 हजार की लागत से दो यूनिट पौधरोपण व 18 लाख 81 हजार की लागत से स्कूल की चहारदीवारी व फेवर ब्लॉक का उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज बिहार की तस्वीर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बदल दी है। सूबे का गांव अब शहर से सुंदर बन रहा है। गांव के लोगों को शहरों जैसी सुविधा मिल रही है। बिहार की डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार में तेजी आएगी। उन्होंने जदयू के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी पौधरोपण में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### नूरसराय में लग रहा 11 हजार केवी का इंसुलेटेड कंडक्टर

**नूरसराय।** अब 11 हजार वोल्ट का जर्जर विद्युत प्रवाहित तार के गिरने की समस्या से निजात मिल जाएगी। विद्युत पावर सब स्टेशन चरुइपर तथा नूरसराय के धरमपुर फीडर का 11 हजार वोल्ट का जर्जर विद्युत प्रवाहित तार को युद्ध स्तर पर बदला जा रहा है। जेई मो. असगर अली ने बताया कि धर्मपुर फीडर में दो किलोमीटर 11 हजार केवी का जर्जर तार को बदला जा रहा है। इसकी जगह पर 11 हजार केवी का डॉग इंसुलेटेड कंडक्टर (केबल) लगाया जा रहा है। कार्य विक्रांत इंजीनियरिंग एक्सिम एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। अबतक धर्मपुर फीडर में 500 मीटर तक कार्य किया जा चुका है। पावर सब स्टेशन के नूरसराय फीडर में भी एक किमी तक 11 हजार केवी के जर्जर विद्युत प्रवाहित तार की जगह 11 हजार केवी डॉग इंसुलेटेड कंडक्टर (केबल) लगा दिया गया है। कार्य पूर्ण जाने के बाद हाई वोल्टेज तार गिरने की समस्या दूर हो जाएगी। सीनियर इंजीनियर मो. कामिल व इंजीनियर प्रकाश कुमार ने बताया कि नूरसराय बाजार में एलटी नंगा तार की केबलिंग की जा रही है। जेई ने कहा कि केबलिंग विद्युतीकरण के दौरान विद्युत आपूर्ति करीब एक सप्ताह तक चार से पांच घंटे बाधित रहेगी। धैर्य बनाकर रखें व विभाग को कार्य करने में सहयोग प्रदान करें। मौके अभिषेक कुमार, लाइन मैन लक्ष्मी रजक, शैलेश कुमार, चंदन कुमार, सुरेश चौधरी, संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

### पत्नी को लाने ससुराल गया युवक सरहज को लेकर फरार

**सिलाव।** थाना क्षेत्र के विंडीडीह गांव से युवक सरहज को लेकर फरार हो गया। युवक पत्नी को विदा कराने आया था। फरार हुए युवक की पत्नी ने घटना की प्राथमिकी का आवेदन थाना में दिया है। आरोपों में महिला ने बताया है कि पति प्रताड़ित करता था। इस कारण वह मायके में रह रही थी। रविवार को पति विदा कराने आया। सोमवार को पति, उनके भाई की पत्नी को लेकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### नालंदा में अज्ञात वाहन की चपेट में आया बुजुर्ग, मौत, सड़क पार करने के दौरान हादसा

**नालंदा।** नालंदा में सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के सकरौल गांव निवासी स्वर्गीय पोखी यादव के बेटे सरयुग यादव(65) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि सरयुग यादव सोमवार की शाम खेत में काम खत्म कर घर लौट रहा था। तभी सड़क पार करने के दौरान राधा कृष्ण मंदिर के पास अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी। इसके बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल हालत में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में मंगलवार को उनकी मौत हो गई। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। वहीं, इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि मौत की पुष्टि के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। सड़क पार करने के दौरान बुजुर्ग अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए थे। इसके कारण इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### चंदकुरा गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग बंद करने पहुंची रेलवे की टीम, ग्रामीणों ने किया विरोध



**करायपरसुराय।** हिलसा-फतुहा रेलखंड के चंदकुरा गांव के समीप रविवार को पैसेंजर ट्रेन और स्कूल बस के बीच टक्कर हो गयी थी। जिसमें स्कूल के चार कर्मी जख्मी हो गए थे। ग्रामीणों का आरोप था कि रेलवे फाटक नहीं रहने के कारण आये दिन घटना घटती है। रेलवे विभाग की फतुहा की टीम मंगलवार को चंदकुरा गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग बंद करने पहुंची। टीम के आने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण उक्त स्थान पर पहुंचकर रेलवे क्रॉसिंग के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। डियामा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सोनू सिंह और पूर्व मुखिया भवानी सिंह ने बताया कि चंदकुरा गांव के तीन वार्ड में 2000 से अधिक की आबादी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नए भवन का निर्माण इसी पथ में होगा। मुख्य सड़क से चंदकुरा के लोगों का आवागमन इसी रास्ते से होता है। ग्रामीणों की मांग है कि रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने के बजाय रेलवे फाटक का निर्माण कराया जाए।

# लापता 5 बच्चियों में दो को लाने बंगाल गई पुलिस, तीन की घर वापसी

## स्कूल में परिजनों के फटकार के बाद तीनों एक साथ लापता हुईं थीं

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र से गायब हुईं पांच छात्राओं की खबर सोमवार से ही सुर्खियों में बनी हुई है। शनिवार को स्कूल से गायब होने वाली तीनों लड़कियां घर पहुंच गईं हैं। रविवार को पूजा के बहाने घर से निकली लड़कियां भी घर लौटने वाली हैं। उन्हें पश्चिम बंगाल से बरामद किया गया है। दोनों को लाने पुलिस की टीम गई हुई है। शनिवार को गायब हुईं तीन छात्राएं पटना के कुर्जी से बरामद किया गया। पुलिस और परिजनों का दावा है कि स्कूल में घरवालों की डांट-फटकार से आहत होकर सभी लड़कियां घर से भागीं थीं। वहां से पुलिस ने दो अन्य लड़कों को भी हिरासत में लिया है। हालांकि, एक साथ पांच लड़कियों को परिजनों के डांटने की बात लोगों के गले नहीं उतर रही है।

**किसी की साजिश तो नहीं:** इस घटना पर परिवार के लोग अधिक बताने से परहेज कर रहे हैं। उनका कहना है कि कभी बच्चियों ने ऐसी कोई हरकत नहीं की, इस वजह से उन्हें शक नहीं हुआ। बच्चियां मोबाइल का इस्तेमाल भी नहीं करतीं हैं। परिजन भी डांट के कारण ही उनके घर से चले जाने की आशंका जता रहे हैं। लोग चर्चा कर रहे हैं कि एक साथ पांच लड़कियों के गायब होने के पीछे किसी की साजिश तो नहीं।

**तीन बच्चियों को पटना से बरामद किया गया:** दीपनगर थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि गायब बच्चियों को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि ट्रेन पकड़कर तीनों पटना गईं थीं। एक व्यक्ति ने उन्हें ले जाकर दोस्त के घर रखा था। ले जाने वाले और रखने वाले, दोनों को पकड़ा गया है। तीनों को स्कूल में परिजनों ने डांटा था। इस वजह से तीनों चली गईं थीं। दूसरी घटना में गायब बच्चियों को बिहार-बंगाल की सीमा से बरामद किया गया है। उन्होंने भी परिजनों के डांटने की वजह से घर से निकलने की बात बताई है। दोनों अलग-अलग घटनाएं हैं। इनमें कोई कनेक्शन नहीं है।

**तीन शनिवार और 2 रविवार को भागीं थीं:** मध्य विद्यालय में पढ़ने वाली कुछ लड़कियों ने शनिवार को ब्लेड से हाथों पर अंग्रेजी के अक्षर लिखे थे। इसके बाद उनके अभिभावकों को स्कूल बुलाया गया था। स्कूल में छुट्टी होने के बाद तीन छात्रा घर जाने की बजाय कहीं और चली गईं थीं। सीसीटीवी फुटेज में उन्हें स्कूल से तीन किलोमीटर दूर देखा गया था। इसके बाद रविवार को भी पूजा करने के बहाने निकली दो छात्राएं घर नहीं लौटी। इस मामले में दो अलग-अलग एफआईआर कराई गई थी। पुलिस ने ई-रिक्शा से तीनों लड़कियों को दूर पहुंचाने वाले एक आरोपित को हिरासत में लिया था।

# नालंदा में करंट लगने से युवक की मौत

## घर मे बिजली का तार जोड़ने के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में करंट के संपर्क में आने से बुधवार को एक युवक की मौत हो गई। मामला मानपुर थाना क्षेत्र के प्रभु बीघा गांव का है। मृतक की पहचान प्रभु बीघा गांव निवासी वासुदेव प्रसाद के (32) वर्षीय पुत्र श्याम कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने बताया कि मेरा भाई घर में बिजली का जोड़ने का काम कर रहा था। अचानक हमें गिरने की आवाज सुनाई दी, जब हम उसके कमरे में पहुंचे तो वह बेहोश पड़ा हुआ था। इसके उपरांत आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके उपरांत स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

**डेकोरेशन की दुकान चलाता था मृतक:** श्याम कुमार गांव में ही डेकोरेशन की दुकान चलाता था। वह पेशे से डेकोरेशन मिस्त्री था। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया।करंट के संपर्क में आने से मौत की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है।

# सीएमआर जमा न होने पर 18 बीसीओ पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। गया



सिटी रिपोर्टर| गया गया जिला में अभी भी 91 समितियों ऐसी हैं जहां एक लॉट से अधिक सीएमआर की आपूर्ति करना शेष है। इसमें 18 समितियों में सबसे अधिक सीएमआर जमा करना शेष रहा गया है। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने इन सभी पैक्स अध्यक्षों से इस बाबत पूछताछ की। संतोषजनक जबाव नहीं मिलने के कारण इन अध्यक्षों को फटकार लगाई गई। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अभी तक सीएमआर जमा नहीं करने वाले समितियों की जांच करने और प्रतिदिन इसकी आपूर्ति की समीक्षा करने का निदेश दिया गया है। साथ ही संबंधित प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी पर भी विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कलेक्ट्रेट के सभागार में मंगलवार को डीएम डॉ. त्यागराजन जिला टास्क फोर्स की बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2023-24 अंतर्गत पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा खरीदे गए धान के समतुल्य शत-प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को किए जाने की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान पूछताछ करने पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया द्वारा बताया गया कि इस वर्ष पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा 126908.265 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति हुई है, जिसके समतुल्य 86297.620 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को निर्धारित तिथि 31.07.2024 तक किया जाना है। जिसमें अभी तक 78920.378 मीट्रिक टन (91.45%) सीएमआर की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को की गई है। इन पैक्स में बाकी हैं सबसे अधिक सीएमआर समीक्षा के दौरान पाया गया की केर पैक्स में 11.59 लॉट, असलेमपुर पैक्स में 8.49, नगर पंचायत पैक्स शेरघाटी में 6.42, चिताबकला पैक्स में 5.37, चौबार पैक्स में 5.13, काबर पैक्स में 5.11, भारे पैक्स में 5.10, परसावां पैक्स में 5.10, कुरमावों पैक्स में 4.91, धरहराकलॉ पैक्स में 4.76, एरकी पैक्स में 4.71, मटिहानी पैक्स में 4.63, कपसिया पैक्स में 4.60, केनार पहाड़पुर पैक्स में 4.15, बारी पैक्स में 4.15, भदेजा पैक्स में 4.12, अईमा पैक्स में 4.05 लॉट आदि पैक्सों में सबसे अधिक सीएमआर जमा करना बाकी है।

# गया के जमुने नदी में मिला अज्ञात अधेड़ का शव

निज संवाददाता। गया



गया के टिकारी अनुमंडल के पंचानपुर थाना क्षेत्र से एक शव बरामद किया गया है। शव दिघोरा गांव के पास से गुजर रही जमुने नदी पर बने पुल के सामने से बरामद किया गया है। खास बात यह है कि शव को मिले हुए करीब 2 घंटे से अधिक हो गया। लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस मृतक की तस्वीर अपने वाट्सग्रुप में शेयर की है, ताकि शव की शिनाख्त हो सके। पुलिस इस मामले में आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। लेकिन उसे कहीं से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। बताया जा रहा है कि शव को रात में नदी में किसी ने फेंका है। मृतक स्थानीय नहीं है। मरने वाले की उम्र का अंदाजा करीब 55 साल लगाया जा रहा है। उसका रंग गेंहुआ है। वह सफेद रंग की सैंडो गंजी, भूरे रंग का अंडरवियर और नीले रंग की लूंगी पहने हुए है। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि सुबह 9 बजे के आसपास किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि दिघोरा के निकट जमुने नदी में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि वहां काफी भीड़ लगी है। एक व्यक्ति का शव पड़ा है। डेड बॉडी पर चोट के निशान भी हैं। खून से मृतक की गंजी लाल पड़ी है। सीने में जख्म के गहरे निशान हैं। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने कहा कि मृतक इलाके का रहने वाला नहीं है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार पर एफआईआर , डिप्टी मेयर बोलीं-जहां मिलेंगे वहीं लहरा देंगे...

निज संवाददाता। गया



गया के मेयर गणेश पासवान की अगुवाई में पार्षद कुंदन कुमार ने मंगलवार को शहर के कोतवाली थाने में सूबे के कैबिनेट मंत्री सह नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। इनके अलावे सात से आठ अन्य पार्षदों ने भी शहर के अलग-अलग थानों में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है और उन पर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि 28 जुलाई को रेडक्रॉस भवन में सेन्ट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक आमसभा में सूबे के पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा था कि नगर निगम का दुर्भाग्य है कि गलत लोग चुनकर निगम में आए हैं। इस बात को लेकर मेयर, डिप्टी मेयर सहित पार्षदों ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और मंत्री की गिरफ्तारी की मांग उठाई। इस संदर्भ नगर निगम के सभागार में पार्षदों की एक बैठक हुई, जिसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। सभी ने एकजुटता के साथ मंत्री के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक के बाद मेयर ने प्रेसवार्ता की। इस मौके पर वार्ड पार्षद लाछो देवी, दीपक चंद्रवंशी, चुन्नू खां, नैयर अहमद, ममता किरण, अंजली कुमारी, अल्पमा कुमारी, विनोद यादव, उपेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, गोपाल कुमार, कुंदन कुमार, गुड्डू कुमार, साकेत सिंह उर्फ भगत, जयप्रकाश कुमार, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार, पार्षद प्रतिनिधि ओम यादव आदि मौजूद थे। स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सह पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि सूबे के कैबिनेट मंत्री गया नगर निगम के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। जब वे नगर विकास मंत्री थे, तभी उन्होंने टैक्स वृद्धि व सड़कों के वर्गीकरण को लेकर कई आदेश पारित किया था, आज जनता को बरगला रहे है और दोष नगर निगम पर मढ़ रहे है। कहा कि वे ऐसे लोगों को दुर्भाग्यपूर्ण बता रहे है जो जनता द्वारा चुनकर आए हैं। मंत्री द्वारा दलितों व महिलाओं को अपमानित किया गया है। मेयर ने कहा - मंत्री ने गलत शब्दों का किया प्रयोग मेयर गणेश पासवान ने कहा कि सूबे के कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम के पार्षदों के खिलाफ गलत शब्दों का प्रयोग किया है। एक संवैधानिक पद पर रहने के बावजूद इस तरह की बातें अशोभनीय है। इसकी निंदा करते है। मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने में आवेदन दिया गया है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री से कहा कि वे अपने शब्दों को वापस लेते हुए सार्वजनिक रूप से मांगी मांगें, नहीं तो आंदोलन और तेज होगा।

# बायोटेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर दिया जोर गया में नेशनल सेमिनार का हुआ आयोजन

निज संवाददाता। गया

गया जिले सबसे बड़े माइनॉरिटी कॉलेज मिर्जा गालिब कॉलेज में बायोटेक्नोलॉजी इन ह्यूमन वेलफेयर विषय पर नेशनल सेमिनार आयोजित किया गया। इस मौके पर नोट स्पीकर प्रवीण चन्द्र त्रिवेदी ने कहा कि बायोटेक्नोलॉजी का यदि हमने इस्तेमाल नहीं किया तो हम विश्व स्तर पर पिछड़ जाएंगे। ये सेक्टर रोजगार, स्वरोजगार और स्वास्थ्य से जुड़ा है। इसमें असीम संभावनाएं हैं। यदि आईटी से जुड़ी चीजों का हमने इस्तेमाल शुरू नहीं किया होता तो जो बदलाव वर्क कल्चर में आया है और चीजें आसान हुईं हैं वह नहीं होती। लिहाजा बायोटेक्नोलॉजी का इस्तेमाल जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके विस्तार में सरकार के स्तर से कुछ दिक्कतें आ रही हैं। सरकार वैज्ञानिकों पर भरोसा खुल कर नहीं कर रही है। कुछ एनजीओ भी इस काम में व्यवधान डाल रहे हैं जो कि ठीक नहीं है।

**वैज्ञानिक समाज हित में रिसर्च कर रहे:** वैज्ञानिक समाज हित में ही रिसर्च कर रहे हैं और उसके इस्तेमाल की बात करते हैं। उन्होंने गोल्डन राइस का उदाहरण देते हुए

♦ कहा- वैज्ञानिकों पर खुलकर भरोसा नहीं किया जा रहा

कहा कि जब गोल्डन राइस लाया गया था तो समस्या आई थी। लेकिन आज गोल्डन राइस का लोग तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं। कारण गोल्डन राइस विटामिन ए के डिफिशिएंसी को दूर करता है। सेमिनार के चीफ गेस्ट मगध यूनिवर्सिटी के कुलपति शशि प्रताप शाही ने कहा कि मिर्जा गालिब कॉलेज को आने वाले दिनों में



बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अध्ययन अध्यापन का कीर्तिमान खड़ा करना चाहिए। ताकि ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स को इस सेक्टर का लाभ मिले और देश की तरक्की में योगदान दे सकें।

## उर्वरक दुकानों का नियमित निरीक्षण के निर्देश

# किसानों को समय और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना लक्ष्य

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने जिला उर्वरक निगरानी समिति को उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उर्वरक की कालाबाजारी रोकने और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने पर विशेष जोर दिया है। डीएम ने कहा है कि हमारा प्राथमिक लक्ष्य है कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो। इसके लिए हम थोक और खुदरा विक्रेताओं पर कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने उर्वरक नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06112-231143 पर किसानों की शिकायतों के त्वरित निपटारे का भी आदेश दिया। जिलाधिकारी ने किसान सलाहकारों और संबंधित अधिकारियों को उर्वरक दुकानों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही, अनुमंडलीय स्तर पर धावा जांच दल के गठन और प्रखंड स्तरीय निगरानी समिति की नियमित बैठक करने का निर्देश दिया है।

# पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार, 9 मोबाईल, 25 पेज कस्टमर डाटा बरामद

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** साइबर अपराधियों के खिलाफ नवादा पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को थाना क्षेत्र के चकवाय_बलवापर गांव के बगीचे से 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों के पास से 8 एंड्राइड मोबाइल, 01 कीपैड मोबाइल, 25 पेज कस्टमर डाटा बरामद किया गया। इस संदर्भ में बुधवार को वारिसलीगंज थाना में एसडीपीओ पकरीबरावां महेश कुमार चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव में साइबर अपराधियों द्वारा लोगों से ठगी किया जा रहा है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर उनके नेतृत्व (एससीडीपीओ पकरीबरावां) में एसआईटी का गठन किया गया। जिसमें वारिसलीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा, सब इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। एसआईटी द्वारा सूचना के आधार पर चकवाय बलवापर गांव से पूरब दिशा में स्थित बगीचा में छापामारी की गई। पुलिस को देखकर वहां मौजूद साइबर अपराधी भागने लगे। लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों में पंकज कुमार पिता रमेश शर्मा, रोहित कुमार पिता बोतल राम, रोहित कुमार पिता दिलीप प्रसाद, राजपाल कुमार पिता ललन राम और राहुल कुमार पिता बोतल राम सभी ग्राम चकवाय बलवापर, थाना वारिसलीगंज, जिला नवादा शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। भागने में सफल रहे अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि लोन दिलाने के नाम पर सभी ठगी किया करते थे। बता दें कि वारिसलीगंज थाना इलाके के अपसढ़ गांव से 3 से 4 दिनों पूर्व ही 11 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई थी। इस इलाके में साइबर अपराधियों का ऐसा मकड़जाल है कि आए दिन हजारों लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। नवादा जिले के इस इलाके को लोग बिहार का जामताड़ा बताते हैं। हर माह किसी न किसी स्टेट की पुलिस साइबर अपराधियों की धर पकड़ के लिए दस्तक देती रहती है। जिले की पुलिस भी कार्रवाई करती है, लेकिन समस्या यथावत है, अपराध कम नहीं हो रहा है। मौके पर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा सहित टीम के कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।




## पशु चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

निज संवाददाता

**नवादा।** जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि माह-अगस्त 2024 का एम्बुलेटरी यान पशु चिकित्सा शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित तिथि के अनुसार किया जायेगा। इस शिविर में प्रखंड स्तर पर पशु चिकित्सालय में पंचायतवार स्थल का चयन किया गया है, जिसमें प्रभारी एवं सहयोगी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो निम्नवत हैः- दिनांक 03.08.2024 को प्रखंड-सिरदला, पश चिकित्सालय लौंद बाजार, पंचायत-बड़गॉव, शिविर स्थल-इसमाईलपुर। दिनांक 06.08.2024 को प्रखंड-गोविंदपुर, पशु चिकित्सालय-माधोपुर, पंचायत-माधोपुर, शिविर स्थल -एकतारा। दिनांक 08.08.2024 को प्रखंड-रजौली, पशु चिकित्सालय-सपही, पंचायत-सिरोडावर, शिविर स्थल -बलिया। दिनांक 12.08.2024 को प्रखंड-पकरीबरावां, पशु चिकित्सालय-धमौल, पंचायत-ढ़ोढ़ा, शिविर स्थल-रेवार। दिनांक 21.08.2024 को प्रखंड-कौआकोल, पशु चिकित्सालय-फुलडीह, पंचायत-केवाली, शिविर स्थल-बुकार। दिनांक 23.08.2024 को प्रखंड-मेसकौर, पशु चिकित्सालय-बिजु विगहा, पंचायत-रसलपुरा, शिविर स्थल -रसलपुरा। दिनांक 28.08.2024 को प्रखंड-नवादा सदर, पशु चिकित्सालय-आंती, पंचायत-कादिरगंज, शिविर स्थल-शादीपुर। दिनांक 30.08.2024 को प्रखंड-वारिसलीगंज, पशु चिकित्सालय-दोसुत, पंचायत-मकनपुर, शिविर स्थल-मसुदा। जिला पशुपालन पदाधिकारी, नवादा द्वारा पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

## संदिग्धावस्था में नवविवाहिता की मौत



निज संवाददाता

**नवादा।** नवविवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत हो गयी। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मचा है। घटना की सूचना पर पहुंचे नवविवाहिता के मायके वालों ने ससुरालवालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस ने विवाहिता का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। घटना जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव का बताया गया है, जहां संदिग्धावस्था में नवविवाहित की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुत्री की ससुराल से अचानक मौत की सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान शाहपुर निवासी विपिन यादव की पत्नी खुशी कुमारी के रूप में की गयी है। मृतकि की मां ने बताया कि दो साल पूर्व बेटी गांव के ही एक लड़का गौरी यादव के पुत्र विपिन यादव के साथ भाग कर प्रेम विवाह की थी, जिसके बाद मुकदमा दायर किया, तो लड़का गिरफ्तार होकर जेल गया। जब जेल से बेल होकर आया, तो मायके से रुपये लाने का डिमांड करने लगा। दो साल बीतने के बाद लड़का मेरी बेटी पर मायके से बार- बार 20-30 लाख रुपये लाने का डिमांड कर रहा था। नहीं मांगने पर मेरी बेटी को जान मारने की धमकी दे रहा था और मारपीट व प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतका की मां सुनीता देवी ने बताया कि डिमांड पूरा नहीं होने पर अंत में मेरी बेटी खुशी कुमारी को लक्ष्मीनिया देवी, रूबी देवी एवं रोहित कुमार ने जबरदस्ती जहर खिलाकर उसकी हत्या कर दी। इस बात अकबरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि विवाहिता का शव संदिग्धावस्था में बरामद हुआ है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और मामले के अनुसंधान के बाद पता चलेगा। मृतका के मायके वालों द्वारा जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

## जमीनी विवाद में पिता-पुत्र गम्भीर रूप से घायल, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत के सपही गांव में रैयती जमीन सम्बन्धी विवाद में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा पिता एवं पुत्र की बेहरमी से पिटाई कर दी गई। आसपास के लोगों द्वारा हस्तक्षेप के बाद लड़ाई शांत हुई और घायल पिता एवं पुत्र को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। घायल कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही गांव निवासी लालजीत यादव के पुत्र मिथलेश कुमार यादव ने बताया कि उनका जमीन रजौली थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सपही गांव में भी है। साथ ही बताया कि मेरे खेत के बगल में पड़ोसी मुन्ना साव एवं महेश साव का भी कुछ खेत है। बीते मंगलवार को आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि मेरी जमीन की नापी मुन्ना साव एवं महेश साव द्वारा निजी अमीन की सहायता से किया जा रहा है। सूचना मिलने पर मैं अपने पिता के साथ खेत पर पहुंचा तो देखा कि लगभग एक दर्जन लोग खेत में नापी कर रहा था। जिसका विरोध करने पर सपही गांव के ही स्व जगू यादव का बेटे घुटरा यादव, घुटरा यादव का बेटे विशाल यादव, शशि यादव व सुजीत यादव, परमेश्वर यादव के बेटे परमेश्वर यादव के बेटे अनुज यादव, मनोज यादव एवं धीरेंद्र कुमार के अलावे अन्य लोग लाठी-डंडे से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।इस हमले में मेरा एक हाथ टूट गया एवं सिर फट गया। वहीं मेरे पिता को अंदरूनी चोटें आई है। घायल ने बताया कि मुन्ना साव एवं महेश साव ने दो लाख रुपये देकर उक्त गुंडों को मारपीट करने को कहा है। साथ ही बताया कि मारपीट के सभी आरोपी सवैयाटांड़ के चटकरी गांव स्थित शारदा माइंस पर वर्चस्व को लेकर हुए गोलीकांड में जेल जा चुका है एवं उक्त लोगों द्वारा शराब का धंधा भी किया जाता है। पीड़ित घायल ने यह भी कहा कि गांव में घूम-घूम कर सामान बेचने वालों के साथ मारपीट करके उनसे पैसे भी छीन लेता है। पीड़ित ने बताया कि घटना को लेकर रजौली थाना को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मारपीट को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले को लेकर पुलिस अग्रतर क़ानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

## पाठ्य सामग्री पाकर गदगद हुए छात्र व छात्राएं

**नारदीगंज (नवादा) (नि. सं.)।** प्रखंड के राजकीय मध्य ओड़ो में बुधवार को एफएलएन किट का वितरण कार्यक्रम हुआ। आयोजित कार्यक्रम में ई -शिक्षा कोष के तहत आनलाइन नामंकित छात्र व छात्राओं को एफएलएन किट उपलब्ध कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार ने छात्र व छात्राओं के बीच एफएलएन किट वितरण किया। इस मौके पर पहली से आठवीं तक के ई -शिक्षा कोष के तहत आनलाइन नामंकित 182 छात्र व छात्राएं को एफएलएन किट दिया गया। जबकि 241 छात्र व छात्राएं नामंकित हैं। प्रभारी प्राचार्य ने कहा शेष छात्रों को जल्द आनलाइन नामांकन करने के लिए कहा गया है। प्रधानाध्यापक ने उपस्थित छात्रों से कहा आप लोग प्रतिदिन विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करें। आप सभी बच्चे देश का भविष्य हैं। इस मौके पर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे ने सहमति जताई। मौके पर सचिन कुमार, आर्यन कुमार, लाडली कुमारी, अनुराग, अनुराधा आनन्द समेत अन्य छात्र व छात्राएं को एफएलएन किट उपलब्ध कराया गया।

## बाइक की टंकी एवं सीट में तहखाना बनाकर शराब परिवहन का हुआ खुलासा

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को लागू हुए आठ वर्ष से भी अधिक हो गए हैं। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शराब परिवहन, निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध सघन एवं विशेष अभियान तक चलाये जा रहे हैं। इसके बावजूद भी शराब धंधेबाज रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। वे शराब बेचने के नए-नए तरीके ढूंढते रहते हैं। जिसकी जानकारी पुलिस एवं प्रशासन को सूत्रों से मिलने पर ही कार्रवाई की जाती है। अन्यथा कोई देखकर कह भी नहीं पायेगा कि आमुख कार या बाइक शराब व बियर से भरा पड़ा है या खाली है। ताजा मामला रजौली थाना क्षेत्र का है। जहां दो कम उम्र के युवक शराब के धंधे में जुड़कर पैसे कमाने की दौड़ में कूद पड़े। शराब धंधेबाजों की गुप्त सूचना पुलिस के सूत्रों से मिली और पुलिस धंधेबाजों को रंगे हाथ पकड़ने के लिए इंतजार की। बीती रात्रि धमनी पंचायत के छतनी गांव से दो ग्लैमर बाइक संख्या बीआर31 एए7905 एवं बीआर02एई7122 से दो युवक शराब एवं बियर की खेंप को नवादा ले जा रहे थे। इसी दौरान थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार, पीएसआई रौशन कुमार एवं चौकीदार मनोज कुमार उर्फ पंडित के अलावे सशस्त्र बलों के सहयोग से दोनों युवकों को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में बाइक का डिक्की खाली था। जबकि दोनों बाइकों के सीट के नीचे दर्जनों केन बियर बरामद हुआ। वहीं सघन जांच करने पर पेट्रोल की टंकी को अंदर से काटकर तहखाना बना दिया गया था एवं पेट्रोल हेतु सीट के नीचे एक लोहे की टंकी बनाई गई थी, जो बाइक को तेल आपूर्ति किया करता था। बाइकों के पेट्रोल की टंकी में तहखाने से भी बियर एवं शराब बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस बलों ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर थाना परिसर ले आई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में नायाब तरीके से शराब परिवहन में जुटे दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान सोहदा गांव निवासी रामभजन प्रसाद के बेटे विराज कुमार एवं पुरानी बस स्टैंड निवासी राजेश कुमार चौधरी के बेटे आदित्य कुमार के रूप में हुई है। साथ ही बताया कि शराब एवं बियर से लदे दो बाइकों को भी जब्त किया गया है। जब्त शराब में 750 एमएल के दो बलेंडर्स प्राइड नामक विदेशी शराब एवं 500 एमएल के किंग्सफिशर नामक 34 केन बियर शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने बताया कि वे शराब एवं बियर को धमनी पंचायत के छतनी गांव से नवादा ले जाया करते थे। शराब पहुंचाने के बदले उन्हें 2400 रुपये प्रति खेंप दिया जाता था। साथ ही गिरफ्तार लोगों ने कहा कि इस धंधे में वे बीते दो सप्ताह से शामिल हुए हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार लोगों को बुधवार को स्वास्थ्य जांचोपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



## बड़राजी एवं पाली बाजार बन्द कर यातायात किया बाधित

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल में इन दिनों बिजली की लचर व्यवस्था से स्थिति त्राहिमाम हो गई है। बिजली व्यवस्था दयनीय रहने के कारण हालात काफी गंभीर हो गई है। ऐसे में कौआकोल में ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। बुधवार को प्रखण्ड के पाली,गोला बाजार एवं बड़राजी गांव के ग्रामीणों एवं व्यवसायियों ने लचर विद्युत व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने स्वेच्छापूर्वक बाजार बंद कर आन्दोलन का समर्थन किया। वहीं ग्रामीणों ने कौआकोल-पकरीबरावां मुख्य पथ को गोला बाजार के पास जामकर यातायात सेवा बाधित कर दिया। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे इन प्रदर्शन का स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई सुधि तक नहीं ली गई। जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। समाचार प्रेषण तक ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। बाजार पूरी तरह से बंद जबकि यातायात सेवा ठप है। आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है कि कौआकोल में बिजली की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है, कि लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। बिजली व्यवस्था लचर रहने के कारण जहां एक ओर कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर बाजार भी प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई सहित अन्य सभी कार्यों पर व्यापक असर पड़ रहा है। बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी लापरवाह होकर चैन की नींद सो रहे हैं।




## मामूली विवाद को लेकर दो गोतिया में जमकर हुई मारपीट

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के मुड़कटवा गांव में मामूली विवाद को लेकर दो गोतिया आपस में भीड़ गए। इस दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को परिजनों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।घायलों में कुछ लोगों सिर फट गए थे एवं एक व्यक्ति का हाथ टूट गया था। सभी घायलों के प्राथमिक इलाज होने के बाद दोनों पक्षों ने थाने को लिखित आवेदन दिया है। घायल सच्चिदानंद प्रसाद की पत्नी रेखा देवी ने बताई कि मंगलवार की दोपहर लगभग 12:15 बजे गोतिया सुरेंद्र यादव, बालमुकुंद यादव, दिव्य प्रकाश उर्फ दीपू, विकास कुमार, अंकिता कुमारी उर्फ बुलबुल, अर्चना देवी उर्फ गुड्डी, रेणु देवी एवं पुष्पा कुमारी ने मामूली विवाद को लेकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

## आयुष चिकित्सक को समारोह पुर्वक दी गयी विदाई

निज संवाददाता

**नवादा।** जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी नवादा के प्रांगण में आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नित्यानन्द प्रसाद के अवकाश प्राप्ति के अवसर पर समारोह पुर्वक भावभीनी दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डा. एम. एस. मोहिउद्दीन ने किया। शहर के गणमान्य लोगों कि उपस्थिति में देशी चिकित्सा पदाधिकारी को बुके एवं अंग वस्त्र देकर विदाई दी गयी। आयुष सर्जन डॉ प्रदीप सहित कई लोगों ने उन्हें बुके दिया।सर्व प्रथम डॉ प्रसाद को जिलादेशी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बुके प्रदान कर अंगवस्त्र दिया गया। सभी आगत अतिथि एवं उनके मित्र एवं शुभचिंतकों ने माल्यार्पण किया तथा अपने अपने उद्गार व्यक्त कियी समारोह का संचालन राजेन्द्र तांती ने किया। भंडार पाल सह लिपिक बबन तिवारी ने समारोह में आये अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर देशी चिकित्सक समेत नगर के कई प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।



## कथा सम्राट प्रेमचंद जयंती पर विशेष

निज संवाददाता

**नवादा।** सुप्रसिद्ध बांग्ला कथाकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 'उपन्यास सम्राट' की उपाधि से नवाजे गये प्रेमचंद (31 जुलाई, 1880-08 अक्तूबर, 1936) को 'हिंदी कथा साहित्य का पितामह' भी कहा जाता है। वाराणसी के लमही गांव के एक गरीब कायस्थ परिवार में माता आनंदी देवी व पिता अजायब राय की संतान के रूप में जन्मे तो माता-पिता ने उन्हें धनपत राय नाम दिया था, जिसे बाद में उन्होंने नवाब राय और प्रेमचंद में बदल दिया था। हिंदी का सौभाग्य कि उर्दू, फारसी व अंग्रेजी पर मजबूत पकड़ और उर्दू में शुरुआती लेखन के बावजूद उन्होंने अपनी पत्रकारिता व साहित्य सृजन के लिए हिंदी को चुना। वे स्वयं भी इस मायने में सौभाग्यशाली हैं कि हिंदी जगत की विस्मरण की प्रवृत्ति के बावजूद न उनकी यादों पर विस्मृति की धूल पड़ी है, न ही उनकी कृतियों पर। परंतु विडंबना है कि उनके साहित्यिक अवदानों के घटाटोप के बीच पत्रकारीय सेवाओं को भुला दिया गया है। उनके द्वारा वाराणसी से संपादित व प्रकाशित मासिक 'हंस' और साप्ताहिक 'जागरण' दोनों गवाह हैं कि उनका पत्रकारीय योगदान भी कतई उपेक्षणीय नहीं है। न इन पत्रों में छपी टिप्पणियों, लेखों व संपादकीयों की मार्फत देश की तत्कालीन गोरी सत्ता को चुनौती देने व स्वतंत्रता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिहाज से, न ही हिंदी पत्रकारिता के उन्नयन के लिहाज से। उनके साहित्य के गंभीर अध्येताओं की मानें, तो जैसे कथाकार वैसे ही पत्रकार व संपादक की भूमिका में भी वे महज युगद्रष्टा नहीं, 'समाज के आगे चलने वाली मशाल' बने रहते हैं। इतना ही नहीं, वे जयशंकर प्रसाद व आचार्य रामचंद्र शुक्ल के साथ त्रयी बनाकर पुराने मूल्यों की जगह नये मूल्यों व संस्कारों को प्रतिष्ठित करते भी दिखते हैं। कहते हैं कि 1930 में बसंत पंचमी के दिन उनके द्वारा स्थापित सरस्वती प्रेस से 'हंस' के प्रकाशन से छह महीने पहले उन्हें उसका नाम जयशंकर प्रसाद ने ही सुझाया था। इस सिलसिले में प्रसाद को एक पत्र में उन्होंने लिखा था कि मैं कोई धनी नहीं बल्कि मजदूर आदमी हूं, पर 'हंस' निकालने का निश्चय कर लिया है, क्योंकि काशी से कोई साहित्यिक पत्रिका नहीं निकलती। जाहिर है कि वे इस अभाव की पूर्ति करना चाहते थे, इसीलिए उसके पहले अंक के संपादकीय में लिखा था कि हंस भी अपनी नन्हीं चोंच में चुटकी भर मिट्टी लिये हुए समुद्र पाटने, आजादी की जंग में योगदान देने चला है... साहित्य और समाज में वह उन गुणों का परिचय करा ही देगा, जो परंपरा ने उसे प्रदान किया है। इससे पहले अपने घनिष्ठ मित्र दयानारायण निगम द्वारा संपादित 'जमाना' नामक पत्र में लिखी उनकी शुरुआती टिप्पणियों में भी वे इन गुणों का परिचय कराते दिखते हैं। अपने उपन्यासों व कहानियों ही नहीं, पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित लेखों व संपादकीयों के जरिये भी उन्होंने आजादी के सवाल को खासा तीखा किया और उसके लिए संघर्षरत नायकों में विद्रोह की चेतना जगायी।

## घर के दरवाजे के पास खड़े बाइक को ले भागे चोर, प्राथमिकी दर्ज

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के रजौली पश्चिमी पंचायत के भुसड़ी गांव निवासी कारू राजवंशी के पुत्र प्रह्लाद राजवंशी ने बताया कि बीते 28 जुलाई की रात्रि अपने घर के दरवाजे पर स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या बीआर27एम4256 को खड़ा कर घर के अंदर खाना खा कर सोने के लिए चले गए। जब सुबह हुआ तो घर के दरवाजे पर बाइक नहीं देखने पर काफी खोजबीन करने पर बाइक का पता नहीं चला। उसके बाद थाना को लिखित आवेदन देकर चोरी गई बाइक के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कहा की प्रत्येक दिन की भांति बाइक को घर के दरवाजे पर लगाकर सोने चले गए प्रतिदिन की भांति सुबह उठने पर बाइक नहीं मिलने से काफी खोजबीन किया गया और अपने नजदीकी रिश्तेदारों व दोस्तों से भी बाइक के बारे में पता किया गया। किन्तु कोई जानकारी नहीं मिली तो थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अभी रजौली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना ज्यादा बढ़ गया है।

## त्रिषुल के बाद चला ब्रह्मास्त्र

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** परिचालनिक दक्षता में वृद्धि को लेकर पूर्व मध्य रेल निरंतर क्रियाशील है। इसी क्रम में दिनांक 30.07.2024 को पहली बार एक साथ चार बॉक्सन रेक का संयोजन कर तैयार किए गए ''ब्रह्मास्त्र'' लांग हॉल मालगाड़ी का परिचालन किया गया। लगभग पौने तीन किलोमीटर लंबे ''ब्रह्मास्त्र'' को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गंजख्वाजा से धनबाद मंडल के लिए रवाना किया गया। संयोजन के पश्चात चार मालगाड़ीयुक्त ''ब्रह्मास्त्र'' को गंजख्वाजा से रात लगभग 21.17 बजे धनबाद मंडल के टोरी के लिए रवाना किया गया। लगभग 37.5 किलोमीटर प्रति घंटा की औसत गति के साथ बीडी सेक्शन होते हुए लगभग 335 किलोमीटर की यात्रा के बाद ''ब्रह्मास्त्र'' गढ़वा रोड के रास्ते धनबाद मंडल के अंतर्गत 07.25 बजे टोरी पहुंची। परिचालन की दृष्टि से पूर्व मध्य रेल का पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम रेल मंडलों में से एक है। रेल परिचालन को गतिमान रखने के साथ धनबाद मंडल से कोयला आदि के त्वरित परिवहन हेतु परीक्षण कर लदान हेतु तैयार खाली मालगाड़ियां नियमित उपलब्ध कराने में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की अति महत्वपूर्ण भूमिका है।

पूर्व मध्य रेल
ई—निविदा सूचना
ई—निविदा नोटिस सं० — 16 ऑफ 2024—25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ—साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती है।
(i) निविदा सं०—11—डीडीयू—व०मं०इंजी०—।।—24—25, कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर (।।)/डीडीयू के अधीन डेहरी—ऑन—सोन स्टेशन पर 01 सेट (02 एस्केलेटर) का प्रावधान। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹74,23,815.01 (iii) धरोहर राशि : ₹1,48,500/—, (iv) ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 20.08.2024 को 12:00 बजे तक। (v) बेवसाईट पर ई—निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.
नोट : हिन्दी पाठ में किसी प्रकार की असंगति पाए जाने पर अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00800/डीडीयू/अभि./टी/24—25/32

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई—निविदा के रूप में खुली ई—निविदा आमन्त्रित किया जाता है।
निविदा संख्या एवं तिथि : ई.एल.—जी—एसपीजे—15—ईटी—24—25, दिनांक : 29.07.2024, 1. कार्य का नाम तथा स्थान : समस्तीपुर विद्युत विभाग में सामान्य कार्य का रखरखाव और मरम्मत दो साल के हेतु। 2. कार्य की अनुमानित लागत : : ₹1,83,67,924.56/—, 3. बयाने/निविदा सुरक्षा की राशि : ₹2,41,800/— निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. (शून्य) 4. प्रस्ताव की वैधता (दिन) : 60 दिन, 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई—निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 20.08.2024 को 12.00 बजे, ई—निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.08.2024 को 12.30 बजे, 6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वेबसाईट - www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (वि०) कार्यालय/समस्तीपुर
नोट : उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइटः पर अपलोड कर दिया जाएगा।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/00804/एसपीजे/ईजीईएन/टी/24—25/40

## संक्षिप्त समाचार

### जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में मनाया शिक्षक सप्ताह

**आरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट) पिरौटा में शिक्षक सप्ताह मना। इसके अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान दिवस को संस्थान के डीएलएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के द्वारा मनाया गया। प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश तिवारी द्वारा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों के बारे में बताया गया।

### भ्ष्टाचार के विरुद्ध सर्वदलीय संघर्ष समिति ने दिया धरना

**आरा।** सर्वदलीय संघर्ष समिति ने जेपी प्रतिमा के समक्ष अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। इनकी मुख्य मांगों में नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, विकास कार्यों का घोर अभाव, अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज-परिमार्जन एवं अन्य कार्यों में कमीशनखोरी, बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट-खसोट, नियमित बिजली आपूर्ति की कमी, सदर अस्पताल में कर्मियों का बुरा बर्ताव एवं जन सुविधाओं का घोर अभाव से संबंधित मुद्दे शामिल थे।

### प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**आरा।** राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय में जिला शिक्षा विभाग, भोजपुर के नेतृत्व में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय टीम का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान) के चंदन प्रभाकर एवं विजय कुमार सिन्हा, शिक्षक शिक्षा समन्वयक सह दीक्षा समन्वयक ने संयुक्त रूप से किया।

### उमस वाली गर्मी से परेशानी

**बक्सर।** बारिश नहीं होने से उमस वाली गर्मी से लोग परेशान हैं। इसके साथ-साथ धान की रोपनी भी प्रभावित हो रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जिसके कारण दिन के साथ रात में भी उमस भरी गर्मी सता रही है।

### श्रद्धांजलि समारोह का किया गया आयोजन

**बक्सर।** मानकीदेवी के तेरहवीं पर नगर के ज्योति प्रकाश चौक स्थित व्यवसायी पांडेय ब्रदर्स के मानकी निवास में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिलेभर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, व्यवसायी व समाजसेवियों ने पहुंच कर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। आसा पर्यावरण सुरक्षाके जिला संयोजक विपिन कुमार ने मानकीदेवी के पौत्र दीपक पांडेय, प्रकाश पांडेय को पौधा भेंट करपर्यावरण बचाओ का सन्देश देते हुए उन्हें अपनी दादी के नाम पर इस पौधे को लगाकर उसे सेवा करने का सुझाव दिया। तेरहवींपर स्व मानकीदेवी के पुत्र राजेंद्र पांडे, योगेंद्र पांडे, निगम पांडे, अगम पांडे, सुगम पांडे के साथ पौत्र दीपक पांडे, प्रकाश पांडे, अनुराग पांडे,अमित पांडे, राकेश पांडे, अनूप पांडे, डॉ आदित्य, प्रदीप पांडे, प्रपौत्रआशुतोष, हरिओम, ओम नारायण, अथर्व, सत्यम, अलंकृत शामिल रहे।श्रद्धांजलि समारोह में सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ़ मुन्ना तिवारी, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### जीबीओ उच्च विद्यालय में प्रतिमाओं का अनावरण

**ब्रह्मपुर।** जीबीओ उच्च विद्यालय के प्रांगण में संस्थापक द्वय ध्रुवीगण ओझा एवं राजेश्वर ओझा पूर्व प्रधानाध्यापक की प्रतिमाओं का अनावरण विधायक शंभूनाथ यादव ने किया। समारोह का उद्घाटन पंच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में द्वय संस्थापक के कृतियों को भुलाया नहीं जा सकता है। शिक्षा से ही बेहतर समाज का निर्माण सम्भव है। इसके लिए सभी को आगे आने की जरूरत है, ताकि शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं ने अपने गीत संगीत व नृत्य के माध्यम से समारोह में चार चांद लगा दी। पूर्व प्रधानाध्यापक जगदीश चंद्र ओझा ने इस अवसर पर विद्यालय के ऐतिहासिक बातों की चर्चा की। सभा की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक फरहत अफसा एवं संचालन डॉ अशोक कुमार राय ने किया। इस अवसर पर प्रो श्याम जी मिश्रा, पूर्व प्रधानाध्यापक रामानंद सिंह, प्रत्यूष चंद्र ओझा, निर्मल कुमार, एहतराम अशरफ, मो. इकबाल, माया कुमारी, विजय लाल, संतोष, सतीश चंद्र ओझा, अवधेश ओझा, सत्येंद्र पाठक, अजय उपाध्याय, ओम प्रकाश, सतीश ओझा मौजूद रहे।

### 9 अगस्त को MBA-MCA...13 अगस्त को PG की परीक्षा, नामांकन से पहले होगा पात्रता एग्जाम

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय इस बार पीजी सत्र 2024-26 के नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा लेगी। इस सत्र में अब तक 12 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां विभाग और नामांकन विभाग द्वारा की जा रही है। परीक्षा नियंत्रक डॉ.अनवर इमाम ने बताया कि PG में एडमिशन को लेकर पात्रता प्रवेश परीक्षा 13 अगस्त को ली जाएगी। जिसकी आवेदन की अंतिम तारीख 1 अगस्त है। विश्वविद्यालय के 20 पीजी विभाग और 9 अंगीभूत कॉलेज को मिलाकर पीजी में कुल 5600 सीट निर्धारित है। वहीं, डॉक्टर अनवर इमाम ने बताया कि MBA-MCA विभाग में सत्र 2024-26 में नामांकन को लेकर होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारी हो गई है। यह परीक्षा 9 अगस्त को ली जाएगी। इसका एडमिट कार्ड अगले सप्ताह जारी कर दिया जाएगा। दोनों पाठ्यक्रमों में नामांकन को लेकर 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। MBA में नामांकन के लिए 60 सीट, जबकि MCA में सीट है। इधर, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में स्नातक सेमेस्टर वन सत्र 2024-28 में नामांकन को लेकर तीसरी मेरिट लिस्ट 2 अगस्त को जारी होगी। दूसरी मेधा सूची से एडमिशन की तिथि मंगलवार को समाप्त हो गई है। नामांकन लेने वाले विद्यार्थी आज बुधवार तक अपने कागजात का सत्यापन कराएंगे। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर क सिंह ने बताया कि 2 तीसरी मेधा सूची जारी होने के बाद ऑन द स्पॉट प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अब तक करीब 56 हजार नामांकन हुआ है।

### भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी का आज बुधवार को विस्तृत जिला कार्यसमिति की बैठक धनुपरा स्थित विजन रॉयल रिसोर्ट में होगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया बैठक में उप मुख्यमंत्री कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि विजय कुमार सिन्हा शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री का आगमन 11 बजे दिन मे होगा। रजिस्ट्रेशन सुबह नौ बजे से दस बजे तक होगा। बैठक मे जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधी, प्रदेश पदाधिकारी, सदस्य, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी सहित वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ कन्हैया सिंह,गंगाधर पांडेय, महेश पासवान, भाजपा नेता रामदिनेश यादव, राजेन्द्र तिवारी, जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी, मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,निशांत सिंह सेंगर,जयंत किशोर, मणी कुमार, भुनेश्वर ठाकुर सहित नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल का समीक्षा किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस बार का जिला कार्यसमिति विस्तृत हो रहा है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 117 लोगों की हुई जांच

**बक्सर।** रोटरी क्लब बक्सर द्वारा सत्र 2024-25 का पहला सकारात्मक स्वास्थ्य शिविर नगर के श्रीचन्द्र मंदिर परिसर में मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। इस दौरान निशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, वजन एवं लंबाई की जांच की गई। शिविर में कुल 117 लोगों की जांच की गई। मालूम हो कि रोटरी क्लब द्वारा पिछले वर्षों प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में डॉ सौरभ राय, डॉ एस सी पांडे के द्वारा मरीजों को उचित परामर्श एवं दवाएं दी गई। शिविर में रोटरी अध्यक्ष मनीष पांडे, सचिव मनोज वर्मा, ट्रेजर मंजेश केसरी, एजी सौरभ तिवारी, आईपीपी राजेश केसरी, संजय सराफ, अनिल मानसिंहका, अनिल केसरी, सुनील कुमार थे।

# घर के बाहर टहल रहा था मार दी गोली, चल रहा इलाज

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के दलसागर गांव में मंगलवार की देर शाम एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। गोली युवक की कमर के नीचे पिछले हिस्से में लगी है। आनन-फानन में युवक को सदर अस्पताल ले जाया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर औद्योगिक थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। घायल युवक से बयान ली है जिसने दो तीन लोगों का नाम लिया है। दो तीन अज्ञात लोगों की भी जानकारी दी है। जिसके आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। मामला औद्योगिक थाना क्षेत्र का है। मंगलवार की देर शाम घरभरन कमकर अपने घर के दरवाजे के पास खाना खाने के बाद टहल रहा था। तभी लगभग पांच संख्या में पहुंचे अपराधियों ने गोली चला दी।जो गोली घरभरन कमकर के पीछे कमर के नीचे जा लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से पैदल ही भाग निकले। गोली चलने की आवाज सुन आस पड़ोस के लोग भी इकट्ठा हो गए और आनन-फानन में युवक को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां युवक का इलाज चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा घटना की जांच की जा रही हैं। घटना की पुष्टि करते हुए बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि इलाजरत युवक से पुलिस ने बयान लिया है।जिसने दो तीन लोगो का नाम लिया है। दो तीन अज्ञात लोगों की भी जानकारी दी है।उसके आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गोली मारने का कारण पूछने पर डीएसपी ने कहा कि ज्यादा पूछताछ नहीं किए हैं, लेकिन अनुमान लग रहा है कि ये घटना पूर्व के विवाद में हुआ है।

♦ घायल ने 3 लोगों के बताए नाम

# भोजपुर में हथियार के साथ 1 शातिर बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र अन्तर्गत मोलाचक मोड़ के समीप से पुलिस ने छापेमारी कर किसी वारदात को अंजाम देने जा रहे एक बदमाश को अवैध हथियार व कारतूस समेत रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी सदर एएसपी परिचय कुमार ने दी। गिरफ्तार अनीश कुमार उदवंतनगर थाना के रघुनीपुर गांव का निवासी है। एक देसी पिस्तौल व 11 कारतूस बरामद किया गया है। एक बाइक जब्त की गई है। पुलिस पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगा रही है।अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर एक प्राथमिकी की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश पासवान चौक के रास्ते चौरसनी की ओर हरवे-हथियार से लैस होकर बाइक से किसी घटना को अंजाम देने जा रहा है। इसके बाद थानाध्यक्ष हरि प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मोलाचक मोड़ के पास घेराबंदी करते हुए बाइक सवार बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। तलाश के दौरान एक देसी पिस्टल व 11 कारतूस बरामद किया गया। टीम में पीटीसी मनीष कुमार सिंह, सिपाही अयोध्या यादव एवं अजय कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस प्राथमिकी करते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

♦ आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने धर-दबोचा

## बैठक से नदारद बीडीओ के वेतन पर रोक



निज संवाददाता। बक्सर

मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने ग्रामीण विकास विभाग व पंचायती राज विभाग की योजनाओं एवं अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में बीडीओ को निर्देश दिया गया कि पूर्ण 13 पंचायत सरकार भवनों का सुचारू रूप से संचालन कराते हुए पंचायत स्तरीय कर्मियों की उपस्थिति शत प्रतिशत कराएं, जिससे कि आम जनों को पंचायत स्तर पर सुविधा प्राप्त हो सके। इसके साथ-साथ यथासंभव पंचायत सरकार भवन में स्थानीय बैंक अथवा सीएससी एवं पुस्तकालय का संचालन कराया जाए। निर्माणाधीन 18 पंचायत सरकार भवन के संबंध में जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी भवनों के कार्य समापन की तिथि से अवगत कराएं। डीएम की बैठक में राजपुर बीडीओ बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। इस पर उनसे कारण पूछते हुए उनके वेतन निकासी पर रोक लगाने हेतु निर्देश दिया गया। जिला परिषद, पंचायत समिति एवं पंचायत स्तर पर लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र के समायोजन को लेकर सभी बीडीओ एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र लंबित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कराएं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत 136 के विरूद्ध 121 अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण पूर्ण हुआ है। इस पर डीएम ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शेष अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निमार्ण कार्य शीध्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के क्रियाशीलता की समीक्षा के क्रम में यूजर चार्ज वसूली में प्रगति असंतोषजनक पाई गई। इस संबंध में यूजर चार्ज वसूली में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया तथा लापरवाही बरतने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों को चयन मुक्त करने का निर्देश दिया गया।

# भोजपुर सड़क हादसे में युवक की मौत रोपनी के लिए लेबर खोजने जा रहा था

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के पसौर गांव के पास बुधवार की सुबह सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार वालों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीण और परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद शव को सड़क के बीचोंबीच रखकर मुआवजे की मांग को लेकर पसौर गांव के पास सड़क जाम कर दिया। मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के खरांटी गांव वार्ड नंबर 1 निवासी स्व हरेंद्र सिंह का बेटा नागेंद्र कुमार सिंह(24) है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के चचेरे भाई राज कुमार सिंह ने बताया कि नागेंद्र अपने खेत में रोपनी कराने के लिए बाइक से पसौर लेबर खोजने के लिए जा रहा था। इसी बीच पसौर गांव के पास सामने से आ रहे बेलगाम स्कार्पियो ने उसे चकमा दे दिया। इससे उसकी बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में नागेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ समय बीत जाने के बाद ग्रामीणों ने हादसे की खबर परिजनों को दी। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जाम की खबर सुनते ही अंचलाधिकारी चंदन चौधरी, चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटवाया। इसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक के घर में पत्नी सुनीता देवी, एक बेटा रजनीश कुमार और एक बेटी सुमन कुमारी है। मृतक पेशे से किसान था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## जीबीएम कॉलेज में हिन्दी विभाग द्वारा मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर लघु संगोष्ठी का आयोजन

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 144 वीं जयंती पर हिन्दी विभाग की ओर से एक लघु-संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी, हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ सुरबाला कृष्णा, राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ शगुफ्ता अंसारी, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कुमारी एवं उपस्थित छात्राओं ने मुंशी प्रेमचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण करके किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. माँझी ने लघु-संगोष्ठी के विषय 'प्रेमचंद का साहित्य एवं वर्तमान समय' पर अपने सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने छात्राओं को प्रेमचंद की जीवनी और कृतियों से परिचित करवाया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने छात्राओं से मुंशी प्रेमचंद के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी रखने की बात कही क्योंकि प्रेमचंद को पढ़े बिना हिन्दी साहित्य की जानकारी बिल्कुल अधूरी है। उन्होंने हिन्दी विभाग को इस आयोजन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखे गये 'गबन', 'सेवासदन', 'निर्मला', 'गोदान' 'कर्मभूमि', 'रंगभूमि', 'प्रतिज्ञा', 'वरदान' जैसे चर्चित उपन्यासों के प्रसिद्ध चरित्रों का स्मरण दिलाते हुए अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने एक उपन्यासकार के रूप में मुंशी प्रेमचंद की लोकप्रियता का मूल कारण उनके द्वारा चयनित महत्त्वपूर्ण सामाजिक विषयों और विषयों के अनुरूप प्रयुक्त सरल, सहज व मनोविश्लेषणात्मक भाषाशैली को ठहराया। डॉ रश्मि ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी कहानियों एवं उपन्यासों में समाज के हर वर्ग की मानवीय संवेदनाओं को स्पर्श करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने दलितों, शोषितों, पीड़ितों एवं उपेक्षितों की समस्याओं पर अपनी लेखनी चलाते हुए साहित्य द्वारा भारतीय समाज में सुधार लाने का यथासंभव प्रयत्न किया है। डॉ रश्मि के अनुसार, प्रेमचंद जयंती समारोह मनाना तभी सार्थक होगा जब छात्राएं नियमित रूप से पुस्तकालय जाकर प्रेमचंद द्वारा लिखित उपन्यासों एवं कहानियों को पढ़ें, उनमें चित्रित भारतीय समाज की समस्याओं की गंभीरता को समझकर समाज में मौजूद विसंगतियों पर अपनी भी लेखनी चलायें। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय पत्रिका 'गरिमा' के लिए भी छोटी-छोटी कविताएँ और कहानियाँ लिखने को प्रेरित किया। डॉ शगुफ्ता अंसारी ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखी कहानी 'बड़े घर की बेटी' एवं 'ईदगाह' पर प्रकाश डाला। प्रेमचंद की सभी कहानियों को रोचक तथा समाजोपयोगी ठहराते हुए कार्यक्रम में छात्राओं की सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा की। डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ. सुरबाला कृष्णा ने मुंशी प्रेमचंद के उपन्यासों



एवं कहानियों को हृदयस्पर्शी एवं मार्मिक बतलाते हुए अपने विचार रखे। संगोष्ठी में छात्रा मानसी कुमारी, नैना कुमारी, स्वाति कुमारी, पूजा कुमारी ने भी मुंशी प्रेमचंद की प्रतिनिधि कहानियों में से 'बड़े घर की बेटी', ईदगाह, 'ठाकुर का कुँआ', 'पूस की रात', क़फ़न, 'दो बैलों की कथा', 'सवा सेर गेहूँ' आदि पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित कहानी 'पंच-परमेश्वर' पर आधारित वृत्तचित्र भी दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा दीपशिखा मिश्रा एवं शैली पाठक ने किया।

### गायब कम्प्यूटर व्यवसायी का नहीं मिला सुराग

**बक्सर।** बक्सर शहर के बुधनपुरवा मोहल्ले के गायब कम्प्यूटर व्यवसायी का सुराग अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। परेशान परिजन मंगलवार को एसपी मनीष कुमार से मिल कर तलाश करने की गुहार लगाई। परिजनों ने शहर के एक कपड़ा व्यवसायी पर गायब करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ भी किया हालांकि पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। परिजन काफी परेशान है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-एससीएडीए-केएएन-जीएमएएन, दिनांक 30.07.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में खाना-गुमानी अनुभाग में एससीएडीए प्रणाली के अनुकूल बनाने के लिए रिले के प्रतिस्थापन के साथ आरटीयू का उन्नयन। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 63,04,484.93; **बयाना राशिः** रु. 1,26,100; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीखः** 09.08.2024; **समापन अवधिः** 09 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 23.08.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 30.07.2024 को अपराह्न 02.25 बजे।
(HWH-194/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-बीडब्ल्यूएन-बीजीएनए-24-25, दिनांक 30.07.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** अनुसूची-एः हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-बलगोना अनुभाग में किमी. 2/13-14 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 1/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। अनुसूची-बीः हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-बलगोना अनुभाग के बीच किमी. 9/4-5 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 4/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। अनुसूची-सीः हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-बलगोना अनुभाग के बीच किमी. 16/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 8/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। अनुसूची-डीः हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-बलगोना अनुभाग के बीच किमी. 16/17-18 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 9/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। अनुसूची-ईः हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-बलगोना अनुभाग में किमी. 21/8-9 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 13/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। अनुसूची-एफः हावड़ा मंडल के बर्द्धमान-बलगोना अनुभाग में किमी. 23/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 14/सी/ई के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे का निर्माण। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,63,79,678.54; **बयाना राशिः** रु. 2,31,900; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीखः** 09.08.2024; **समापन अवधिः** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 23.08.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समयः** 29.07.2024 को रात 07.05 बजे। (HWH-191/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलएस-एएसएन-पीयू-पेंट-24, दिनांक 26.07.2024;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरएस, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रमाणिक अनुभव एवं नीचे उल्लिखित कार्य को सम्पूर्ण करने की वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से खुली निविदा के आधार पर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैंः **कार्य का नाम एवं उसका स्थानः** इलेक्ट्रिक लोको शेड, आसनसोल में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिवों की पॉलियूरेथिन पेंटिंग। **निविदा मूल्यः** रु. 48,01,027.72; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 3,000; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समयः** दिनांक 28.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे बंद होगी तथा अपराह्न 3.00 बजे खोली जाएगी। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (ASN-132/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-17, दिनांक 30.07.2024;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले वांछित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैंः **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2024-25-17, कार्य का नामः** कार्यों का निम्नलिखित टीआरडी भाग-(क) आसनसोल मंडल के सीतारामपुर-प्रधानखांटा अनुभाग में औसतन कंटैक्ट एवं कैटेनरी वायर के प्रतिस्थापन के साथ सम्पूर्ण असेम्बली (चरण- I)। (ख) आसनसोल मंडल-प्रति घंटे 160 किमी तक गति बढ़ाने के मद्देनजर आसनसोल मंडल में मेन लाइन पर 2.36 मी तक इम्प्लांटेशन वाले बचे हुए (लगभग 870 अदद) क्रिटिकल मॉस्ट/पोर्टल/टीटीसी का प्रतिस्थान (चरण-XIII)। **निविदा मूल्यः** रु. 34,33,22,652.20; **बयाना राशिः** रु. 18,66,600; **खुलने की तारीख एवं समयः** 09.09.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **कार्य समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 18 महीने। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तारीख से 90 दिन। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (ASN-134/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार


### शिक्षक संघ ने अवकाश संबंधित जारी निर्देश पर जताई आपत्ति

**मुंगेर।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सुरेश मालाकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सदर मुंगेर द्वारा जारी विद्यालय निरीक्षण से संबंधित पत्र पर आपत्ति जाहिर की है। जिसमें 14 बिंदुओं पर सदर, मुफ्फसिल मुंगेर के सभी प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधान को सख्त निदेश दिया गया है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा विद्यालय निरीक्षण के समय सभी 14 बिंदुओं पर जांच की जाएगी। खासकर अवकाश से संबंधित आवेदन प्रधानाध्यापक के ज्ञापांक, दिनांक एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुमति के बाद ही मान्य होंगे पर एतराज जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के आदेश देना गैर संवैधानिक ही नहीं बल्कि प्रधानाध्यापकों के अधिकार का हनन है। उन्होंने कहा कि प्रभारी या प्रधानाध्यापक का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार विद्यालय शिक्षा समिति/ प्रबंध समिति के अध्यक्ष को है। क्या अध्यक्ष भी अब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से आदेश प्राप्त कर प्रधानाध्यापक का अवकाश स्वीकृत करेंगे।

### पानी के लिए खाली बाल्टी और डिब्बा लेकर सड़क पर उतरीं महिलाएं, पीएचईडी के खिलाफ की नारेबाजी

**सबौर।** लोदीपुर पंचायत में लोदीपुर मैदान के पास नल-जल योजना से कराई गई बोरिंग का मोटर खराब होने से इस पंचायत के वार्ड 5,6 और 7 में पिछले पांच दिन से पानी की आपूर्ति बंद है। इन तीनों वार्डों के 1500 से अधिक की आबादी पानी के लिए इधर-उधर भटक रही है। पांच दिन से पानी की किल्लत झेल रहीं महिलाओं का सब्र मंगलवार को टूट गया और वे खाली बाल्टी, डिब्बा लेकर सड़क पर उतर गईं। इस दौरान महिलाओं ने पीएचईडी के अफसरों के खिलाफ नारेजाबी की। महिलओं का कहना था कि पांच दिन से मोटर खराब है। इस भीषण गर्मी में हम पानी के लिए भटक रहे हैं। निजी बोरिंग या दूसरी पंचायतों में लगी बोरिंग से पानी ढोकर ला रहे हैं। सुबह होते ही घर का काम छोड़कर बाल्टी-डिब्बा लेकर पानी लेने के लिए निजी बोरिंग के पास जुटते हैं। लेकिन इस गंभीर समस्या पर न तो पंचायत प्रतिनिधि और न ही पीएचईडी के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं। चार साल पहले पीएचईडी ने कराया था बोरिंग मुखिया के प्रतिनिधि मो. तसलीम ने बताया कि सात निश्चय योजना के तहत चार साल पहले पीएचईडी ने यहां बोरिंग कराया था। शुरुआत में बोरिंग से बालू और मिट्टी युक्त पानी निकल रहा था। काफी मशक्कत करने के बाद पीएचईडी ने इस समस्या को दूर किया। अब पांच दिन से मोटर खराब होने से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। ठेकेदार को फोन कर मोटर खराब होने की जानकारी भी दी गई। लेकिन वह अब तक सिर्फ आश्वासन दे रहा है।

### भोलेनाथ बने दूल्हा, कोलकाता के कांवरिया निकले वैद्यनाथ धाम



**मुंगेर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान कच्ची कांवरिया पथ पर दिन रात बाबा की जयकारे से रास्ता गूंजते रहते हैं। इस पथ पर बाबा के भक्त अलग-अलग अंदाज में बाबा बैजनाथ जाते है। इसी क्रम में मंगलवार की शाम कोलकाता से खोलानाथ महादेव कांवरिया संघ के 45 कांवरियों का जत्था बाबा भोलेनाथ को दूल्हा बनाकर नंदी पर बिठाकर बाबाधाम देवघर ले जाते दिखे। नंदी एवं बाबा भोलेनाथ की आकर्षक प्रतिमा कच्ची कांवरिया पथ पर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मार्ग में जगह-जगह आकर्षक कांवर को देखने की भीड़ लगी गई। बाबा भोलेनाथ एवं नंदी के सिर पर पगड़ी बांधे हैं। जत्था के मुख्य संरक्षक संदीप यादव बम ने बताया कि उज्जैन के महादेव थीम पर प्रेरित होकर बाबा भोलेनाथ को दूल्हा बनाकर नदी पर सवार कर देवघर ले जा रहे हैं। हर सोमवार को उज्जैन में बाबा भोलेनाथ की पालकी इसी तरह निकाली जाती है। वहीं, अजीत साह ने बताया कि नंदी और भोलेनाथ के सजे कांवर बनाने में एक माह का समय लगा और लगभग एक लाख 20 हजार रुपए खर्च आए। बता दें कि श्रावणी मेला के दौरान कच्ची कांवरिया पथ पर एक ओर जहां रोजाना अलग-अलग तरह के आकर्षक कांवर लेकर कांवरिया देवघर जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कई ऐसे भी भोले बाबा के भक्त हैं, जो बाबा को खुश करने के लिए अपनी साधना में लीन होकर कोई दंडवत देकर तो काई गुलाटी देते हुए देवघर जा रहे हैं।

### मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का आज दूसरे दिन भी धरना, प्रोन्नति की अधिसूचना जारी करने की है मांग

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ समन्वयक समिति के सदस्य अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दूसरे दिन भी शाम में धरने पर बैठे। इनकी मुख्य मांग प्रोन्नति की अधिसूचना जारी करना है। इसकी अध्यक्षता समन्वय समिति के संयोजक डा. देवराज सुमन ने की। संयोजक ने कहा कि नियमानुकूल प्रोन्नति की सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। राजभवन के निर्देशानुसार इस प्रक्रिया को शुरू किया तथा सभी कमेटियों के माध्यम से इसे पूरा किया गया है। इसकी सूची भी तैयार हो चुकी है। इस अधिसूचना को जारी करने में लेट-लतीफ हो रहा है। कहा कि शिक्षकों को ससमय प्रोन्नति मिलनी चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र इसे अधिसूचित कर दे। इसके तहत लगभग 80 शिक्षकों की सूची तैयार हो चुकी है। हमलोग कार्यरत शिक्षक हैं। इसलिए हमलोग अपने-अपने कार्य का संपादन कर तीन से पांच बजे के बीच धरना पर आते हैं। विश्वविद्यालय के अधिकारी भी हमारी मांगों के पक्ष में हैं। धरना में एमयू के वित्त पदाधिकारी डा. रंजन कुमार, पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार डा. अंशु कुमार राय, डीएसडब्ल्यू डा. भवेश चंद्र पांडेय, खेल पदाधिकारी डा. ओम प्रकाश, डा. अभय कुमार, बीआरएम कालेज के प्राचार्य डा. अजीत कुमार ठाकुर, डा. चंदन कुमार, कंचन कुमारी, प्रो. सत्यादित्य कुमार सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

### मुंगेर नगर निगम के हर वार्ड में लगेंगे 50 पौधे, प्रमंडलीय आयुक्त ने की शुरुआत

**मुंगेर।** जल जीवन हरियाली योजना के तहत निगम के क्षेत्र के 45 वार्डों में पौधारोपन किया जाएगा। जिसकी शुरूआत आज मंगलवार से हो गई। पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन कंपनी गार्डन में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह, डीआइजी संजय सिंह, एसपी सैयद इमरान मसुद, महापौर कुमकुम देवी, उपमहापौर खालिद हुसैन के अलावा नगर आयुक्त निखिल धनराज के द्वारा पौध रोपन कर इसकी शुरूआत की गई। इस मौके पर मेयर कुमकुम देवी ने बताया कि बिहार सरकार की जल जीवन हरियाली योजना के तहत निगम क्षेत्र को हरियाली से सजाया जाएगा। इससे फायदा होगा कि आने वाले समय में पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर बनेगा। वहीं उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी वार्ड पार्षद को भी जिम्मेदारी दिया गया है कि अपने-अपने वार्ड में पौधे की रक्षा स्वयं करेंगे। साथ ही आम लोगों को पौधा लगाने के लिए जागरूक करेंगे। सभी वार्ड में निगम की ओर से 50 पौधा लगाया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया कि मेयर के अनुरूप प्लान तैयार किया गया है। इसके अलावा क्षेत्र के सभी लोगों के आग्रह है कि एक पौधा जरूर लगाएं। अभी जो स्थिति है कि बारिश कम हो रही है, अगर यही पौधा बड़ा हो जाएगा, तो पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर होगा।

### 200KG, 10 फीट ऊंचा कांवर लेकर बाबा धाम निकले कांवरिया,

# कांवरियों के दिख रहे कई रूप, कोई बना श्रवण कुमार तो कोई साइकिल से निकला जलाभिषेक के लिए

**निज संवाददाता। भागलपुर**

देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में भगवान भोले नाथ को जलाभिषेक करने के लिए कांवरिए लगातार पहुंच रहे हैं। इस दौरान भागलपुर के सुल्तानगंज से गंगाजल उठाने के दौरान कांवरियों के कई रूप देखने को मिल रहे हैं। कोई 10 फीट ऊंचा और 200 किलो वजनी प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के स्वरूप का कांवर लेकर देवघर जा रहा है तो कोई श्रवण कुमार की तरह बहंगी पर अपने माता-पिता को बैठा जलाभिषेक के लिए निकला है। तो वहीं कोई पटना से साइकिल से ही सनातन धर्म का संदेश देते हुए देवघर जा रहा है।

**सेल्फी के लिए लोगों की उमड़ पड़ी भीड़ः** बुधवार को नेपाल का प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर का स्वरूप बनवा कांवरिया बाब वैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रवाना हुए। झारखंड के चाईबासा के नीलकंठ समिति द्वारा बनाया गया 10 फीट ऊंचा और 200 किलो के कांवर को 15 कांवरियों का जत्था लेकर देवघर रवाना हुआ। कांवर के साथ जगह-जगह सेल्फी लेने को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

**5 साल से बनवा रहे अलग-अलग स्वरूप का कांवरः** समिति के अध्यक्ष अमन साव बताते हैं कि 5 सालों से हम लोग लगातार अलग-अलग प्रतिमा का कांवर बनाकर बाबा को जल अर्पित करते हैं। पिछले साल रामेश्वरम मंदिर का प्रतिमा बनाकर देवघर गए थे। इस बार नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की आकृति का कांवर बनाकर जा रहे हैं। इसको बनाने में एक महीने का समय लगा है। इसे एंगल, रोला, बांस की चटाई, थर्माकोल आदि से बनाया गया है। वहीं, उन्होंने बताया कि कच्ची कांवरिया पथ में वृक्ष होने की वजह से उस ओर से कांवर नहीं ले जा सके। इसको चार कांवरिया खींच कर चलते हैं। हम लोगों का 15 कांवरियों का जत्था है। हम लोग सुल्तानगंज से जल भर कर बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने बाबा धाम जा रहे हैं।

**सनातन धर्म को आगे तक ले जाने का उद्देश्यः आकाशः** वहीं, पटना निवासी आकाश कुमार साइकिल से देवघर के लिए



रवाना हुए। उन्होंने बुधवार को सुल्तानगंज से गंगा जल उठाया।

इसी दौरान वो सनातन धर्म का संदेश देकर लोगों को अपनी सभ्यता संस्कृति के प्रति जागरूक किया। वो रास्ते में जगह-जगह रुककर लोगों को सनातन धर्म के महत्व के बारे में बताते हैं। इससे पहले आकाश पटना से अयोध्या साइकिल से यात्रा कर चुके हैं। बाबा वैद्यनाथ धाम में भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक कर आकाश वहां से निकल साइकिल से चारों धाम की यात्रा करेंगे। आकाश ने बताया कि वो साइकिल से ही पिछले दिनों अयोध्या की यात्रा कर चुके हैं। मकसद सिर्फ सनातन धर्म को आगे तक ले जाने का है।

**माता-पिता को बहंगी पर बैठा देवघर हुए रवानाः** इधर, सुल्तानगंज के कच्ची कांवरिया पथ पर शिव भक्तों के अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। कच्ची कांवरिया पथ पर कुछ ऐसी भी तस्वीर देखने को मिलती है, जो त्रेता युग की याद दिलाती है। दरअसल, जहानाबाद के रहने वाले चंदन कुमार पत्नी के साथ मिलकर अपने माता-पिता को बहंगी में बैठाकर लगातार दूसरी बार भगवान भोलेनाथ का दर्शन कराने देवघर ले जा रहे हैं। इस तस्वीर को देखकर कच्ची कांवरिया पथ पर अन्य श्रद्धालु चंदन कुमार को कलयुग का श्रवण कुमार के नाम से पुकारते हैं। चंदन को अपने माता-पिता के साथ भगवान भोलेनाथ पर अटूट विश्वास और श्रद्धा है। वहीं, उनकी पत्नी रानी सास-ससुर की सेवा को अपना कर्तव्य बताती हैं।

## डीएवी के छात्र के सेतु से छलांग लगाने की आशंका



**निज संवाददाता। भागलपुर**

डीएवी स्कूल के एक शिक्षक का 12 वर्षीय पुत्र पिछले दो दिनों से लापता है। आशंका है कि वह विक्रमशिला सेतु से गंगा में कूद गया है। बरारी निवासी शिक्षक विमलेश झा के बेटे सर्वेश की साइकिल सेतु पर मिली है। वह डीएवी में कक्षा सात का विद्यार्थी है। एसडीआरएफ की टीम सोमवार की शाम से ही उसकी तलाश में जुटी है। मंगलवार को भी एसडीआरएफ की टीम बरारी पुल घाट से लेकर तीनटंगा तक गंगा में बालक की तलाश में गई। हालांकि कहीं भी उसका सुराग नहीं मिला। बुधवार को फिर सर्च अभियान जारी रहेगा। पिता ने बताया कि सर्वेश शाम को घर से साइकिल लेकर निकला था। देर तक नहीं लौटने पर खोजबीन की। सेतु पर पहुंचे तो उसकी साइकिल मिली। लेकिन वह कहीं नहीं दिखा। आसपास के लोगों से पूछने पर बताया गया कि शाम पांच बजे के आसपास कोई गंगा में सेतु से कूदा था। मैंने बरारी थाना और एसडीआरएफ को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वेश थोड़ा जिद्दी किस्म का लड़का था। हालांकि दबी जुबान में यह भी चर्चा है कि सोमवार को स्कूल में किसी गलती पर डांटा पड़ी थी।

## लोन दिलाया तो दिल दे बैठी 2 बच्चों की मां, पति को छोड़ा

**निज संवाददाता। मुंगेर**

मुंगेर में 35 साल की 2 बच्चों की मां 26 साल के युवक को दिल दे बैठी। दोनों की मुलाकात 7 साल पहले ट्रेन में हुई। महिला को लोन की जरूरत थी और युवक बैंक में था। उसने महिला को 5 लाख का लोन दिलाया। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। महिला पति को छोड़कर उसके साथ रहने लगी। महिला को दिलाए लोन के पैसों से वो अय्याशी करने लगा। दोनों ने शादी भी कर ली। अब वो महिला और उसके बच्चों को ये कहकर भाग निकला कि 2 मिनट में आता हूं...। महिला बच्चों को लेकर उसके घर भी गई, लेकिन उसे भगा दिया गया। अब वो बिहार सरकार के आश्रय गृह में रह रही है।

**ट्रेन में हुई दोनों की पहली मुलाकातः** 35 साल की संगीता देवी पश्चिम चंपारण के मांझोलिया थाना इलाके की रहने वाली हैं। उसने बताया कि हवेली खड़गपुर क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी विवेकानंद यादव के 26 साल के बेटे मनीष कुमार से एक ट्रेन में मुलाकात हुई। दोनों ने ये कहते हुए नंबर लेन देन किया कि मनीष बैंक में है और मुझे लोन दिलवा देगा।

**7 साल से साथ में थेः** ये सिलसिला करीब 7 साल पहले शुरू हुआ और मनीष ने उन्हें महिला समूह से लोन भी दिलवा दिया। धीरे-धीरे दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और संगीता अपने पति को छोड़कर दोनों बच्चों के साथ पहले बेतिया और फिर मुजफ्फरपुर में मनीष के साथ रहने लगी। कुछ समय बीतने के बाद जब महिला को मनीष पर शक होने लगा तो महिला ने उस पर शादी करने का दबाव बनाया और दोनों ने एक मंदिर में शादी भी कर ली।

**महिला के लोन पर कर रहा था अय्याशीः** समय के साथ-साथ संगीता के लोन की रकम भी बढ़ती गई और उस पैसे से मनीष उसके साथ मौज मस्ती करता रहा। मनीष ने संगीता के नाम से एक बुलेट भी लोन पर ले ली और संगीता के पास दो लाख रुपए और लोन में मिले तीन लाख तीस हजार रुपए ऐंठ लिए। उसे ये झांसा दिया कि अब हम तुमको अपने घर लेकर जाएंगे। अब मनीष का तबादला वहां से बेगूसराय हो चुका था। संगीता



भी मनीष के इस फैसले से काफी खुश थी और उसे लगा कि अब मुझे और मेरे बेटा-बेटी को अपना घर और नाम दोनों मिल जाएगा।

**बोला- 2 मिनट में आता हूं...और गायबः** देर शाम भागलपुर पहुंचने के बाद संगीता को तब झटका लगा, जब मनीष बुलेट के पास ही संगीता और उसके दोनों बच्चों को ये कहते हुए फरार हो गया कि बस दो मिनट में आते हैं। घंटों इंतजार करने के बाद और लगातार फोन करने के बाद भी मनीष से संपर्क नहीं हो पाने की वजह से संगीता परेशान होने लगी।

**मनीष के घर वालों ने मारपीट कर भगा दियाः** ये माजरा घंटों तक चलता रहा और आखिर में मनीष ने संगीता का नंबर ब्लॉक कर दिया। संगीता अब समझ चुकी थी कि मनीष उसे छोड़कर भाग चुका है। अब संगीता ने किसी तरह रात उसी जगह बिताई और मनीष के आधार कार्ड के पते पर रवाना हो गई। वहीं, यहां पहुंचने के बाद पता करते हुए संगीता हवेली खड़गपुर के पोखरिया स्थित मनीष के गांव पहुंची और उसके घर पहुंचकर मनीष की पत्नी होने की बात बताई। ये सुनते ही मनीष के घरवालों ने संगीता को मारपीट कर भगा दिया।

**पुलिस वालों ने थाने से भगा दियाः** संगीता के बताए अनुसार वह रात के लगभग 10 बजे हवेली खड़गपुर थाने आई और थाने में अपने साथ हुई घटना का आवेदन पुलिस अधिकारी को दिया। संगीता ने आरोप लगाया कि वहां से भी पुलिस वालों ने उसे भगा दिया जिसके बाद काली स्थान के पास रोड पर वो बच्चों के साथ बैठ गई।

## टीएमबीयू में 356 करोड़ जमा राशि को वापस करने को शिक्षा निदेशक ने जारी किया पत्र

**निज संवाददाता। भागलपुर**

टीएमबीयू में जमा 356 करोड़ की राशि को वापस करने के लिए लगातार शिक्षा विभाग दबाव बना रहा है। मंगलवार को शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी ने टीएमबीयू को कई अन्य बिंदुओं पर भी पत्र जारी किया है। साथ ही पत्र के जरिए राशि अब तक खर्च नहीं किए जाने पर विवि के वित्तीय प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह भी खड़ा किया है। पत्र में कहा गया है कि 20 जून को स्पष्ट किया गया है कि जुलाई 2024 से कर्मियों को वेतानादि का भुगतान नई व्यवस्था के तहत होगा। पे रॉल मैनेजमेंट पोर्टल (पीआरएमपी) पर कॉलेज और विवि द्वारा कर्मियों के अपलोड किए गए डाटा के आधार पर ही भुगतान होगा। अब तक विवि द्वारा केवल 420 कर्मियों (कुल का 43 प्रतिशत) ही डाटा अपलोड किया गया है। 23 जुलाई के बाद इस पर कोई काम नहीं हुआ है। यदि डाटा अपलोड नहीं होता है तो जुलाई का वेतन फंस सकता है। इसके अलावा 356 करोड़ से अधिक राशि को शिक्षा विभाग ने जल्द लौटाने का निर्देश दिया है। इसके बाद विवि द्वारा अनुपालन प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। तब ही विवि को आगे वेतन आदि का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ पत्र में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में स्पष्ट कर दिया गया है कि यदि विवि को राशि की आवश्यकता होगी तो उसे विभाग द्वारा समीक्षा कर दोबारा विमुक्त करने पर विचार किया जा सकता है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– 11/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 30.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/42/ 2024-25 | मयूरहण्ड पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ मुख्य पथ से ग्राम बेलखोरी खेल मैदान तक पथ का निर्माण कार्य (लं॰–1.130 कि॰मी॰)। | 126.857 | एक करोड़ छब्बीस लाख पचासी हजार सात सौ मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/43/ 2024-25 | परसौनी श्रीमतपुर पी॰डब्ल्यू॰डी॰ रोड से खौरा भाया पक्की सड़क ग्राम लिटा तक पथ का निर्माण कार्य (लं॰–4.100 कि॰मी॰)। | 356.300 | तीन करोड़ छप्पन लाख तीस हजार मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **12.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **27.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **29.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**PR 331370 Rural Work Department(24-25)#D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०–02, गढ़वा**

**13 वें वित्त आयोग योजना मद**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/02/2024-25_RE(3rd Call)**

**PR 329647 Rural Development(24-25).D**

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –01.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–01.08.2024 से दिनांक–08.08.2024 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–10.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | अंचल का नाम | परियोजना का नाम | आँगनबाडी केन्द्र का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समुह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मझिआंव | मझिआंव | बकोईया, अखौरतहले,टड़हे, | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-02 |
| | बरडीहा | मझिआंव | टड़हे अम्बेडकर टोला, करमडीह, करमडीह ठाकुर टोला कुल 06 ई0 | | | | | |
| 02 | गढ़वा | गढ़वा | नावावाडीह ह0टोला, नावावाडीह पिछड़ी टोला, | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-03 |
| | रंका | रंका | सोनपुरवा, भौरी, पण्डरा पानी ,तमगे कला कुल 06 ई0 | | | | | |
| 03 | केतार | भवनाथपुर | चंदनी,अरंगी, कुल 02 ई0 | 2216400.00 | 5000.00 | 44,500.00 | 03 माह | Group-04 |
| 04 | भण्डरिया | भण्डरिया | बघवार, लेधकी, कुल 02 ई0 | 2216400.00 | 5000.00 | 44,500.00 | 03 माह | Group-05 |
| 05 | सगमा | धुरकी | कटहर कला, पुतुर, कुल 02 ई0 | 2216400.00 | 5000.00 | 44,500.00 | 03 माह | Group-06 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

**PR 331300 Rural Development(24-25).D**

## संक्षिप्त समाचार

### कर्ज चुकाने से बचने के लिए रची थी खुद के अपहरण की साजिश, गिरफ्तार

**दानापुर, एजेंसी।** लाखों का कर्ज चुकाने से बचने के लिए एक व्यक्ति ने खुद के अपहरण की कहानी रच डाली. पत्नी को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर अगवा होने की सूचना दी और फिरौती के लिए बीस लाख रुपये की मांग की. लेकिन रूपसपुर पुलिस ने उसके प्लान पर पानी फेर दिया. अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस अमित रंजन के मोबाइल लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की. इस पर अमित ने खुद को रूपसपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया. पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि कर्ज के बोझ के चलते अमित ने अपने ही अपहरण का नाटक रचा था. एएसपी दीक्षा ने बताया कि बरबीघा शेरपुर बरबीघा मूल निवासी व वर्तमान में रूपसपुर के गोला रोड लव कुश नगर में किरायेदार अमित रंजन की पत्नी मनीषा कुमारी ने 26 जुलाई को स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की थी की मेरे पति अमित रंजन को अगवा कर लिया गया है और बीस लाख फिरौती मांगी जा रही है. दर्ज प्राथमिकी में मनीषा कुमारी ने बताया कि 25 जुलाई की सुबह 7 बजे घर से बोलकर निकाले थे कि खगड़िया एक व्यक्ति से मिलने जा रहे हैं. 26 जुलाई की सुबह व्हाट्सएप पर मैसेज आया था कि सिमरी-बख्तियापुर से मेरा अपहरण हो गया. बीस लाख रुपये इंतजाम करने को कहा. पुलिस को सूचना देने पर पति को जान से मारने की धमकी दी गयी थी. एएसपी ने बताया कि थानाध्यक्ष रणविजय कुमार के नेतृत्व टीम गठित ने छापेमारी कर अनुसंधान किया तो पता चला कि बहुत लोगों से कर्ज लिये हुए है और ऑनलाइन गेम खेलने में लगाता है. पुलिस अनुसंधान कर रही थी कि सोमवार को शाम में अमित रंजन ने खुद को रूपसपुर थाना पहुंच कर कहा कि हम सुरक्षित हैं. उन्होंने बताया कि पुलिस ने अमित से पूछताछ किया गया तो पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कर्ज चुकाने में असमर्थ थे. जिसको लेकर अगवा की साजिश रची. एएसपी ने बताया कि अमित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा.

### अब मोबाइल से क्यूआर कोड से मरीज जानेंगे अस्पतालों में दवाई की उपलब्धता

**पटना, एजेंसी।** राज्य के सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी अब मरीज अपने मोबाइल से विश्व स्वास्थ्य संस्थान स्तर पर क्यूआर कोड को स्कैन कर जान सकेंगे. ऐसे में किसी भी जरूरी दवाई की सरकारी अस्पताल में उपलब्धता की जानकारी के लिए मरीजों को परेशान नहीं होना होगा. साथ ही उन्हें रियल टाइम में जानकारी के आधार पर दवाई मिल सकेगी. यह नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है. साथ ही सी-डैक नोएडा को ई-औषधि पोर्टल अपग्रेड करने के लिए पत्र लिखा गया है.

### सड़क से सदन तक भाजपा आरक्षण के साथ : दिलीप

**पटना, एजेंसी।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा शुरू से आरक्षण की पक्षधर रही है और इस मुद्दे पर सड़क से सदन तक राज्य सरकार का साथ देगी. 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर क्या तैयारी है – भाजपा संगठन की पार्टी है. संगठन के समर्पित, अनुभवी व जुझारू कार्यकर्ताओं की फौज की सकारात्मक ऊर्जा का उपयोग करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर फोकस करेंगे. पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हुए नये कार्यकर्ताओं को भी जोड़ने का काम किया जायेगा. क्त चुनाव में एनडीए दलों के साथ सीट बंटवारे का फॉर्मूला क्या होगा – सीटों के तालमेल पर निर्णय केंद्रीय स्तर पर होगा. एनडीए के सभी दल एक-एक सीट पर जीत की तैयारी से उतरेंगे. चुनाव से लगभग एक साल पहले कंबाइंड तैयारी शुरू हो जायेगी. इसके लिए नवंबर 2024 में राज्य स्तर पर एनडीए का संयुक्त कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया जायेगा. एनडीए दलों की संयुक्त कमेटी इसका संचालन करेगी. क्त विपक्ष के हमलों का जवाब कैसे देंगे – कुछ दल जाति की राजनीति कर रहे हैं. समाज को बांट कर और भेदभाव करने से ही उनकी राजनीतिक दुकानदारी चलती है. वहीं, भाजपा सबका साथ, सबका विकास और जमात की राजनीति करती है. एसटी, एससी व पिछड़ा समाज को मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होगी. क्त नौकरियों और आरक्षण के मुद्दे पर क्या जवाब होगा – नियोजित शिक्षकों से लेकर वर्तमान शिक्षकों की बहाली नीतीश सरकार की सोच थी. कोई चलती नाव पर बैठ जाये और उसको अपना कहना लगे तो इससे अधिक हास्यास्पद क्या होगा नेता प्रतिपक्ष से एक ही सवाल पूछना चाहता हूं कि अगर वे लालू के पुत्र नहीं होते और विरासत में राजनीति नहीं मिलती तो मिली शिक्षा के आधार पर उनको कौन सा रोजगार मिल जाता विपक्ष के किसी भी अनर्गल और अशिष्ट बयानों का जवाब भाजपा कार्यकर्ता मर्यादित भाषा में ही देंगे।

# बिहार की ट्रेनों में बढ़ी चोरी, पटना जंक्शन पर झपटमार का आतंक

**पटना, एजेंसी।** बिहार में ट्रेन के अंदर और प्लेटफॉर्मों पर चोर गिरोह के सदस्य सक्रिय रहते हैं. इन दिनों रेल यात्री इन चोरों के शिकार बन रहे हैं. आए दिन ऐसी घटना सामने आती है जिसमें एसी बोगी तक के अंदर से यात्रियों के सामानों की चोरी हो रही है. किसी यात्री का गहना चोरी किया गया तो किसी का ट्रॉली बैग लेकर चोर फरार हो गए. पटना जंक्शन पर झपटमारी का ताजा मामला भी सामने आया है. एक महिला के गले से सोने की चेन झपट्टा मार कर बदमाश भाग गए.

वाराणसी के महुआडीह की रहने वाली प्रभा देवी का बैग फरक्का एक्सप्रेस में बदमाशों ने पटना जंक्शन के आसपास चोरी कर लिया. उस बैग में उनके लाखों की कीमत की सोने की चेन, कानबाली, पायल और तीन हजार नकद रुपये थे. वह जब बक्सर पहुंचीं, तो वहां की जीआरपी को मामले की जानकारी दी. इसके बाद बक्सर जीआरपी ने उनके आवेदन को पटना जंक्शन जीआरपी को भेज दिया. पटना रेल पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है. इसी प्रकार, किशनगंज के रहने वाले जावेद आलम का मोबाइल फोन बदमाशों ने महानंदा एक्सप्रेस में गायब कर दिया. उनके आवेदन पर पटना जंक्शन जीआरपी में केस दर्ज किया गया है.

भागलपुर के तिलकामांझी के सच्चिदानंद नगर कॉलोनी निवासी प्रमोद चौधरी की बेटी पूर्णिमा कुमारी का ट्रॉली बैग ट्रेन से चोरी हो गया. इस संबंध में उन्होंने भागलपुर जीआरपी थाना में शिकायत दर्ज करायी है. दिये गये आवेदन में उन्होंने कहा है कि वह अपनी बहन स्वाती के साथ दिल्ली से भगालपुर आ रही थी. जहां सोमवार को बाढ़ स्टेशन के बाद उनका ट्रॉली बैग चोरी हो गया. बैग में उनका लैपटॉप, कपड़े, बहन के मैट्रिक से लेकर ग्रेजुएशन तक के सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, पासबुक, पासपोर्ट आदि रखा था. उन्होंने बताया कि मामले में उन्होंने पुलिस से उनके सामानों को



ढूंढने के लिए गुहार लगायी है. पर पुलिस मामले में तत्परता नहीं दिखा रही है.

भागलपुर के सबौर निवासी एक जनप्रतिनिधि भी इस चोर गिरोह के शिकार हो चुके हैं. अपने परिवार के साथ वो भागलपुर-पटना रूट में सफर कर रहे थे. विक्रमशिला एक्सप्रेस की एसी बोगी में महिला का पर्स ही चोरी कर लिया गया. उन्होंने बताया कि बाढ़ स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन रूकी थी. उसे देखने वो बाहर निकले. बाद में अपनी सीट पर आए और पत्नी व खुद के कुल तीन मोबाइल लेडीज पर्स में रख दिए. रात में उनका पर्स चोर ने गायब कर दिया.

चलती ट्रेन में चोरी की घटना तेजी से बढ़ रही है, जिससे सुरक्षा के दावों पर सवाल खड़ा होने लगा है. गाड़ी संख्या-09466 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस के एस-7 कोच से एक परिवार का लगेज लेकर चोर भाग निकला. इसमें 2 मोबाइल व नगद राशी थी. घटना बीते दिनों सोमवार की है. जब ट्रेन समस्तीपुर से मुजफ्फरपुर की ओर रवाना हो रही थी. इस संदर्भ में ऋषि पोद्दार नाम के यात्री ने ऑनलाइन एफआइर दर्ज करायी है. शिकायत के बाद एसआरपी कंट्रोल मुजफ्फरपुर व समस्तीपुर आरपीएफ प्रभारी को मामले में कार्रवाई को लेकर सूचित किया गया है. सहयोग के लिए अहमदाबाद के अधिकारियों को भी जानकारी दी गयी है.

पटना जंक्शन पर अमृतसर हावड़ा ट्रेन में चढ़ने के दौरान ओड़िशा के भद्रक सेंदपुर निवासी उत्तम कुमार के गले से सोने की चेन छीन कर बदमाश भाग गये. इस संबंध में उत्तम कुमार ने पटना जंक्शन जीआरपी में अज्ञात बदमाश के खिलाफ में केस दर्ज करा दिया है. बताया जाता है कि वे अपने सामान के साथ अमृतसर हावड़ा ट्रेन में चढ़ रहे थे. इसी दौरान उनके पीछे से एक बदमाश पहुंचा और उनके गले से सोने की चेन खींच कर दूसरी ट्रेन के अंदर चला गया. वह ट्रेन धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही थी. उत्तम कुमार जब तक उसे पकड़ने की कोशिश करते, तब तक वह ट्रेन जा चुकी थी. इसके बाद वे पटना जंक्शन जीआरपी पहुंचे और शिकायत दर्ज करायी. रेल पुलिस सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से बदमाश की पहचान करने में जुटी है.

गाड़ी संख्या-14007 लिच्छवी एक्सप्रेस से मोबाइल चुराने वाले को जीआरपी की टीम ने मंगलवार की शाम मुजफ्फरपुर के मोतीझील थाना चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया. जिसकी पहचान शत्रुघ्न पटेल के रूप में हुई है. कोच -एस-2 में सफर कर रहे कानपुर के निवासी दीपक दीक्षित परिवार के साथ ट्रेन में यात्रा कर रहे थे. मुजफ्फरपुर में ट्रेन रूकने के दौरान यात्री का मोबाइल चोरी हो गया. उन्होंने इस बारे में शिकायत की. मामले में जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि छानबीन के बाद मोबाइल के साथ मोतीझील से युवक को पकड़ लिया गया. मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## सुपौल के स्कूल में नर्सरी के छात्र ने की फायरिंग, तीसरी कक्षा के स्टूडेंट को लगी गोली

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल के त्रिवेणीगंज नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 16 में स्थित एक बोर्डिंग स्कूल में गोलीबारी की घटना घटी है . नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने बुधवार की सुबह स्कूल में फायरिंग की जिसमें तीसरी कक्षा के एक छात्र को गोली लगी है और वह जख्मी हुआ है. घटना ने सबको हैरान करके रख दिया है. घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया है.

मिली जानकारी के अनुसार, त्रिवेणीगंज के लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में नर्सरी कक्षा में पढ़ रहा एक छात्र अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंच गया. बुधवार को उक्त छात्र ने बैग से हथियार निकालकर उसी स्कूल में तीसरी क्लास में पढ़ रहे 10 वर्षीय एक छात्र पर गोली चला दी. गोली बच्चे के बाएं हाथ में लगी है. वो बाल-बाल बच गया. वह इस हमले में ज़ख्मी हुआ है जिसका अनुमंडलीय अस्पताल



त्रिवेणीगंज में ईलाज चल रहा है.

बताया जा रहा है कि नर्सरी कक्षा का उक्त हमलावर बच्चा अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंचा था. प्रार्थना से पहले उसने अपने बैग से हथियार निकाल लिया और तीसरी कक्षा के एक छात्र पर गोली चला दी. चर्चा है कि बच्चा अपने पिता का पिस्तौल बैग में लेकर स्कूल था. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

घायल बच्चे के मामा ने बताया कि प्रार्थना होने के बाद सभी बच्चे पढ़ने बैठे थे. इस दौरान स्कूल का एक ही एक बच्चा पिस्टल लेकर क्लासरूम में घुस गया. उसने मेरे भांजे को सीने में गोली मारनी चाही. मेरे भांजे ने बचने की कोशिश की और इस दौरान गोली उसके हथेली के आर-पार हो गई. जिसने गोली चलाई वो बच्चा भी स्कूल में ही पढ़ता है.

वहीं इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है और मामले की जांच चल रही है. पुलिस की ओर से अभी घटना को लेकर कुछ बयान नहीं दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी बच्चा पुलिस के पास है.

## पंडारक में मद्य निषेध टीम पर हमला, रोड़ेबाजी व फायरिंग

**पंडारक, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के कोंदी गांव में सोमवार की रात मद्य निषेध टीम बाढ़ ने कोंदी पेट्रोल पंप के पास विकेश कुमार नाम के एक व्यक्ति को नशे की हालत में पकड़ लिया. टीम उसे अपने साथ ले जाने लगी. इसकी खबर फैलते ही उग्र परिजन व ग्रामीणों ने टीम की गाड़ी को रोक कर उस पर हमला बोल दिया और गाड़ी में बैठे आरोपित को जबरन छुड़ाने का प्रयास करने लगे. असफल होने पर हमलावरों ने टीम पर रोड़ेबाजी व फायरिंग की. हालांकि इस दौरान पुलिस को हल्की चोट लगी. इस बीच खतरे को भांपते हुए मद्य निषेध टीम में तैनात सैप के जबान आत्मरक्षार्थ एक राउंड फायरिंग की गयी. इसके बाद टीम आरोपित को लेकर चली गयी. उत्पाद थाना बाढ़ के अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार के बयान पर पंडारक थाने में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है. जिसमें कैदी को जबरन छुड़ाने, फायरिंग व रोड़ेबाजी करने का आरोप लगाया गया है. पकड़ा गया आरोपित उसी गांव का रहने वाला है. पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है. थाना क्षेत्र के हरदासबीघा गांव में मंगलवार को दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर पहले कहासुनी के बाद एक शख्स ने गोली चला दी. गोली स्व कामेश्वर यादव उर्फ मास्टर साहब के बेटे पंकज कुमार यादव के पैर में लग गयी. साथ ही तीन अन्य लोग भी घायल बताये जा रहे हैं. इन सभी को लाठी-डंडे से पीटा गया. घायल अवस्था में सभी को ग्रामीणों ने स्थानीय पीएचसी ले गये जहां से डॉक्टर ने सभी को पीएमसीएच भेज रेफर कर दिया. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पंकज कुमार यादव की देखरेख में पड़ोस के ही एक जमीन थी. जहां बिजली विभाग के कर्मचारी उस जमीन के आगे वहां पोल लगा रहे थे. जिसकी सूचना पंकज ने जमीन मालिक को दी. उसके बाद उसके एक पड़ोसी ने पंकज के घर जाकर मारपीट व गोली चलाई जिसमें पंकज घायल हो गया साथ ही तीन अन्य लोगों के साथ भी हमलावर ने लाठी-डंडे से मारपीट की।

## संपत्ति के विवाद में घर में घुस महिला की गोली मार कर हत्या

**फुलवारीशरीफ, एजेंसी।** मंगलवार की सुबह संपतचक में गोपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत इलाहीबाग में 60 वर्षीय महिला मनोरमा देवी की गोली मार हत्या कर दी गयी. हत्या की वारदात को बाइक सवार तीन बदमाशों ने अंजाम दिया जो वहां लगे सीसीटीवी में साफ नजर आये हैं. महिला की हत्या फर्स्ट फ्लोर के कमरे में की गयी जबकि अन्य तीन फ्लोर पर किरायेदार थे. सूचना पाकर गोपालपुर थाना पुलिस डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम को बुलाकर छानबीन की. महिला की हत्या की खबर सुनकर इलाहीबाग में रहने वाली उसकी बेटी पूनम भी वहां पहुंची और हत्या में अपने भाई, चचेरे भाई उसके साढ़ू, साढ़ू के बेटे समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाया है. बताया जाता है कि फुलवारीशरीफ नया टोला निवासी नन्हु राय की पत्नी मनोरमा देवी इलाहीबाग में अपने चार मंजिला मकान में फर्स्ट फ्लोर पर मौजूद थी. सुबह करीब आठ बजे के आसपास तीन बदमाश घुसे और मनोरमा देवी को ताबड़तोड़ कई गोली मार दी. पुलिस के मुताबिक महिला के शरीर में सिर में दो व पीठ में दो गोली लगी है. किरायेदार शोर मचाने लगे. मनोरमा देवी के पति नन्नू राय की भी संपत्ति को लेकर हत्या की गयी थी और इसकी भी हत्या के पीछे संपत्ति का विवाद बताया जाता है. फुलवारीशरीफ के नया टोला के लोगों ने बताया कि संजय की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है और वह अपने घर पर ही रहता है. गोपालपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि संपत्ति विवाद में महिला की हत्या की गयी है. परिवार के लोग अभी तक लिखित प्राथमिकी दर्ज नहीं करायी है. सीसीटीवी फुटेज में जिन अपराधियों का चेहरा नजर आया है, उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.


मनोरमा के पति ईश्वर चंद उर्फ नन्नू राय की भी करीब चार साल पूर्व नौबतपुर इलाके में हत्या कर दी गयी थी. ईश्वर चंद मूल रूप से फुलवारीशरीफ थाना के नया टोला के रहने वाले थे. कई साल पहले जब बेटे के साथ संपत्ति विवाद हुआ तो उन्होंने अपना नया मकान संपतचक के इलाहीबाग में बनाया और पत्नी मनोरमा के साथ रहने लगे. ईश्वर चंद को दो बेटे संजय और चुन्नू एक बेटी पूनम है।

## बिहार में डेंगू के मिले 265 पॉजिटिव केस, पटना में अब तक मिले 84 मरीज

**पटना, एजेंसी।** बिहार में डेंगू का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है. नये इलाकों में डेंगू के मरीज मिल रहे हैं. जनवरी 2024 से 28 जुलाई 2024 तक बिहार में डेंगू के 265 पॉजिटिव केस पाए गए हैं. इसमें पटना में सबसे अधिक 84 केस मिले हैं. इसके अलावा, गया में 26, मुजफ्फरपुर में 18, सिवान में 11 और मधुबनी में 10 पॉजिटिव केस पाए गए हैं. अरवल एकमात्र जिला है जहां डेंगू का एक भी केस इस अवधि में नहीं मिला है. यह जानकारी अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ अशोक कुमार ने दी है.

डॉ अशोक कुमार ने कहा है कि डेंगू से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा पानी जमे जगहों पर नियमित छिड़काव किया जा रहा है. आशा कार्यकर्ताओं को पानी वाली जगहों पर लार्वा की पहचान कर निरोधात्मक कार्यवाही करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है. डेंगू से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम सही जानकारी एवं अपने दैनिक व्यवहार में स्वच्छता का पालन करना है.

उन्होंने बताया कि स्वयं सतर्क रहकर एवं जरूरी सुरक्षा अपनाकर डेंगू से सुरक्षित रहा जा सकता है. सरकारी चिकित्सीय संस्थानों में डेंगू के




मरीज के लिए बेड रिज़र्व किये गए हैं. डॉ. कुमार ने कहा कि 10 सप्ताह तक सप्ताह में एक बार 10 मिनट तक घर की सफाई कर लेने से घर में डेंगू के मच्छर के प्रकोप को खत्म किया जा सकता है. इसके लिए सभी को घर में रखे चीजों जैसे कूलर, गमले, टूटे फूटे समान में पानी जमा होने से बचाने की जरूरत है. डेंगू के मच्छर साफ़ पानी में ही पनपते हैं. इसलिए सतर्कता उपचार से कहीं बेहतर विकल्प है.

पटना जिले में डेंगू के मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है. बीते 24 घंटे के अंदर फिर से पांच नये पीड़ित मरीज मिले हैं. इसके साथ ही जिले में अब कुल पीड़ितों मरीजों की संख्या बढ़कर 56 हो गयी है. मंगलवार को मिले मरीजों में एक बांकीपुर, एक अजीमाबाद, एक पाटलिपुत्र से मिले जबकि दो जिले के ग्रामीण इलाके बाढ़ और फतुहा से मिले.

सीवान के गोरेयाकोठी थाने के छितौली गांव का 18 वर्षीय युवक डेंगू से संक्रमित मिला है. बताया जाता है कि संक्रमित युवक आरिफ आलम बंगलुरू से अपने गांव संक्रमित होकर लौटा था. हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टरों ने पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया. पटना पीएमसीएच में 5 जुलाई को हुई जांच में वह डेंगू संक्रमित पाया गया. स्वास्थ्य विभाग की टीम डेंगू मरीज के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रख रही है.

## अश्लील वीडियो वायरल होने पर बहन की टूटी शादी, बदले की आग ने भाई को बना दिया अपराधियों का सरगना

**बांका, एजेंसी।** बांका जिला अंतर्गत शंभुगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मझगांव गांव के कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है. एक युवक अपराध की दुनिया में कदम रखता है और एक से एक अपराध की बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर महज तीन महीने में ही सुर्खियां बटोर कर सलाखों के पीछे चला जाता है. लेकिन अपराध की दुनिया में उसके पैर रखने की कहानी सुनकर अच्छे- अच्छे लोगों का दिल भी पसीज जाता है.

बताया जा रहा है कि उक्त युवक की बहन की शादी तय हुई थी. अपनी बहन की शादी करने के लिए भाई ने अपना कीमती 10 कट्ठा जमीन को बिक्री कर दिया था. शादी फाइनल होने के कुछ ही दिन बाद दरवाजे पर बारात आने वाली थी. लेकिन गांव के कुछ युवकों ने हरकत करते हुए उसकी बहन की अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया. इसके बाद उसकी बहन की शादी टूट गयी.

समाज के युवकों के इस हरकत को देखकर लड़की के भाई ने हथियार उठा लिया और बदले की भावना से अपराध की दुनिया में कदम रख दिया. अपने गिरोह को उसने तैयार किया और ग्रामीण क्षेत्र में अपना साम्राज्य कायम करने लगा. पंचायत प्रतिनिधि से लेकर सरपंच



तक को कई मामले में हस्तक्षेप कर अपना फरमानी फैसला सुनाने पर वह मजबूर करने लगा.

लूटपाट के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया. जब पुलिस ने उससे पूछा कि ग्रेजुएट तक की पढ़ाई करके नौकरी के बदले अपराध की दुनिया में जाने की वजह क्या है तो उसने रोते हुए हर हकीकत को बयां कर पुलिस के सामने रख दिया. जिससे पुलिस भी आश्चर्य चकित रह गये.

इधर जिले के एक अन्य मामला रजौन थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां एक महिला का नहाने के दौरान अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया. बताया जा रहा है कि एक महिला चापाकल पर स्नान कर रही थी. इसी दौरान चोरी-छिपे एक युवक ने स्नान करते हुए आपत्तिजनक फोटो व वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया. इस मामले में महिला को कुछ पता नहीं चल पाया और लड़का वीडियो बनाकर भाग निकला. महिला को वीडियो वायरल होने की जानकारी जब मिली तो वह व उनके परिजन अचंभित हो गये. इसको लेकर पीड़ित महिला ने थाना में शिकायत करते हुए उक्त युवक पर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

## देसी कट्टा के साथ दो नाबालिग हिरासत में

**बांका, एजेंसी।** पंजवारा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को क्षेत्र के रामकोल मोड़ से देसी कट्टा के साथ दो नाबालिग को हिरासत में लिया है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि उन्हें पंजवारा-धोरैया मुख्य मार्ग पर रामकोल के समीप अवैध हथियार के साथ बाइक सवार दो लड़कों को गुजरने की सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक पर जा रहे दो लड़कों को रोककर उनकी तलाशी ली गयी. तलाशी के क्रम में नाबालिग के पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ. जिसके बाद दोनों को हिरासत में लिया गया है. हिरासत में लिए गये नाबालिग से पुलिस पूछताछ कर रही है.

नहाने के दौरान महिला का बनाया अश्लील वीडियो, वायरल का आरोप

रजौन थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला का गुप्त रूप से नहाने के दौरान अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देने का मामला प्रकाश में आया है. बताया जा रहा है कि एक महिला चापाकल पर स्नान कर रही थी. इसी दौरान चोरी-छिपे एक युवक ने स्नान करते हुए आपत्तिजनक फोटो व वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया. इस मामले में महिला को कुछ पता नहीं चल पाया और लड़का वीडियो बनाकर भाग निकला. महिला को वीडियो वायरल होने की जानकारी जब मिली तो वह व उनके परिजन अचंभित हो गये. इसको लेकर पीड़ित महिला ने थाना में शिकायत करते हुए उक्त युवक पर कार्रवाई की मांग की है.

## संक्षिप्त समाचार

### निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना चालू करने को ले विधानसभा में धरना पर बैठी अपर्णा

**निरसा, एजेंसी।** निरसा–गोविंदपुर मेगा जलापूर्ति की बंद पड़ी योजना को शुरू करा कर जलापूर्ति करने की मांग को लेकर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने झारखंड विधानसभा परिसर में मंगलवार को धरना दिया. साथ ही, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मिलकर मांग पत्र सौंपा. उन्होंने मंत्री से बंद पड़ी योजना को जल्द चालू करने एवं निरसा पांड्रा मोड़ स्थित पांड्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पाइपलाइन से जलापूर्ति करने की मांग की. कहा कि वर्ष 2017 में 439 गांवों में पेयजलापूर्ति कराने के लिए चार सौ 38 करोड़ की लागत से टहल कंपनी द्वारा कार्य शुरू किया गया था. 36 माह में कार्य पूरा करना था, लेकिन समय से कार्य पूरा नहीं करने के कारण कंपनी को काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डाल दिया गया था. उन्होंने नये सिरे से टेंडर कराकर योजना को शुरू कराने की मांग की. वहीं विधानसभा के मानसून सत्र के अल्पसूचित प्रश्न काल में पांड्रा उवि, पोद्दारडीह उवि, केलियासोल व सालूकचापड़ा उवि में 10 प्लस 2 की पढ़ाई की उचित व्यवस्था करने, निरसा पोद्दारडीह राज ग्राउंड स्टेडियम में गैलरी का निर्माण, तोरणद्वार, स्टेज, बाउंड्री में फेंसिंग वायरिंग, पेयजल, खिलाड़ियों के लिए अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग सरकार से की.

### नेतरहाट घाटी में सड़क दुर्घटना में पुलिस जवान की हुई मौत

**गुमला, एजेंसी।** जिले के गुरदरी थाना इलाके के नेतरहाट घाटी में हुए सड़क दुर्घटना में टीटही गांव निवासी पुलिस जवान अभिषेक उरांव की मौत हो गई। यह घटना सोमवार अपराहन की है। मृतक जवान की पत्नी ने बताया कि उसके पति साहेबगंज जिला पुलिस बल में पदस्थापित थे। जानकारी के मुताबिक अभिषेक उरांव एक सप्ताह का छुट्टी लेकर घर आया था। बुधवार को ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए जाने वाले थे,परंतु घर का कुछ काम को लेकर सोमवार को लोहरदगा गया था। वहां से लौटने के बाद बाइक से नेतरहाट जा रहा था। इसी क्रम में नेतरहाट घाटी के झाऊ ढलान के समीप एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर गुरदरी थाना की पुलिस ने एंबुलेंस के जरिये अभिषेक उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पुलिस जवान को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर विशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह और गुरदरी थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने परिजनों को ढाढस बांधा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### मॉनसून की बेरूखी से खेती हो रही चौपट, पानी के अभाव में सूख रहा बिचड़ा

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा जिले में मॉनसून की बेरूखी से खेती कार्य चौपट हो गया है. जिले में नहीं के बराबर खेती कार्य किया गया है. मुश्किल से पूरे जिले में 10–12 फीसदी सिंचित भूभाग में धान की रोपाई की जा सकी हैं. बारिश के अभाव में जिले में खेती कार्य प्राय- ठप पड़ गया है. विभाग के अनुसार पिछले साल अब तक 30–35 फीसदी भूभाग पर फसल की बुआई की जानी चाहिये थी, लेकिन आंकड़ा दयनीय है. विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे जिले में सामान्य से 30 फीसदी कम वर्षा हुई है. जिले भर में 331.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गयी है, जो सामान्य से 30 फीसदी कम है. हालांकि संताल में सभी जिलों में बेहतर हाल आंकड़ों के हिसाब से गोड्डा का ही है. सबसे खराब हालत देवघर व दुमका की है. देवघर में सामान्य से 56 फीसदी तथा दुमका में सामान्य से 41 फीसदी कम वर्षा हुई है. बारिश नहीं होने से खेती कार्य पर बुरा असर पड़ा है. बारिश के अभाव में किसान तैयार धान की बुआई तक नहीं कर पाये हैं. जिले के सभी प्रखंडों में कमोबेश यही हाल है. इधर खेती कार्य नहीं होने से गांव देहात में खेतीहर मजदूरों पर रोजी रोजगार का संकट मंडरा गया है. मालूम हो दो तीन महीने खेती के समय गांव देहात में खेतीहर मजदूरों को रोजी रोजगार के लिए सोचना नहीं पड़ता है. खेत आदि में मजदूरी कार्य कर अपनी जीविका चला लेते हैं. परंतु बारिश नहीं होने से खेतीहर मजदूरों के रोजी रोजगार पर गहरा असर पड़ा है.

# 33 घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नहीं शुरू हो सका ट्रेनों का परिचालन

**खरसावां, एजेंसी।** हावड़ा-मुंबई मुख्य मार्ग पर चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां-बड़ाबांबो रेलवे स्टेशन के बीच रेल हादसे हुए 33 घंटे से अधिक का समय बीत गया, लेकिन अब तक ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से नहीं हो सका है. जानकारी के मुताबिक अब भी इसके शुरू होने में 8-10 घंटे समय लग सकता है. बुधवार को देर रात तक इस लाइन में ट्रेनों का आवागमन सामान्य हो सकता है.

दुर्घटनाग्रस्त 12810 अप हावड़ा-मुंबई मेल के डब्बों को रेल पटरियों से हटाने का कार्य जारी है. इस कार्य में रेलवे के अधिकारियों से लेकर कर्मियों तक को लगाया गया है. चक्रधरपुर व बंडोमुंडा से उच्च क्षमता वाले क्रेन लाकर दुर्घटनाग्रस्त रेल के डब्बों के साथ साथ मलवा को हटाने का कार्य जारी है. समाचार लिखे जाने तक इस दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के 16 डब्बों को रेल पटरियों से हटाया जा चुका है. इंजन समेत अन्य डब्बों को हटाने का कार्य जारी है. राहत कार्य में अधिकारी से लेकर कर्मियों तक आपसी समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं.



**रात भर चला मलवा हटाने का कार्य :** रेल हादसे के बाद से ही रेलवे, एनडीआरएफ, आरपीएफ, जिला पुलिस और जिला प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर राहत कार्य चलाने में जुट गयी. दुर्घटना स्थल पर टेंट का विशेष कैंप लगा कर मंगलवार दोपहर से ही कार्य शुरु किया गया. रेल के पटरियों से मलवा हटाने के लिये अलग अलग स्थानों से आवश्यक उपकरण व मशीन मंगा कर कार्य शुरू कराया गया.

**दुर्घटनाग्रस्त माल के डब्बों को भी हटाने का कार्य शुरु :** रेल हादसे में दुर्घटनाग्रस्त मालगाड़ी (गुड्स ट्रेन) के डब्बों को भी हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है. जमीन से करीब 12 फीट से भी अधिक उंचाई पर रेलवे का ट्रेन होने के कारण रेल डब्बों को हटाने में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसके बावजूद भी रेल कर्मी जुटे हुए हैं.

कई डब्बों में किसी यात्री के फंसे रहने की संभावना को देखते हुए गैस कटर से काटा गया. बोगियों के अंदरुनी हिस्सों को भी काट कर खोजबीन किया गया. लेकिन, कहीं भी किसी के फंसे होने की सूची नहीं मिली.

**डीसी व डीआरएम ले कर रहे हैं पल-पल की जानकारी :** सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला लगातार घटनास्थल का दौरा कर जायजा ले रहे हैं. साथ ही रेल परिचालन सामान्य करने के लिए किये जा रहे कार्यों के पल-पल की जानकार भी ले रहे हैं. दूसरी ओर चक्रधरपुर के मंडल रेल प्रबंधक भी पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर मामले की जानकारी ले रहे हैं. रेल के पटरियों से दुर्घटनाग्रस्त टफ़ेन के मलवे को हटाने के कार्य में स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है. स्थानीय युवा रेल कर्मियों की हर तरह से सहायता रहे हैं. किसी तरह के छोटे-मोटे सामान उपलब्ध कराने में खास कर युवा वर्ग आ रहे हैं.

**घायलों का सीकेपी रेल अस्पताल में चल रहा है इलाज :** रेल हादसे में घायल हुए आठ रेल यात्रियों का चक्रधरपुर स्थित रेल अस्पताल में उपचार किया जा रहा है. सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है. बड़ी संख्या में लोग मरीजों का हाल चाल लेने के लिए रेलवे अस्पताल में पहुंच रहे हैं.

**30 जुलाई को अप हावड़ा-मुंबई मेल हुई थी दुर्घटनाग्रस्त, दो यात्रियों की हुई थी मौत :** चक्रधरपुर रेल मंडल के राजखरसावां-बडाबांबो रेलवे स्टेशन के बीच पोटोबेड़ा गांव के पास 30 जुलाई (मंगलवार) की तड़के सुबह तकरीबन 3.40 बजे 12810 अप हावडा-मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी. इस दुर्घटना में इंजन समेत 18 बोगी पटरी से उतर गये. इस घटना में इंजन, पेंट्री कोच व एसी कोच क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में एसी कोच संख्या चार के दो यात्रियों की मौत हो गयी. मृतक पी विकास (35) व अजीत सामल (45) राउरकेला (ओड़िशा) के निवासी थे. साथ ही दुर्घटना में करीब 20 यात्री घायल हो गये थे.

## महागामा एसडीओ गेट पर वामदलों का धरना जारी

**रांची, एजेंसी।** बीते 24 मार्च को एसडीओ और राजमहल परियोजना पदाधिकारी के साथ हुए समझौता को अविलंब लागू करने सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर महागामा एसडीओ कार्यालय गेट पर वामपंथियों का महाधरना तीसरे दिन भी जारी रहा. इस दौरान सीपीआइ, सीपीएम व भाकपा माले के नेताओं ने अनिश्चितकालीन महाधरना कार्यक्रम के दौरान किसानों और राजमहल परियोजना क्षेत्र के प्रभावित गांव तालझारी व नीमा के ग्रामीणों को संबोधित किया. इस दौरान किसानों व राजमहल परियोजना के प्रभावितों की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गयी. वामपंथी नेताओं ने बताया कि तीन दिनों से धरना पर डटे रहने के बावजूद एसडीओ सुधि नहीं ले रहे हैं. अगर धरना पर बैठे लोगों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जाता है, तो और अधिक जोरदार आंदोलन किया जाएगा. धरना पर बैठे लोगों की मांगों में महागामा होते हुए पीरपैंती तक जाने वाली रेल लाइन को मेहरमा के शंकरपुर, पत्तीचक, पिरोजपुर, गोविंदपुर इटहरी गांव के बाहर से रेल लाइन ले जाने की गारंटी देने, महागामा प्रखंड के दर्वेचक शिव मंदिर से होते हुए कनककिता, सरभंगा, मोहनी व दिग्घी तक सिंचाई नाला का खुदाई कर पक्का नाला का निर्माण करने, भूविस्थापितों के प्रत्येक परिवार के नौजवान को अविलंब रोजगार देने की मांग शामिल है. इस मौके पर माकपा राज्य कमेटी सदस्य अशोक साह, माले नेता अरुण सहाय, सीपीआइएम के जिला सचिव रघुवीर मंडल, अनिल सिंह, मोहम्मद अख्तर, फौजदारी यादव, मजबूल अंसारी, जनार्दन ठाकुर, बेटका मुर्मू, मार्गेट मेरी टूडू, धर्मदेव रविदास, वाजुद्दीन, मंजूर, मोनिका टुडू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## संतोष गंगवार ने झारखंड के राज्यपाल पद की शपथ ली, कार्यवाहक चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ



**रांची, एजेंसी।** संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल बने हैं। उन्होंने बुधवार को राजभवन के बिरसा मंडप में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल पद की शपथ ली। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एसएन प्रसाद ने उन्हें शपथ दिलाई।

शपथ लेते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूवर्क करेंगे तथा राज्य की जनता के कल्याण के लिए काम करेंगे।

इससे पहले राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने उनके राज्यपाल के रूप में नियुक्ति का पत्र पढ़ा। समारोह का शुभारंभ और अंत राष्ट्रगान से हुआ।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभाध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह, इरफान अंसारी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी तथा विभिन्न विभागों के सचिव आदि उपस्थित रहे।

शपथ लेने के बाद राज्यपाल मंच से उतरकर मुख्यमंत्री सहित अन्य सभी गणमान्य लोगों से उनकी सीट पर जाकर मुलाकात की। मुख्यमंत्री सहित गणमान्य लोगों ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ सौंपकर उन्हें राज्यपाल पद की शपथ लेने के लिए बधाई दी। इस मौके पर राज्यपाल के परिजन, मित्रगण आदि भी उपस्थित थे।

## राजाभिट्ठा के बड़ा पिपरा गांव में फसल चरने के विवाद में हुई मारपीट में घायल की मौत

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा के राजाभिट्ठा थाना क्षेत्र में फसल चरने के विवाद में हुई मारपीट की एक घटना में अधेड़ की मौत हो गयी. मृतक का नाम अर्जुन हांसदा (56 वर्ष) बताया जाता है. मारपीट की घटना कल ही हुई थी, जिसमें इलाज के लिए घायल को भर्ती कराया गया था. इलाज के क्रम में घायल ने दम तोड़ दिया. इसके बाद पहले तो परिजन शव को अपने साथ घर ले गये. बाद में जब पुलिस को जानकारी हुई, तो पुन- पोस्टमॉर्टम के लिए शव को गोड्डा भेजा गया. मंगलवार की सुबह शव का पोस्टमॉर्टम किया जा सका. इस मामले में पुलिस द्वारा परिजनों से प्राप्त आवेदन के आलोक में केस दर्ज किया गया है.

जानकारी के अनुसार सोमवार को अर्जुन हांसदा बछडा गांव के ही मंत्री हेंब्रम के खेत में लगे बिचड़े में चला गया तथा चरने लगा. इस पर गुस्साये मंत्री हेम्ब्रम ने पहले तो मवेशी को खदेड़ा और साथ ही मंत्री अर्जुन हांसदा से उलझ गया. अर्जुन हांसदा के साथ मारपीट भी की. गांव में इसको लेकर पंचायती की गयी. पंचायत ने मंत्री हेंब्रम पर अर्जुन हांसदा के इलाज का फैसला सुनाया. इसके बाद अर्जुन हांसदा का उपचार सदर अस्पताल में किया गया. लेकिन इलाज के क्रम में ही अर्जुन हांसदा की मौत हो गयी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा पहले पोस्टमॉर्टम कराया गया. बाद में हत्याकांड के मामले में एक को अभियुक्त बनाते हुए केस दर्ज कर लिया गया. थाना प्रभारी अशोक कुमार ने मौत के मामले की पुष्टि की है. साथ ही बताया कि कार्रवाई की जा रही है.

## कोर्ट की मनाही के बावजूद दुमका में मकान पर चला बुलडोजर, उच्च न्यायालय की फटकार; 5 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट में अतिक्रमण बताकर मकान तोड़े जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मकान फिर से बनाने और प्रार्थी को पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश सरकार को दिया है। इस संबंध में ओमप्रकाश ने याचिका दायर की है।

अदालत ने आदेश में कहा कि जब हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने निर्धारित समय में अपीलीय प्राधिकार में अपील दाखिल कर दिया था।

कोर्ट ने मकान नहीं तोड़ने का आदेश दिया था, तो उनका मकान क्यों तोड़ा गया। मकान तोड़ने के पहले झारखंड सरकारी जमीन अतिक्रमण एक्ट के तहत कोई कार्यवाही भी नहीं चलाई गई।

मामले में दुमका सदर सीओ ने उनकी जमीन को अतिक्रमण बताते हुए दो सप्ताह में हटाने का नोटिस आठ जून 2016 को दिया था।

कुछ समय बाद फिर से सीओ ने प्रार्थी की जमीन खाली करने का आदेश दिया, ऐसा नहीं करने पर उसे तोड़ने का आदेश दिया गया। इसके खिलाफ प्रार्थी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

प्रार्थी ने कोर्ट को बताया कि उक्त जमीन पर वह वर्ष 1949 से रह रहे हैं। पूर्व में सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने प्रार्थी को दो सप्ताह में सक्षम प्राधिकार के पास अपील दाखिल का आदेश था। साथ ही, इस दौरान किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया था।

कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने निर्धारित समय सीमा के दौरान एसडीओ दुमका के पास अपील दायर की। एसडीओ ने दो सप्ताह की अवधि पूरा होने के बाद बुलडोजर से उनके मकान को तोड़ दिया। जबकि उसकी अपील लंबित थी।

मकान तोड़ने के पहले एसडीओ ने अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह अपील एडिशनल कलेक्टर के पास दाखिल की जानी थी।

प्रार्थी ने दोबारा हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए कहा कि गलत जगह अपील दाखिल करने के बावजूद उनकी अपील को एसडीओ खारिज नहीं की कर सकते। वह संबंधित प्राधिकार के पास उनकी अपील भेज सकते थे।

राज्य सरकार का कहना था कि वर्ष 2009 में यह जमीन झारखंड सरकार को ट्रांसपोर्ट विभाग के लिए आवंटित की गई है। इससे पहले एकीकृत बिहार के समय यह जमीन बिहार राज्य ट्रांसपोर्ट के लिए वर्ष 1959 में अधिग्रहित की गई थी।

## कृषि को बढ़ावा के लिए बैंक आफ इंडिया की कई योजनाएं : महाप्रबंधक



**गोविंदपुर, एजेंसी।** बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक (मुंबई) धनंजय प्रसाद ने कहा कि कृषि एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बैंक की कई योजनाएं संचालित हैं. किसान व व्यापारी इनका लाभ उठायें. बीओआइ नियो मोबाइल सेवा के जरिए घर बैठे भी बैंकिंग योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं. श्री प्रसाद मंगलवार को गोविंदपुर बाजार में बैंक ऑफ इंडिया केआइइ शाखा के नए परिसर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे. कहा कि केसीसी, मुद्रा लोन, विश्वकर्मा लोन समेत छोटे व्यवसाय के लिए भी कई तरह के लोन दिये जा रहे हैं. आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक ने कहा कि बीओआइ अग्रणी बैंक के दायित्वों को बखूबी निभा रहा है. सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि अब ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलेगी. शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया. कार्यक्रम में डीजेडएम दिनेश प्रसाद, ओमप्रकाश बजाज, सुरेश सरिया, कमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, जितेश जायसवाल, राजेश दुदानी, आनंद जायसवाल, खुशबू कुमारी, यमुनालाल रजक, सुनील कुमार, नवीन भगत, वरुण कुमार, संजय सिंह, प्रेम, डालू महतो, रामनिवास रिटोलिया, एजाज अहमद, विनोद बर्मन, शैलेंद्र भगत, चंद्रकांत गिरि, अमित बजाज आदि थे. इधर सामाजिक संस्था नागरिक समिति ने बैंक के जीएम एवं जेडएम को ज्ञापन देकर साहिबगंज रोड पाथुरिया मोड़, गोविंदपुर ऊपर बाजार से बरवाअड्डा के बीच तथा नगरकियारी गांव में बैंक की शाखा खोलने, आमाघाटा शाखा का सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरण आदि की मांग की.

## मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के लिए शिविर में देना होगा आवेदन : बीडीओ

**रांची, एजेंसी।** बसंतराय प्रखंड में महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम जारी है. इसको लेकर पंचायत सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, प्रखंड कर्मी को निर्देश पत्र के माध्यम से बीडीओ प्रभास चंद्र दास द्वारा निर्देश जारी किया गया है. इसमें प्रखंड के सभी मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव, बीएलओ, पीडीएस डीलरों एवं जेएसपीएलएस की सदस्य को पत्र प्रेषित किया गया है. बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये दिया जाएगा. योजना का लाभ शत-प्रतिशत महिलाओं तक पहुंचाने में सभी की भूमिका अहम होगी. योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को तीन से दस अगस्त तक सभी पंचायतों में लगने वाले शिविर में आवेदन स्वयं उपस्थित होकर करना होगा. आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड की छाया प्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो जमा करना है. 10 से 15 अगस्त तक आवेदनों की जांच होगी. संभवतः 16 अगस्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और महिला बाल विकास मंत्री देवी द्वारा राशि सीधे लाभुकों के खाते में भेज कर योजना की शुरुआत की जाएगी.

## शादीशुदा महिला आशिक के साथ कमरे में पकड़ी गई

**गिरिहीड, एजेंसी।** एक शादीशुदा महिला अपने प्रेमी के साथ एक कमरे में संबंध बना रही थी। तभी महिला के घरवालों ने उसे अंतरंग हालत में पकड़ लिया। हालांकि महिला का कहना है कि विवाह का झांसा देकर आरोपी उसके साथ यौन संबंध बना रहा था। यह झारखंड के गिरिहीड जिले की घटना है।

### बंद कमरे में बना रहे थे संबंध

दरअसल, बदडीहा के एक विवाह भवन के एक कमरे से महिला के परिजनों ने दोनों को पकड़ा था। सामाजिक स्तर पर दोनों की शादी की बात तय नहीं होने पर अंतत महिला द्वारा इस मामले में युवक के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई। पुलिस ने सोमवार को आरोपी मोइन अंसारी को अदालत में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में गिरिडीह केंद्रीय कारा भेज दिया गया।

### मोइन के चंगुल में कैसे फंसी विवाहिता

पीड़िता विवाहिता है और उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष है। उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व राजधनवार के एक गांव में हुई थी। विवाह के बाद सबकुछ ठीक ठाक रहा। इसी बीच वह अपने बहन के घर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में आयी थी। इसी दौरान मोइन अंसारी ने किसी तरह उसका मोबाइल नंबर ले लिया और उसे फोन करने लगा। बात करने के लिए वह उस पर दबाव बनाने लगा। पसंद करने तथा शादी करने की बात कहने लगा। पति को छोड़ने के लिए कहने लगा। उसकी बात पर आकर पीड़िता अपने पति से रिश्ता तोड़ दी। मोइन से वह लगातार बात करने लगी और कई बार मोइन ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाया। साथ ही कहा कि वह उसकी पत्नी है और वह उसे जिंदगी भर अपने साथ रखेगा।

### विवाहिता के परिजनों ने कैसे पकड़ा

26 जुलाई 2024 को चार बजे शाम विवाहिता अपने घर पर थी। इसी बीच मोइन ने फोन किया और विवाहिता को जरूरी बात करने के लिए बदडीहा बुलाया। विवाहिता किसी तरह उसके बाद बदडीहा पहुंची। यहां पहुंचने के बाद मोइन ने उसे एक विवाह भवन में ले गया तथा उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इस बीच विवाहिता के परिवार के लोग भी पहुंच गये और दोनों को एक कमरे में पकड़ लिया।

## चापाकल के मुद्दे पर हंगामा, बैठक छोड़ निकल गये मुखिया

**गोविंदपुर, एजेंसी।** जल जीवन मिशन अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित सभी मुखिया और जलसहिया की बैठक में खराब चापाकलों को लेकर मुखियाओं ने हंगामा किया. उन्होंने कहा है कि विभाग न तो नया चापाकल लगा रहा है और ना ही खराब चापाकलों की मरम्मत कर रहा. विभाग ने गर्मी में भी चापाकलों की मरम्मत नहीं की. केवल बैठक हो रही है. इसके बाद बीच बैठक में ही सभी मुखिया निकलकर चले गये. कनीय अभियंता कुमार आनंद ने कहा कि मुखिया और जलसहिया पर ही सिंगल विलेज स्कीम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी है. बैठक में जलसहिया से सभी स्कीम की जानकारी ली गयी. मुखिया से भी सुझाव लिये गये. सभी मुखिया से स्कीम के संचालन में जनसंख्या को सहयोग करने की अपील की गयी. बैठक में जिला समन्वयक सुनाक्षी कुमारी, जेइ मो दानिश, हरिराम महतो, मुखिया रामकिशुन विश्वकर्मा, गोविंद प्रसाद साव, बाबूराम हेंब्रम, निमाई महतो, वीरेंद्र रजक, अख्तर अंसारी, मिहिर मंडल, अनवर अंसारी, शांतिराम रजवार, प्राण चंद्र सोरेन, सोनू मंडल, कृष्ण प्रसाद महतो, यशोदा देवी आदि मौजूद थे.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## ओलंपिक पर निशाना

पेरिस में ओलंपिक उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस में रेल सेवा जिस तरह से प्रभावित हुई है, वह चिंताजनक है। शायद किसी सोची-समझी कारस्तानी के तहत वहां सामान्य परिवहन को बाधित करने की साजिश की गई है। फ्रांसीसी रेलवे कंपनी एसएनसीएफ के मुताबिक, उसके हाई स्पीड नेटवर्क को पंगु बनाने के इरादे से इस कृत्य को अंजाम दिया गया है। शुरुआती खबरों से पता चलता है कि कुछ जगहों पर उपद्रवियों ने आगजनी की है, जिससे रेलवे को नुकसान हुआ है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि प्रभावित रेल सेवा कंपनी ने यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का आग्रह किया है। मरम्मती का कार्य चल रहा है, पर वहां परिवहन के सामान्य होने में कम से कम दो दिन का समय लग जाएगा। रेलवे कंपनी शुरुआती रूप से यही मान रही है कि आग जान-बूझकर लगाई गई है। अब खुफिया सेवाओं व कानून लागू करने वाली तमाम एजेंसियों को लामबंद कर दिया गया है। दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के ठीक पहले ऐसा होना, वाकई, सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत बड़ा विषय होना चाहिए। यह दुनिया की दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी कान खोले रखने का समय है। फ्रांस के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में रेल लाइनें ज्यादा प्रभावित हुई हैं, तो इसका क्या संकेत है? पड़ोसी देश बेल्जियम और इंग्लिश चैनल के तहत लंदन जाने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि, उपद्रवियों की साजिश से ऐसा लगता है कि उनका निशाना पेरिस को रेल नेटवर्क से काटना था। ध्यान रहे, फ्रांस ने ओलंपिक के सुरक्षित आयोजन के लिए मजबूत पहरा बिठा रखा है। 45,000 से भी अधिक पुलिस, 10,000 सैनिक और 2,000 निजी सुरक्षा एजेंट तैनात हैं। स्नाइपर छतों पर हैं और ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद अगर रेल सेवा को बाधित करने की साजिश कामयाब हो गई है, तो यह पहली नजर में सुरक्षा या खुफिया चूक है। अब हमले के बाद सुरक्षा को और चाक-चौबंद कर दिया गया है, लेकिन सबसे जरूरी है, ऐसी कायरतापूर्ण साजिश करने वालों का पता लगाना। फ्रांस के अनेक नेता इसे ओलंपिक ही नहीं, बल्कि फ्रांस पर हमला मान रहे हैं, मगर वास्तव में यह फ्रांस पर ही नहीं, बल्कि खेलों की दुनिया और अमन-चैन के सकारात्मक प्रयासों पर हमला है। जब दुनिया में जगह-जगह युद्ध लड़े जा रहे हैं, अनेक जगहों पर आतंकवाद और उपद्रव की स्थिति है, तब भी ओलंपिक दुनिया को जोड़ रहा है। दुनिया के 206 से ज्यादा देशों के 10,714 से ज्यादा खिलाड़ी इस ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। 32 खेलों में 329 आयोजन होंगे।

## बांग्लादेश में आंदोलन और हिंसा

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के हिंसक रुख अख्तियार कर लेने से वहां की सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। वैसे आंदोलन अब थम गया है। वहां युवा न तो पुलिस-प्रशासन की बात सुनने को तैयार थे और न प्रधानमंत्री शेख हसीना के अनुरोध और दलील का उन पर कोई असर हो रहा थौ। प्रदर्शन के दौरान हिंसा से अब तक सौ से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी थी और सैकड़ों घायल हो गए थे। हालात इस कदर बिगड़ गए थें कि पूरे देश में कर्फ्यू लगाना पड़ा और उग्र प्रदर्शनकारियों को 'देखते ही गोली मारने' के आदेश दे दिए गए थे। ऐसे में वहां रह रहे भारत, नेपाल और भूटान समेत अन्य देशों के लोगों को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुतबिक, बांग्लादेश में करीब पंद्रह हजार भारतीयों के होने का अनुमान है। इनमें लगभग साढ़े आठ हजार विद्यार्थी हैं। अब तक एक हजार से अधिक भारतीय विद्यार्थी स्वदेश लौट आए हैं। केंद्र सरकार की ओर से बाकी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी थे।इस बीच, बांग्लादेश-भारत सीमा पर सतर्कता बढ़ाने की मांग भी उठने लगी थी।दरअसल, बांग्लादेश में हिंसक आंदोलन पर उतरे युवा उस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग कर रहे थे,जिसके तहत वर्ष 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में लड़ने वाले पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सरकारी नौकरियों में तीस फीसद तक आरक्षण का प्रावधान था। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि आरक्षण की इस व्यवस्था के जरिए प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थकों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।गौरतलब है कि शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी ने मुक्ति संग्राम आंदोलन का नेतृत्व किया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना का कहना है कि युद्ध में भाग लेने वालों को सम्मान मिलना चाहिए, भले वे किसी भी राजनीतिक संगठन से जुड़े हों। बांग्लादेश सरकार और प्रदर्शनकारियों की दलीलें अपनी जगह हैं, सरकार को चाहिए कि सड़कों पर उतरे युवाओं को किसी तरह भरोसे में ले।

## सैम सिंह का अनोखा संसार

**(शशि शेखर)**

*उस शाम उन्होंने एक बार भी किसी विभूति का जिक्र नहीं किया था। वह प्रयोगधर्मी थे, दुकानदार नहीं। सैम चले गए, पर वह उन हजारों बच्चियों, महिलाओं और उनके परिजनों के दिलों में अंतिम सांस तक धड़केंगे, जिनकी जिंदगी में उनकी पहल से उजाले ने दस्तक दी। सैम जैसे लोग मरते कहां हैं?*

अंकल 'सैम' उर्फ 'वीरेंद्र सैम' उर्फ वीरेंद्र सिंह नहीं रहे। गुजरे मंगलवार को उन्होंने अमेरिका में अपनी बेटी के यहां अंतिम सांस ली। सैम की इच्छा के अनुरूप उनकी देह बुलंदशहर स्थित उनके गांव लाई गई है, जहां आज उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। बकौल मिर्जा जंवा बख्त जहांदार- पहुंचे वहां ही खाक, जहां का खमीर हो। सैम को अपनी मिट्टी से इतना प्यार था कि वह अमेरिका में सब कुछ छोड़ अपने गांव बिचौला लौट आए थे। उनकी कहानी रोचक और प्रेरणादायक है। आप भी सुनें। लगभग दस वर्ष पूर्व उनके साथ एक रसमयी शाम और जीवंत सवेरा गुजारा था। मुझे उनके विचारों की प्रायोगिक गहराई और खुशमिजाजी ने अंदर तक छुआ था। उनकी उम्र ढल रही थी, पर नेक कामों की प्रदीप्तता प्रभावित करने वाली थी। गहरी से गहरी बात वह हंसकर बोल रहे थे। बुलंदशहर के उस गांव में उन्होंने सारा सरंजाम जुटा रखा था और उनका आतिथ्य किसी लखनवी रईस से कमतर न था। सैम ने उस दौरान बताया था कि उन्हें बचपन से हॉकी का जुनून था और इस खेल ने उनकी जिंदगी का 'खेल' बदल दिया। हुआ यूं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की टीम से मैच खेलते वक्त पंजाब यूनिवर्सिटी के कुलपति की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने सैम उर्फ वीरेंद्र सिंह से कहा कि तुम चाहो, तो तुम्हारा दाखिला मैं भिवानी के इंजीनियरिंग कॉलेज में करा सकता हूं। शर्त बस इतनी है कि तुम्हें हमारे विश्वविद्यालय की ओर से खेलना होगा। वीरेंद्र सिंह की तो जैसे लॉटरी लग गई। उसी दौरान उन्हें मैनचेस्टर में एक मैच खेलने का मौका मिला। वहां की कपड़ा मिलें देखकर वह पश्चिम के पेशेवर रवैये से खासे प्रभावित हुए। इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए डीसीएम में नौकरी की। इसी बीच वीरेंद्र सिंह का दाखिला अमेरिका की मिनेसोटा यूनिवर्सिटी में हो गया। टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में मास्टर्स की डिग्री लेने के लिए वह वहां जा पहुंचे। बुलंदशहर के एक ग्रामीण बालक की यह 'सैम' बनने की शुरुआत थी। वह 1960 का परिवर्तनकारी समय था। शीतयुद्ध चरम पर था और अमेरिका को सैम जैसे जुझारू नौजवानों की जरूरत थी। बहुत जल्द सैम ने ड्यू पॉण्ट में नौकरी शुरू की। पेशेवर तरक्की के साथ उनका परिवार बढ़ चला था। सिंह दंपति के जीवन में कुछ अंतराल पर दो बेटियों का आगमन हुआ। वह छोटा सा परिवार अमेरिका का और अमेरिकी उसके कुटुंबी हो चले थे। हॉकी ने सैम को सतत ऊर्जस्वित और सक्रिय रहना सिखाया था। अमेरिकी गुण-ग्राहकता के लिए ये लुभावने गुण थे। वह तेजी से सीढ़ियां चढ़े और देखते-देखते एशियाई देशों के सर्वेसर्वा बन गए। उन्हें ड्यू पॉण्ट का अध्यक्ष भी बनाया गया। उन दिनों उंगलियों के पोरों पर गिने जा सकने वाले भारतीय ही कॉरपोरेट में ऐसे झंडे गाड़ सके थे। सब ठीक चल रहा था कि वर्ष 2000 में उन्होंने अपने गांव लौटने का फैसला ले लिया। उनके परिवारी, सहयोगी और गांव के लोग तक अचंभित थे। क्यों? वीरेंद्र सिंह सफल सैम में तो तब्दील हो चुके थे, पर उन्हें एक बात अखरती थी। कारोबारी बैठकों के दौरान अक्सर उनके सीईओ कहते कि आज भारत में नाव पलटने से ...लोग डूब गए। कभी ट्रेन पटरी से उतरती, तो कभी कहीं आग लग जाती। मेलों में भगदड़ से भी लोग मारे जाते। हर बार ऐसी खबर छपने के बाद दो मिनट का मौन रखा जाता। असमय काल कवलित हुए लोगों के लिए इस अमेरिकी शिष्टाचार से उन्हें गिला न था, पर हर बार सैम के मन में आहत करने वाला सवाल उठता, भारत ही क्यों? हालात बदलने चाहिए, पर बदलें कैसे? कौन पहल करेगा? एक दिन जवाब भी मिल गया, अगर किसी को पहल करनी है, तो मैं ही क्यों नहीं? सैम ने जमी-जमाई नौकरी छोड़ दी और गांव लौटकर परदादा-परदादी एजुकेशनल सोसायटी की स्थापना की। वह महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करना चाहते थे। सैम जानते थे कि कोई देश या समाज शिक्षित-समर्थ आधी आबादी के बिना पनप नहीं सकता। अमेरिकी तरक्की में वह महिलाओं का योगदान खुद देख-समझकर आए थे। अब बाकी जिंदगी उनका यही मकसद था। पुरानी कहावत है- हवन करते हाथ जलते हैं। आरंभिक दौर उनके लिए काफी कठिन था। वह किसी से कहते कि अपनी कन्या को पढ़ाने भेजो, तो जवाब मिलता- 'बाबू जी, मुझे अपनी लौंडिया का ब्याह करना है। ज्यादा पढ़ा-लिखाकर कलक्टर तो नहीं बनाना।' हॉकी के मैदान का धीरज यहां काम आने वाला था। वह जैसे पत्थर को पिघलाने के लिए पानी डाल रहे थे। पहले साल उनके स्कूल को महज 45 बच्चियां मिलीं। आज लगभग चार हजार छात्राएं वहां शिक्षा प्राप्त करती हैं। हर छात्रा को ड्रेस, तीन बार भोजन, पुस्तकें और ट्रांसपोर्ट निःशुल्क मुहैया कराया जाता है। यही नहीं, उनके खाते में हर रोज 10 रुपये जमा किए जाते हैं। इन बच्चियों को रोजगार की गारंटी दी जाती है और अभिरुचि के अनुसार प्रशिक्षित किया जाता है। इस संस्थान के शुरुआती वर्षों में निकली कुछ छात्राएं बतौर प्रोफेशनल देश-परदेस में झंडे गाड़ रही हैं। पिछले 24 सालों में अनूपशहर और आस-पास के इलाके की हजारों बच्चियां इस सोसायटी के जरिये आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। यही नहीं, तकरीबन सात हजार अन्य महिलाएं इस समूह से जुड़ी हुई हैं। उन्हें अगरबत्ती, अचार, सेनेटरी पैड आदि बनाना सिखाया जाता है। इन उत्पादों की बिक्री से हासिल रकम उनके खाते में जाती है। उस शाम सैम हमें अनूपशहर ले गए थे। वहां गंगा के किनारे उनकी सोसायटी पेयजल एटीएम चलाती है। दर्जनों महिलाएं और बच्चियां वहां पच्चीस पैसे लीटर के हिसाब से जल ले रही थीं। मैंने पूछा, आप पेयजल का भुगतान क्यों लेते हैं? जवाब शिक्षाप्रद था। सैम ने कहा, 'दुनिया में कहीं भी मुफ्त के माल की इज्जत नहीं होती। मैं दस रुपये की कीमत वाला जल चवन्नी में उपलब्ध कराता हूं, क्योंकि मुझे इससे लाभ नहीं कमाना। पैसा देने के बाद लोग पानी को बर्बाद नहीं करते, उसे सम्हालकर रखते हैं।' सेहत के साथ जल संरक्षण की ऐसी व्यावहारिक शिक्षा! यह मेरे लिए नया फलसफा था। सैम ने ऐसे तमाम फलसफे न केवल गढ़े, बल्कि उनसे बच्चों से बूढ़ों तक को वाकिफ भी कराया। उस धुंधलाती शाम मैंने अनूपशहर के उस मोहल्ले के लोगों की आंखों में उनके लिए सम्मान पढ़ा था। जो उस सड़क से गुजरता, ठिठकता और फिर अदब से कहता, 'बाबूजी राम-राम।' कोई 'राम-राम' के इस सनातन अभिवादन से पूर्व बाबा या चाचा जोड़ देता। जाहिर है, इस बड़े समूह में अबोध बच्चों से लेकर बालों में पसर रही चांदी सी सफेदी वाले बुजुर्ग तक थे।

## क्या हवा का रुख बदल पाएंगी कमला हैरिस

**(ललित मोहन बंसल)**

'नामांकन लूंगी और चुनाव भी जीतूंगी', कमला हैरिस जोश में हैं। भारतीय मूल की अश्वेत कमला हैरिस को मालूम है कि जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से हटने के बाद नामांकन हासिल करना सहज नहीं है। कई और प्रत्याशी इस दौड़ में शामिल हैं। पिछले रविवार की दोपहर पता चला कि बाइडन चुनाव से हट रहे हैं। इसके बाद डेमोक्रेटिक राजनीति में जैसे पंख लग गए। कैलिफोर्निया और इलिनॉय सहित चार बड़े डेमोक्रेट राज्यों के गवर्नर राष्ट्रपति पद के नामांकन की दौड़ में शामिल हो गए। ऐसे भी कुछ सीनियर डेमोक्रेट हैं, जो मिनी प्राइमरी कर नामांकन मामले को उलझाने में लगे हैं। लेकिन चार साल उपराष्ट्रपति पद पर रहने के बाद कमला यह बखूबी जानती हैं कि वह जिस पद पर हैं, उस वजह से उन्हें प्राथमिकता तो मिल सकती है, मगर सीधे नामांकन नहीं मिल सकता। डेमोक्रेटिक पार्टी का नेशनल कन्वेंशन 19 अगस्त को है। इसके लिए सारी व्यवस्था हो चुकी है। चुनाव में अब 105 दिन ही बचे हैं। इसलिए कमला हैरिस ने देशवासियों, खासकर डेमोक्रेट सदस्यों से दो-टूक अपील की, 'आइए, हम सभी एकजुट होकर लड़ें, मिलजुल कर चुनाव जीतें।' इस अपील का असर भी हुआ। डेमोक्रेट बहुल कैलिफोर्निया के गवर्नर गेवन न्यूसम ने उनके समर्थन की घोषणा कर दी। रविवार शाम तक कमला हैरिस के समर्थन में एक दर्जन डेमोक्रेट बहुल राज्य और आ गए। न्यू यॉर्क स्टेट की महिला गवर्नर कैथी होचुल ने जोरदार अपील में कहा, 'कमला न्याय की प्रतिमूर्ति हैं। वह महिलाओं के लिए दिन-प्रतिदिन संघर्ष करने को तत्पर रहती हैं।' कमला कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल रह चुकी हैं। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए इमिग्रेशन और गर्भपात जैसे बड़े मुद्दों पर बड़ी सुर्खियां बटोरी हैं। इसके विपरीत डॉनल्ड ट्रंप चार आपराधिक मामलों में कसूरवार और 91 अदालती मामलों अभियुक्त रह चुके हैं। हालांकि ट्रंप को सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल चुकी है, लेकिन एक बड़ा वर्ग आज भी उनके वैयक्तिक चाल-चलन से नाखुश है। जिन चार राज्यों के गवर्नर चुनावी राजनीति में आगे आना चाहते हैं, वे सभी लोकप्रियता में कमला हैरिस से बहुत पीछे हैं। इसके बावजूद शीर्षस्थ डेमोक्रेट बराक ओबामा सहित सीनेट और प्रतिनिधि सभा के नेता कमला का समर्थन नहीं कर पाए। कमला हैरिस के पक्ष में एशियाई अमेरिकी के साथ बड़ी संख्या में अश्वेत और अफ्रीकी अमेरिकी एकजुट होकर खड़े हैं। अफ्रीकी अमेरिकी 19 प्रतिशत हैं। इनके अलावा लैटिन अमेरिकी मूल के बारह से पंद्रह प्रतिशत मतदाता रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ते हैं। बराक ओबामा को पहले टर्म में अश्वेत, भारतीय और लैटिन अमेरिकी समुदाय से 84 प्रतिशत मत मिले थे। कहा जा रहा है कि भारत के तमिल, तेलुगू और मलयाली सहित अन्यान्य प्रवासी भारतीय कमला के पक्ष में एकजुट होते जा रहे हैं। इस अश्वेत, अफ्रीकी अमेरिकी, भारतीय अमेरिकी समुदाय की देश के छोटे-बड़े छह स्विंग स्टेट में इतनी पैठ है कि वह चुनाव के रुख को बदल सकता है। कहा जा रहा है कि कट्टर ईसाई समुदाय में इवेंजिलिस्ट के अहंकारी स्वभाव के कारण कमला हैरिस का वोट बैंक स्थिर है। उसका रिपब्लिकन खाते में जाना संभव नहीं है। कमला हैरिस के पक्ष में डेमोक्रेट वोट बैंक के साथ एक बात और जा रही है। उन्हें जो बाइडन के चुनावी फंड में जमा करीब सात सौ करोड़ रुपये मिल सकेंगे। यही नहीं, बाइडन के नाम वापस लेने भर से उसके बाद के पांच घंटों में छोटे-छोटे दानदाताओं ने दो सौ सत्तर करोड़ रुपये उनकी झोली में डाल दिए हैं। ऐसे ही बड़े डोनर्स की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। एक ताज़ा एशियन अमेरिकन वोटर सर्वे में कहा गया है कि यह समूह तेजी से बढ़ रहा है। इसमें पिछले चार वर्षों में पंद्रह प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस समुदाय के सामने मुख्य मुद्दे रोज़गार, हेल्थ/मेडिकेयर, महंगाई और मकानों के बढ़ते किराये हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5448

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5447

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5448



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2000 को ऑस्टेलिया में यहां 27 वें ओलम्पिक खेलों का शुभारंभ हुआ (3)
3. इस देश को साऊथवेस्ट अफ्रिका कहा जाता था (4)
6. समय का अत्यंत छोटा भाग (2)
7. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
10. पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार जिनका मूल नाम अब्दुल हयी था (8)
15. तिब्बती धर्मगुरू यह कहलाते है (2)
16. धतूरा, स्वर्ण (3)
17. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
19. मशगूल, काम में लगा हुआ (2)
20. देह, शरीर, काया, बदन (2)
21. सुगमता, आसानी, सुख, चैन (3)
22. यह नार्डिक देशों में सबसे बड़ा देश जिसकी राजधानी स्टाकहोम है (3)
23. पूर्ति साधन, वह जो किया जाए (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. सेनाध्यक्ष, सेनानी, कमांडर, सेनापति (6)
2. कश्मीर की प्रसिद्ध झील (2)
3. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
4. मछली, मत्स्य, बारह राशियों में से एक (2)
5. एक नहर, तीन घंटे का समय (2)
8. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
9. इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
11. अविवेक, मूढ़ता, नासमझी, विवेकहीनता (4)
12. देखना (अंग्रेजी), इनामल (2)
13. शास्त्रीहय संगीत में तबले आदि का बोल (2)
14. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला एक जंगली बैल (2)
18. विद्वान व्यक्ति, ध्यानी (3)
19. प्रक्षालनकर्मी, प्रक्षालक, मैले वस्त्र साफ करने वाला (3)
21. हुनर, कला, आर्ट, गुण (2)

### वर्ग पहेली 5447 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | म | जे | ठ | म | ला | नी | |
| म | न | | ह | म | ला | व | र |
| दा | न | वी | र | | अ | | ह |
| स | | | ना | का | म | या | ब |
| | आ | | | म | र | म | र |
| फा | ग | | म | दी | ना | | |
| गु | म | रा | ह | | थ | म | ना |
| न | न | | ल | क्ष्य | | ला | स |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी। एक बार आप अपने काम को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी। आपके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि का दिन है। कानूनी कागजातों पर दस्तखत करने से पहले हर मामले में सावधानी रखें। आपके लाभ और सम्मान में वृद्धि होगी। और रुपये-पैसे के लेनदेन में सावधानी रखें।

### वृष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको ऑफिस के साथ ही घर में हर प्रकार का सपॉर्ट प्राप्त होगा। ऑफिस में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। आपके प्रमोशन और वेतन में बढ़ोत्तरी की चर्चा हो सकती है। घर के छोटे सदस्यों को समय देना बहुत जरूरी है। आपको अपने बच्चों के करियर पर ध्यान देने की जरूरत है। संतान को आपकी मदद से लाभ होगा।

### मिथुन
आज लाभ होगा और ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा। भागदौड़ करने से आपको लाभ होगा और मेहनत से करने से आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं होती।

### तुला
आज लाभ और सम्मान का दिन है और आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दोपहर बाद सभी काम बनते नज़र आएंगे। काफी समय से रुका पैसा आपको मिलेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। बिजनस के मामले में कोई डील करने से पहले जांच कर लें।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और दिन सम्मान से भरा होगा। आपको खुशी का एहसास होगा और हर कार्य में सफलता मिलने के योग हैं। ऑफिस में कुलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी मदद के लिए आगे आएंगे। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे। शाम को धार्मिक कार्य में मन लगेगा।

### धनु
आज लाभ होगा और आपका आर्थिक मामलों में से जुड़ा कोई फैसला पूरा होगा। आपका दिन शुभ लाभ से भरा होगा। आपके पास समय की कमी की वजह से आपके कुछ कार्य अधूरे रह सकते हैं। घर में किसी शुभ कार्य की बातचीत हो सकती है। कोई पुराना दोस्त आपसे मिलने आ सकता है। आपका दिन लाभ से भरा होगा और रुका पैसा मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

### कर्क
आज आपको सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार करना पड़ेगा। आसपास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से मेलजोल बढ़ाना आपके लिए फायदेमंद होगा। बिजनस में आपको लाभ होगा और आपके कार्य पूर्ण होंगे और मुनाफा अच्छा होगा। करियर के मामले में आपको लाभ होगा।

### सिंह
आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिन बातों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे, दोपहर में वही आपको खुशी देगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा। बुद्धि से जुड़े कामों के नतीजे शाम तक मिलने लगेंगे। किसी नई डील को फाइनल करने का काम कुछ समय के लिए टाला जा सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

### कन्या
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको दिल और दिमाग के संतुलन से सफलता मिलेगी। अकाउंट्स की फाइलों को तैयार रखें। कभी भी जरूरत पड़ सकती है। अपने स्टाफ पर नज़र रखें। अपन अच्छे व्यवहार से आपका मन खुश रहेगा।

### मकर
आज भाग्य साथ देगा और किसी क्रिएटिव काम में आपकी रुचि बढ़ेगी और भाग्य का साथ मिलेगा। थोड़ा बहुत पैसा भी कमाने के चांस हैं। पैसे की समस्या आएगी लेकिन वह शाम तक टल भी जाएगी। कोई दोस्त अगर उधार मांगे तो उसे अपनी स्थिति साफ तौर पर बता दें। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

### कुंभ
आज करियर में लाभ होने की उम्मीद है। पॉलिटिक्स में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी मामले में आपको नुकसान हो सकता है। करियर में आपके लिए लाभ के योग हैं और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपको रुपये-पैसे के मामले में लाभ होगा। आपको करियर और कारोबार में लाभ होने के योग हैं। आपको धन लाभ होगा और किस्मत आपका साथ देगी।

### मीन
आज लाभ होगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। आपको भाग्य का साथ मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का प्लान बन सकता है। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी। कोई नई डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है। आपको लाभ और सम्मान मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**



# स्टेनोग्राफर एक अच्छा कॅरियर विकल्प

जिन युवाओं की इच्छा सरकारी नौकरी करने की है। उनके लिए स्टेनोग्राफी एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। यह 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद स्टेनोग्राफी करियर का एक अच्छा क्षेत्र है। स्टेनोग्राफर के पद का वेतनमान आकर्षक होता है। यह कम खर्चीला भी होता है। स्टेनोग्राफर पर कार्यालय या संस्था के गोपनीय रिकॉर्डों को संभालने का दायित्व रहता है। स्टेनोग्राफर अपने अधिकारी के प्रति विश्वनीय पद है। इस पद पर काम करना एक गरिमापूर्ण व चुनौतीपूर्ण है। अच्छी खासी तनख्वाह ऊपर से सरकारी नौकरी का रौब अलग। यही बातें हैं जो युवाओं को स्टेनोग्राफी की तरफ आकर्षित करती हैं, लेकिन इसमें कड़ी मेहनत की आवशकता होती है।

स्टेनोग्राफी आशय होता है संक्षिप्त लेखन जिसे अंग्रेजी में शॉर्टहैंड कहा जाता है एक प्रकार की लेखन विधि होती है। हमारे देश में स्टेनोग्राफर के पद अदालतों, शासकीय कार्यालयों, मंत्रालयों, रेलवे विभागों में होते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के लिए कड़े परिश्रम की आवशकता होती है, क्योंकि इस भाषा में शब्द गति होना आवश्यक है। एक कुशल स्टेनोग्राफर बनने के लिए उस विषय की भाषा का व्याकरण का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। स्टेनोग्राफर बनने के लिए 100 शब्द प्रति मिनट की गति उत्तीर्ण करना आवश्यक होता है। देश में विभिन्न संस्थाएं स्टेनोग्राफर के कोर्स करवाए जाते हैं। देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में भी स्टेनोग्राफर का एक वर्षीय कोर्स करवाया जाता है। इन संस्थानों में 100 शब्द प्रति मिनट की गति से परीक्षाएं भी ली जाती हैं। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद आप स्टेनोग्राफर बन सकते हैं। सरकारी विभागों द्वारा विज्ञापनों में स्टेनोग्राफर की भर्तियां निकाली जाती हैं।

## महत्वपूर्ण पद

हर सरकारी दफ्तर में स्टेनोग्राफर के कई पद होते हैं। स्टेनोग्राफर गरिमापूर्ण पद होता है क्योंकि उसकी नियुक्ति विभागाध्यक्ष के निजी सहायक के रूप में होती है। वह कार्यालय के गोपनीय कार्य सम्भालना, डिक्टेशन कार्य और पीढासीन अधिकारी के प्रति विश्वसनीयता कायम रखने की जिम्मेदारी संभालता है। स्टेनोग्राफर पद का वेतनमान भी आकर्षक है। यह द्वितीय श्रेणी का पद है। कुशल और तीव्र गति की स्टेनोग्राफी के माध्यम से सीधे ही राजपत्रित अधिकारी का पद भी प्राप्त किया जा सकता है जिससे संसद व विधानसभा में संसदीय रिपोर्टर के पद नियुक्ति प्राप्त की जा सकती है। यह बहुत आकर्षक पद होता है।

## जरूरी योग्यता

स्टेनोग्राफर पद के लिए उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा हिन्दी अथवा अंग्रेजी आशुलिपि में न्यूनतम 80 शब्द प्रति मिनट की गति होना आवश्यक है। इस पद के लिए न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 27 वर्ष तक की आयु निर्धारित है, कुछ विभागों में अधिकतम आयु 35 वर्ष तक निर्धारित है।

## भर्ती

स्टेनोग्राफर पद की भर्ती संसद, विधानसभाओं, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, कर्मचारी चयन आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, रेल्वे भर्ती बोर्ड, अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड तथा अन्य राजकीय उपक्रमों के माध्यम से की जाती है। इनके द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का पदस्थापन केंद्रीय सचिवालय, शासन सचिवालय, संसद, विधानसभाओं आदि सरकारी कार्यालयों में राजकीय कर्मचारी के रूप में किया जाता है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों में आधुनिक कार्यालय प्रबंधन या मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट एमओएम के रूप में कोर्स करवाए जाते हैं। इसमें आशुलिपि के अलावा कम्प्यूटर, टंकण एवं लेखा से संबंधित कोर्स भी सम्मिलित है। राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में भी एक वर्षीय कोर्स करवाया जाता है।



# अवसरों की भरमार है बैंकिंग क्षेत्र में

**देश में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने वाले सेक्टर के रूप में बैंकिंग इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण स्थान है। देश के दूरदराज के इलाकों में बैंकों की नई शाखाएं खुलने तथा प्रति वर्ष लगभग 40-50 हजार बैंक कर्मियों के रिटायर होने अथवा स्वैच्छिक सेवा अवकाश लेने के कारण इस क्षेत्र में नियुक्तियां करने की प्रक्रिया निरन्तर चलती रहती है। युवाओं में आज भी बैंकिंग जॉब्स का आकर्षण बना हुआ है। यह इस बात से सिद्ध हो जाता है कि प्रति वर्ष लाखों नहीं बल्कि करोड़ों की संख्या में युवा बैंकिंग चयन परीक्षाओं में शामिल होते हैं। इन्हीं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से बैंकों में क्लर्क और अधिकारी वर्ग की रिक्तियों को भरा जाता है।**

## वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य

देश की विशाल आबादी की ही तरह भारतीय बैंकिंग क्षेत्र भी व्यापक है। इसका नेटवर्क देश के लगभग साढ़े पांच लाख गाँवों को अपनी परिधि में किसी न किसी रूप में अवश्य लिए हुए है। इस विस्तृत बैंकिंग ढांचे के अंतर्गत 27 पब्लिक सेक्टर बैंक, 22 प्राइवेट बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 रीजनल रूरल बैंक, 1589 शहरी को-ऑपरेटिव बैंक, 93550 ग्रामीण को-ऑपरेटिव बैंक शामिल हैं।

## बैंकिंग क्षेत्र के लिए व्यक्तिगत गुण

ऑफिस जॉब और जीवन में स्थिरता चाहने वाले युवाओं के लिए बैंकिंग सेक्टर एक बेहतर और उपयुक्त करिअर ऑप्शन माना जा सकता है। इस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कारूरी है कि युवा में मैथ्स के साथ एकाउंटिंग में रुचि हो। पब्लिक डीलिंग का प्रावधान होने की वजह से धैर्यवान और गुस्से से कोसों दूर रहने जैसे गुण भी काफी उपयोगी कहे जा सकते हैं।

## बैंकिंग चयन परीक्षाएं

इंस्टिट्यूट ऑफ़ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आई बी पी एस) द्वारा देश भर के बैंकों की रिक्तियों को भरने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं के लिए आवेदन से लेकर परीक्षा के पैटर्न आदि के बारे में आई बी पी एस की वेबसाईट से अधिकृत जानकारी हासिल की जा सकती है। इस संस्थान द्वारा आयोजित बैंकिंग परीक्षाओं में 2016-17 के दौरान लगभग 1.51 करोड़ प्रत्याशियों ने अखिल भारतीय स्तर पर रजिस्ट्रेशन कराया था। इस तथ्य से इसकी क्षमता का सहज ही अंदाका हो जाता है। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया और इससे सम्बद्ध बैंकों की रिक्तियों को भरने के लिए एस बी आई द्वारा स्वयं चयन प्रक्रिया का संचालन किया जाता है।

## बैंकिंग परीक्षाओं के पैटर्न

क्लर्क और प्रोबेशनरी ऑफिसर के पदों की रिक्तियों को भरने के लिए बुनियादी तौर पर दो तरह के बैंकिंग एग्जाम्स का आयोजन किया जाता है। क्लेरिकल पदों के एग्जाम में इंग्लिश लैंग्वेज, न्यूमेरिकल एबिलिटी, रीजनिंग, कम्प्यूटर एप्टीट्यूड, बैंकिंग/फाइनेंस इत्यादि पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रोबेशनरी ऑफिसर की रिक्तियों को भरने के लिए आयोजित परीक्षा में तीन स्तर पर चयन प्रक्रिया का आयोजन किया जाता है। इनमें प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू शामिल हैं। दोनों ही पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता ग्रेजुएशन ही है।

## जॉब्स के प्रकार

प्रोबेशनरी ऑफिसर (पी ओ) पर बैंक शाखा के प्रबंधन से लेकर अन्य प्रकार के समन्वयन संबंधित कार्यों का जिम्मा होता है और क्लर्क कैडर के कर्मियों द्वारा पब्लिक डीलिंग का काम मुस्तैदी से संभाला जाता है। मात्र तीन -चार वर्षों के बाद ही ये कर्मी भी पी ओ वर्ग की श्रेणी में प्रोन्नति पाकर पहुँच जाते हैं। इसके अतिरिक्त बैंकिंग इंडस्ट्री में विभागीय परीक्षाओं का समय-समय पर आयोजन किया जाता है। इन परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर समय से पूर्व प्रमोशन भी लिया जा सकता है।

## बैंकिंग स्पेशियलिस्ट ऑफिसर

बैंकिंग सेक्टर में बहुसंख्यक कर्मी पी ओ और क्लेरिकल वर्ग के ही होते हैं,परन्तु इनके अलावा खास विधाओं में ट्रेंड कर्मियों की भी सभी बैंकों द्वारा नियुक्तियां की जाती हैं। इनमें इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी ऑफिसर(आई टी डिग्रीधारक) , एग्रीकल्चरल फील्ड ऑफिसर(एग्रीकल्चर साइंस में ग्रेजुएट), ह्युमन रिसोर्स ऑफिसर (ह्युमन रिसोर्स में एम बी ए/पर्सोनल मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा), लॉ ऑफिसर(एल एल बी डिग्रीधारक), मार्केटिंग ऑफिसर (मार्केटिंग की विधा में ट्रेंड), राजभाषा अधिकारी आदि का खास तौर पर उल्लेख किया जा सकता है। इनके पदनामों से ही इनके कार्यकलापों के महत्त्व को समझा जा सकता है।

## सैलरी

बैंकिंग इंडस्ट्री की सैलरी और इनके भत्तों को एक समय में काफी आकर्षक माना जाता था लेकिन वेतनमानों में मुद्रास्फीति की बढ़ती दरों के अनुसार संशोधन नहीं होने के कारण अब इनका आकर्षण कुछ कम हुआ है। बैंक कर्मी लगातार इस दिशा में संघर्षरत हैं और उम्मीद की जाती है कि निकट भविष्य में बैंकिंग इंडस्ट्री के वेतनमानों को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाये जा सकते हैं। इसके बावजूद करिअर निर्माण और स्थाई जॉब की दृष्टि से यह क्षेत्र अभी भी युवाओं की प्राथमिकताओं में काफी ऊपर है।







# स्टार्टअप नहीं बड़ी कंपनियों को तरजीह दे रहे हैं युवा

**मौजूदा आर्थिक अनिश्चितताओं और भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के सामने आने वाली हालिया चुनौतियों के साथ, नौकरी चाहने वाले अब स्टार्टअप्स के बजाय बड़ी कंपनियों को तरजीह दे रहे हैं.**

नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के एक सर्वेक्षण के मुताबिक 73 प्रतिशत नौकरी चाहने वाले संगठन के साथ काम करने और करियर में आगे बढ़ने के लिए स्थिर और स्थापित कंपनियों को पसंद करते हैं. मंगलवार को जारी नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है. इस रिपोर्ट के मुताबिक केवल 27 प्रतिशत कर्मचारी अभी भी करियर के विकास के लिए स्टार्टअप पर स्विच करने पर विचार करेंगे. अपना डॉट को के संस्थापक और सीईओ निरमित पारिख ने कहा, नौकरी चाहने वालों की बदलती प्राथमिकताओं के साथ भारत का नौकरी बाजार तेजी से विकसित हो रहा है. ऐसे में नौकरी चाहने वाले अब बेहतर करियर की संभावनाओं के लिए स्थिर और स्थापित कंपनियों की ओर अधिक झुकाव रखते हैं.

## 10 हजार नौकरी चाहने वालों से पूछे गए सवाल

रिपोर्ट तैयार करने के लिए में 10,000 से अधिक नौकरी चाहने वालों और 1,000 मानव संसाधन भर्तीकर्ताओं के बयानों को शामिल किया गया है.

इसके मुताबिक नियोक्ता एक कौशल-प्रथम दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रहे हैं. रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि नौकरी चाहने वाले नौकरी की तलाश करते समय, स्थान, आने जाने और वर्क लाइफ बैलेंस और कंपनी की संस्कृति के साथ-साथ वेतन के साथ-साथ करियर के विकास के अवसरों को प्राथमिकता देते हैं. लगभग 73 प्रतिशत भारतीय अपनी नौकरी की खोज में करियर के विकास को प्राथमिक कारक मानते हैं. यहां तक कि वर्क लाइफ बैलेंस और लचीले काम के घंटों के महत्व को भी पार कर जाते हैं. 10 में से लगभग 9 नियोक्ताओं ने कुशल पेशेवरों के महत्व को भर्ती के लिए एक प्रमुख मानदंड के रूप में पहचाना है, हालांकि 10 में से केवल 6 नियोक्ताओं ने अपने संगठनों में अपस्किलिंग कार्यक्रमों को लागू किया है. इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि नियोक्ता अब तकनीकी कौशल वाले उम्मीदवारों की तलाश कर रहे हैं, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में भूमिकाओं के लिए. लगभग 65 प्रतिशत पेशेवर नौकरी के साक्षात्कार में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल को एक प्रतिष्ठित संस्थान से डिग्री के रूप में महत्वपूर्ण मानते हैं.

## स्टार्टअप्स में नौकरी जाने का डर

रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं प्रासंगिक कौशल पर अधिक जोर देती हैं, 77 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं ने 51 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में इसके महत्व का संकेत दिया है. नौकरी के लिए बड़ी कंपनियों को चुनना इस बात की ओर भी इशारा करता है कि लोग छंटनी से बचना चाहते हैं क्योंकि हाल के दिनों में स्टार्टअप्स में छंटनी तेजी से बढ़ी है. स्टार्टअप कवरेज पोर्टलने पिछले महीने एक रिपोर्ट जारी की थी. उसके मुताबिक देश में अब तक 84 स्टार्टअप द्वारा 24,256 कर्मचारियों की छंटनी की जा चुकी है. कर्मचारियों को बर्खास्त करने वाले स्टार्टअप्स की सूची देश में बढ़ती ही जा रही है.



# कब लें कॅरियर काउंसलर की सलाह

अक्सर हम करियर काउंसलिंग का समय पहचानने में देरी कर देते हैं। जब बच्चे आगे की राह चुनने की दहलीज पर होते हैं। इसे आप हाई स्कूल (सेकेंडरी) ही मानिए, क्योंकि इसके बाद ही स्टूडेंट्स के लिए स्ट्रीम चेंज करने का समय होता है और यही वह समय है, जब उन्हें प्रॉपर गाइडेंस की जरूरत होती है। पैरेंट्स को इसी फेज में बच्चों को करियर संबंधी गाइडेंस प्रोवाइड करवानी चाहिए। इससे उसे सही सब्जेक्ट चुनने में मदद मिलती है, बल्कि वह यह भी जान पाता है कि किन विषयों में वाकई उसका रूझान है। प्रोफेशनल काउंसलर मनोवैज्ञानिक तरीके से छात्र से बातचीत करते हैं और मनोवैज्ञानिक या साइकोमेट्रिक टेस्ट के आधार पर स्टूडेंट के टैलेंट को समझते हैं। अक्सर हम करियर काउंसलिंग का समय पहचानने में देरी कर देते हैं।

दरअसल, करियर काउंसलिंग का सही समय वह है, अगर 11वीं में सही सब्जेक्ट का चुनाव न किया, तो पूरा करियर ही यू-टर्न ले सकता है। पैरेंट्स को बच्चे की पढ़ाई पर ध्यान तो देना ही चाहिए, जरूरत उन्हें यह समझने की भी है कि बच्चे की रुचि किन सब्जेक्ट्स में है और वह उनमें कैसा कर रहा है!

यह भी देखना चाहिए कि किन विषयों को पढ़ने में बच्चे का मन नहीं लगता। इसके बाद अभिभावक करियर के चुनाव में बच्चे की मदद कर सकते हैं। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में पैरेंट्स बच्चों के लिए कितना वक्त निकाल पाते हैं, यह सबको मालूम है। बच्चे का रिजल्ट भले पैरेंट्स को पता हो, लेकिन वे अक्सर उसकी पसंद को समझने में चूक जाते हैं। सिर्फ किसी सब्जेक्ट में अच्छे नंबर लाना उस सब्जेक्ट में बच्चे के आगे बेहतर करने की गारंटी नहीं है।पैरेंट्स के लिए इस बात को समझना जरूरी है।

इंजीनियरिंग-मेडिकल जैसे क्षेत्रों के प्रति क्रेज का ही यह नतीजा है कि मन मुताबिक पढ़ाई न कर पाने की वजह से बच्चे तनाव में घिर रहे हैं। यहीं पर बच्चों यानी स्टूडेंट्स को काउंसलिंग की जरूरत होती है, ताकि उनके पैरेंट्स उनकी प्रतिभा को पहचान सकें और उसे अपनी पसंद के रास्ते पर बढने की इजाजत दे सकें। यह कतई जरूरी नहीं है कि साइंस में 90 या 100 फीसदी अंक लाने वाला छात्र साइंस स्ट्रीम ही पसंद करे। आज मैनेजमेंट में कई नए सब्जेक्ट आ गए हैं। हो सकता है उसकी रुचि गणित में न हो, क्योंकि 10वीं के बाद पढ़ाई का लेवल अचानक हाई हो जाता है और अगर स्टूडेंट की रुचि उसमें न हो, तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होने लगता है। काउंसलिंग में इन्हीं बातों को पैरेंट्स को समझाने की कोशिश की जाती है। नए क्षेत्रों की जानकारी काउंसलिंग का एक सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि काउंसलर आपको वैसे सब्जेक्ट या उभरते क्षेत्रों के बारे में भी बताते हैं, जिनसे आप अनजान होते हैं। काउंसलर आपको मार्केट ट्रेंड (देश-विदेश) के बारे में बताते हैं और इन सबसे ऊपर आपको अच्छा इंस्टीट्यूट चुनने में मदद करते हैं। सब्जेक्ट पसंद का होने से आप अपनी पसंद की राह पर बढ़ तो सकते हैं, लेकिन इस गलाकाट प्रतियोगिता के जमाने में अच्छे इंस्टीट्यूट का चुनाव करके ही आप दूसरों पर बढ़त ले सकते हैं। आज मैनेजमेंट में कई नए सब्जेक्ट आ गए हैं। इसी तरह लॉ का क्षेत्र बढ़ गया है। फैशन टेक्नोलॉजी का बुखार और खुमार तो है ही, खेल के क्षेत्र में हो रहे सुधार और कमाई से इस क्षेत्र में क्रिकेट के अलावा नए ऑप्शन पर भी उभरे हैं। एक काउंसलर की सलाह यहीं कारगर होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान सरकार ने गांधी वाटिका न्यास,जयपुर अधिनियम को निरस्त किया

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की भाजपा सरकार ने गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन के लिए पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए गांधी वाटिका न्यास, जयपुर अधिनियम, 2023 को मंगलवार को निरस्त कर दिया। इस आशय का एक विधेयक - गांधी वाटिका न्यास, जयपुर (निरसन) विधेयक, 2024 - 15 जुलाई को राजस्थान विधानसभा में पेश किया गया था, जिसे आज सदन में चर्चा के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि गांधी संग्रहालय के बेहतर संचालन और महात्मा गांधी के विचारों के व्यापक और प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिए गांधी वाटिका न्यास जयपुर (निरसन) विधेयक पेश किया गया है। गोदारा मंगलवार को विधानसभा में गांधी वाटिका न्यास, जयपुर (निरसन) विधेयक-2024 पर हुई चर्चा के बाद जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गत सरकार ने गांधी संग्रहालय के संचालन के लिए तीन अक्टूबर, 2023 को गांधी वाटिका न्यास की स्थापना की। गोदारा ने कहा कि पिछले विधेयक को इसलिए निरस्त किया गया है, क्योंकि इसमें संग्रहालय के उपाध्यक्ष को व्यापक शक्तियां दी गई थी। उन्होंने कहा, ÷इसमें न्यास के उपाध्यक्ष को असीमित शक्तियां दी गई थी। अधिनियम में प्रावधान था कि अध्यक्ष भी किसी को हटाएगा तो उपाध्यक्ष के परामर्श से हटा पाएगा। साथ ही, किसी अयोग्यता से ग्रसित होने के बावजूद भी उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रावधान नहीं किया गया।÷ उन्होंने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने 85 करोड़ की लागत से इस संग्रहालय का निर्माण करवाया और वर्तमान में जेडीए ही इसका रखरखाव कर रहा है।

### सड़क हादसे में कांवड़िये की मौत के बाद प्रदर्शन

**गुरूग्राम, एजेंसी।** एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है। हरियाणा के गुरुग्राम में बुधवार तड़के तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने कांवड़ियों की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने इस हादसे में 17 वर्षीय एक कांवड़िये की मौत होने और उसके दो साथियों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कांवड़ियों ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दिल्ली-जयपुर राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना तड़के करीब 2.50 बजे हुई, जब हेमंत नाम का कांवड़िया राजस्थान के कोटपुतली जा रहा था। दुर्घटना के तुरंत बाद कांवड़ियों ने विरोध-प्रदर्शन किया और राजमार्ग के दोनों ओर जाम लगा दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बात की, जिसके बाद सड़क खोली गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है।

### नर्सरी के छात्र ने तीसरी कक्षा के बच्चे को मार दी गोली, बैग में पिस्टल लेकर पहुंचा था स्कूल

**सुपौल, एजेंसी।** बिहार के सुपौल जिले में त्रिवेणीगंज के लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में आज एक चौंकाने वाली घटना घटी। नर्सरी क्लास में पढ़ रहे 5 साल के बच्चा अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंचा था। प्राथना से पहले नर्सरी के छात्र ने तीसरी क्लास के 10 वर्षीय स्टूडेंट आसिफ पर गोली चला दी। गोली आसिफ के बाएं हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसिफ को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्कूल प्रशासन से भी यह पूछताछ की जा रही है कि आखिरकार इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हुई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने लालपट्टी गांव स्थित एनएच 327 को करीब आधे घंटे तक जामकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द अभियुक्त की गिरफ्तारी करने की मांग की।

# 1424 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्तः डॉ. धन सिंह रावत

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड की 1424 ग्राम पंचायत क्षयरोग (टीबी) से मुक्त हो गई है। भारत सरकार ने टीबी मुक्त पंचायत गतिविधि के अंतर्गत प्रमाणित करते हुये इन सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। यह राज्य के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तथा योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन के चलते प्राप्त की गई। अब प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल करना है जिसके लिये राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश टीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रसर है। दवा और हौंसलों के दम पर क्षयरोग को मात देने में सफलता मिल रही है। डॉ. रावत ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में टीबी मुक्त पंचायत अभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसके सफल क्रियान्वयन के चलते भारत सरकार ने प्रदेश की 1424 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत लगभग 3200 गांवों को टीबी मुक्त घोषित किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में राज्य द्वारा 1448 ग्राम



पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत गतिविधि के तहत सूचीबद्ध कर सत्यापन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा था। जिसके क्रम में केन्द्र सरकार ने प्रदेश की 1424 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायतों के लिये तय 6 मानकों पर खरा पाया। जिसमें अल्मोड़ा जनपद की 115, बागेश्वर 76, चमोली 115, चम्पावत 40, देहरादून, 187, हरिद्वार 18, नैनीताल 124, पौड़ी गढ़वाल 297, पिथौरागढ़ 124, रूद्रप्रयाग 44, टिहरी गढ़वाल 144, ऊधमसिंह नगर 117 तथा उत्तरकशी जनपद की 23 ग्राम पंचायतें शामिल है। विभागीय मंत्री ने बताया कि इन सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। जिसके लिये शीघ्र ही जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसके लिये आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डा. रावत ने बताया कि 24 मार्च, 2023 को 'विश्व टीबी रोग दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से 'टीबी मुक्त पंचायत' अभियान का शुभारम्भ किया था। जिसका उद्देश्य रोगियों की सहायतार्थ संबल प्रदान करना तथा पंचायत को टीबी मुक्त करना है। इस अभियान के तहत प्रदेश का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश में टीबी उन्मूलन को लेकर राज्य सरकार खासी गंभीर है। टीबी मुक्त उत्तराखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। यही वहज है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष टीबी नोटिफिकेशन में सर्वाधिक 110 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। जबकि टीबी जांच दर में पिछले वर्ष की तुलना में प्रदेश में 45 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि 1424 ग्राम पंचायतों का टीबी मुक्त होना प्रदेश के लिये उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने व लोगों के बीच जनजागरूकता बढ़ाने में सहायक साबित होगी।

## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल, युवा कार्य एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से की मुलाकात

- **इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखंड में खेलो इंडिया सेंटर (KIC) खोलने जिसमे जनपद देहरादून में 03, टिहरी 02 ऊधम सिंह नगर 02 पिथौरागढ़ 03, पौड़ी 02 खेलो इंडिया सेंटर (KIC) खोलने की मांग की। जिसपर केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।**

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल, युवा कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कैबिनेट



मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया युवा कार्यक्रम और (खेल विभाग), भारत सरकार द्वारा संचालित 'खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम' स्कीम के अंतर्गत मसूरी विधानसभा क्षेत्र, उत्तराखंड में मैदान विकास, सामुदायिक कोचिंग विकास तथा सामुदायिक खेलों को बढ़वा देने हेतु स्कीम के 'खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में नेचुरल फुटबॉल फील्ड तथा बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण का केंद्रीय खेल मंत्री से अनुरोध किया गया। कैबिनेट मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि इन दोनों सुविधाओं के निर्माण हेतु मसूरी विधानसभा में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखंड में खेलो इंडिया सेंटर (KIC) खोलने जिसमे जनपद देहरादून में 03, टिहरी 02 ऊधम सिंह नगर 02 पिथौरागढ़ 03, पौड़ी 02 खेलो इंडिया सेंटर (KIC) खोलने की मांग की। जिसपर केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री को बाबा केदारनाथ की प्रतिकृति व प्रदेश के रेशम से निर्मित शॉल भी भेंट की।

# श्रीनगर मेडिकल कॉलेज को मिली चार फैकल्टी

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने के दृष्टिगत चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संविदा के आधार पर मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाल राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान श्रीनगर में राज्य सरकार ने विभिन्न संकायों के अंतर्गत चार मेडिकल फैकल्टी तथा दो कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की है। नई मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति से जहां मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी दूर होगी वहीं शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार आयेगा। हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित साक्षात्कार/चयन समिति द्वारा श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के विभिन्न संकायों में रिक्त मेडिकल फैकल्टी के पदों के लिये साक्षात्कार आयोजित किया गया। जिसमें चयन कमेटी ने चार मेडिकल फैकल्टी तथा दो कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर का चयन किया। जिसमें पैथोलॉली विभाग के अंतर्गत एसोसिएट प्रोफसर के पद पर डॉ पवन भट, असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर डॉ. स्वाती पुण्डीर, आर्थोपेडिक्स में डॉ. वेद प्रकाश अग्रवाल, ईएनटी में डॉ. श्वेता पूरबी का चयन किया गया। इसी प्रकार कैज्युअल्टी मेडिकल विभाग में कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर



के पद पर डॉ. अजीत कुमार तथा डॉ. कृष्णाकांत त्यागी का चयन किया गया है। इन सभी चयनित अभ्यर्थियों को राज्य सरकार ने संविदा के आधार पर नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। चयनित मेडिकल फैकल्टी एवं कैज्युअल्टी मेडिकल ऑफिसर को तीन वर्ष अथवा उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो के लिये नियुक्त किया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति के लिये सरकार लगातार प्रयासरत है। इससे पूर्व राज्य सरकार ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में विभिन्न संकायों में लगभग एक दर्जन मेडिकल फैकल्टी की नियुक्ति की मंजूरी प्रदान की थी। इन सभी नव नियुक्त मेडिकल फैकल्टी के आने से मेडिकल कॉलेज में शिक्षण कार्यों में गति आयेगी वहीं मरीजों को भी डॉक्टरों की नियुक्ति का लाभ मिलेगा। 'सरकार की मंशा प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में उच्च स्तरीय शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिसमें मेडिकल फैकल्टी सहित प्रयोगशाला उपकरण, पुस्तकें व शोध पत्र शामिल है।

# कांग्रेस विधायक आरएस बाली और सीएम के करीबी ठिकानों पर मारी रेड

### फर्जी आयुष्मान कार्ड मामले में ईडी का बड़ा एक्शन

**शिमला, एजेंसी।**
बाली नगरोटा से कांग्रेस विधायक और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी सहयोगी, श्री बालाजी अस्पताल, कांगड़ा के डॉ. राजेश शर्मा के परिसरों पर भी तलाशी ली जा रही है। मामले में ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी और एसीबी), ऊना द्वारा दर्ज की गई पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) से सामने आई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी आयुष्मान भारत एबी-पीएमजेएवाई आईडी कार्ड बनाने और उल्लंघन से संबंधित एक मामले में बुधवार को कांग्रेस विधायक आरएस बाली सहित दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 19 स्थानों पर तलाशी ली। मामले से अवगत अधिकारियों ने कहा कि यह योजना बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल और अन्य सहित कई अस्पतालों के खिलाफ है। अधिकारियों ने कहा कि कई मौकों




पर फर्जी कार्डों का उपयोग करके मेडिकल बिल तैयार किए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और जनता को नुकसान हुआ है।

बाली नगरोटा से कांग्रेस विधायक और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के करीबी सहयोगी, श्री बालाजी अस्पताल, कांगड़ा के डॉ. राजेश शर्मा के परिसरों पर भी तलाशी ली जा रही है। मामले में ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी और एसीबी), ऊना द्वारा दर्ज की गई पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) से सामने आई है।

एक अधिकारी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की जांच से पता चला कि बांके बिहारी अस्पताल के अलावा, फोर्टिस अस्पताल, श्री बालाजी अस्पताल, सूद नर्सिंग होम और श्री हरिहर अस्पताल आदि ने एबी-पीएमजेएवाई योजना का अवैध लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान, 373 फर्जी आयुष्मान कार्डों की पहचान की गई, जिसमें उक्त आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों को दिए गए उपचार के नाम पर सरकार से प्रतिपूर्ति के लिए लगभग 40,68,150 रुपये का दावा किया गया था।

# प्रेस कांउसिल की सब कमेटी के सदस्यों ने सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी से की भेंट

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रख्यापित की जाने वाली प्रिंट मीडिया से संबंधित विज्ञापन नीति को और अधिक प्रभावी एवं युक्ति संगत बनाये जाने के दृष्टिगत बुधवार को सूचना भवन लाडपुर में प्रेस कांउसिल की सब कमेटी के सदस्यों ने सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी से भेंट की। सब कमेटी द्वारा इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से भी विचार विमर्श किया। इस अवसर पर भारतीय प्रेस परिषद के सब कमेटी के सदस्य श्री गुरिंदर सिंह, श्याम सिंह पंवार, आरती त्रिपाठी मौजूद रही जबकि महानिदेशक सूचना के साथ अपर निदेशक आशिष



कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक के.एस. चौहान, उपनिदेशक मनोज श्रीवास्तव तथा उपनिदेशक रवि बिजारनियां उपस्थित रहे। महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी ने भारतीय प्रेस परिषद की उप समिति के सदस्यों को राज्य में समाचार पत्रों एवं उनके प्रतिनिधियों के हित में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रिंट मीडिया सें संबंधित विज्ञापन नीति को व्यवहारिक बनाये जाने के प्रयास किये गए है। ज्ञातव्य है कि भारतीय प्रेस परिषद सब कमेटी के सदस्यों ने अपने उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान मंगलवार को मीडिया सेंटर, सचिवालय में उत्तराखण्ड सरकार की प्रिंट मीडिया, विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड के स्टेक होल्डर्स के साथ श्रम विभाग उत्तराखण्ड में पंजीकृत समस्त पत्रकार संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों, अन्य पत्रकार संगठनों, स्टेट प्रेस क्लब देहरादून एवं प्रेस क्लब देहरादून के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विज्ञापन नीति के संबंध में विचार विमर्श कर उनके सुझाव प्राप्त किए।

## लुका-छिपी खेलते समय 7 साल की बच्ची की मौत, गलती से गर्दन में फंस गयी थी रस्सी

**मुंबई, एजेंसी।** गोवंडी इलाके से एक दुखद खबर सामने आई है, जिसमें आकृति सिंह नाम की 7 वर्षीय बच्ची की अपने घर में लुका-छिपी खेलते समय मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब वह अपने घर की मेजेनाइन फ्लोर पर चढ़ने के दौरान कपड़े सुखाने के लिए सीढ़ियों पर बंधी रस्सी में गर्दन उलझ गई।

पुलिस के हवाले से हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, आकृति अपने माता-पिता और तीन भाई-बहनों के साथ गोवंडी के बैगनवाड़ी इलाके में रहती थी। यह घटना सोमवार दोपहर को हुई, जब वह अपनी बहन और दो छोटे भाइयों के साथ खेल रही थी। उस समय, उसके पिता काम पर गए हुए थे और उसकी माँ घर का सामान खरीदने के लिए बाहर गई हुई थी।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा कैसे हुआ। शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक बापूराव देशमुख ने एचटी को बताया कि सीढ़ियाँ चढ़ते समय आकृति एक सीढ़ी से फिसल गई, वह ऊपरी मंजिल से फिसल गई और खुद को संभालने की कोशिश में रस्सी पकड़ ली।

दुर्भाग्य से, उसकी गर्दन रस्सी में उलझ गई और खुद को छुड़ाने की कोशिश करते हुए वह बेहोश हो गई।

## कश्मीरी युवा में योगा के प्रति बढ़ रहा है आकर्षण, नशीली दवाओं की लत छुड़ाने में योग है कारगर

**श्रीनगर, एजेंसी।** योग प्रशिक्षकों ने कहा कि योगासन को पिछले कुछ वर्षों से कश्मीर के युवाओं से बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है क्योंकि कई लोग एशियाई खेलों के साथ-साथ ओलंपिक में भी योग स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हजारों कश्मीरियों ने योगाभ्यास किया था। उसके बाद से यहां योग स्पर्धाओं के आयोजन की संख्या और योग में लोगों की रुचि बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में श्रीनगर में ÷टू डे माई यूथ माई प्राइड÷ 5वीं जिला श्रीनगर योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 200 योगासन एथलीटों ने भाग लिया। श्रीनगर योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित और जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स कांउसिल द्वारा प्रायोजित, यह चैंपियनशिप घाटी की शीर्ष योगासन प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है। योग प्रशिक्षकों ने कहा कि योगासन को पिछले कुछ वर्षों से कश्मीर के युवाओं से बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है क्योंकि कई लोग एशियाई खेलों के साथ-साथ ओलंपिक में भी योग स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित कोचिंग सेंटरो की गहनता से जांच के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में संचालित कोचिंग सेंटरो की गहनता से जांच के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोचिंग सेंटरों में अध्यनरत छात्रों एवं अध्यापकों आदि के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया जाए। उन्होंने इसके लिए प्रदेश व्यापी अभियान संचालित करने के भी निर्देश मुख्य सचिव को दिये है। कोचिंग सेंटरों में पार्किंग व्यवस्था तथा आसपास यातायात की सुगमता पर भी ध्यान दिये जाने की बात मुख्यमंत्री ने कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा के दृष्टिगत जल भराव होने की सम्भावना रहती है। अतः ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की



आपदा के त्वरित निराकरण हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर एवं ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां संचालित हो रही हैं की तत्परता तथा प्राथमिकता के साथ जाँच कर उनमें सुधारात्मक कार्यवाही की जाए ताकि किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान से बचा जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को राज्य में संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर एवं ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां संचालित हो रही हैं, की जाँच के निर्देश दिए है। इस संबंध में जारी निर्देश में मुख्य सचिव ने कहा है कि मानसून के दौरान अतिवृष्टि के कारण नई दिल्ली के एक प्रतिष्ठित कोचिंग सेन्टर के बेसमेन्ट में जलभराव की स्थिति के कारण हुई अप्रिय घटना के दृष्टिगत उत्तराखण्ड में संचालित विभिन्न कोचिंग सेन्टर एवं ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियां संचालित हो रही हैं, की जॉच भवन उप-नियमों और सुरक्षा सम्बन्धी अन्य मानकों/नियमों के तहत शीर्ष प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तत्काल बैठक कर जनपद में सभी कोचिंग सेंटरों के निरीक्षण हेतु एक समिति का गठन कर समिति के माध्यम से वर्णित स्थानों की जांच कराते हुए सभी प्रकार की कमियों का निराकरण सुनिश्चित कराने को कहा है। जिन भवनों में कमियों का निराकरण किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा हो, उन भवनों में मानसून अवधि तक के लिए ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाये जाने हेतु समुचित आदेश पारित कर उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी मुख्य सचिव ने दिये हैं, ताकि मानसून अवधि में जलभराव से होने वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने इस संबंध में की गई कार्यवाही से शासन को 15 दिन के भीतर अवगत कराने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने ऐसे भवन जिनके बेसमेन्ट में विभिन्न प्रकार की मानवीय गतिविधियों संचालित हो रही है में अग्नि सुरक्षा मानकों की जाँच तथा भवन अथवा कोचिंग सेन्टर में उपलब्ध अग्नि शमन यंत्र एवं अलार्म तथा किसी आगजनी की घटना में निकासी मार्ग को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया है की भी जांच करने को कहा है। ऐसे भवनों में स्थापित विद्युत प्रणाली की जाँच विद्युत सुरक्षा विभाग से कराने तथा आवश्यक अनुमति/प्रमाण-पत्र भवन स्वामी द्वारा लिये जाने, विद्युत सुरक्षा विभाग द्वारा सुझाये गये उपायों का समावेश भवन में स्थापित विद्युत प्रणाली में किये जाने तथा भवन निर्माण के लिए आवश्यक मानकों की पूर्ति की भी जांच करने के निर्देश मुख्य सचिव ने दिए।

पेरिस ओलंपिक

## ब्राजील की तैराक को ओलंपिक के नियमों का उल्लंघन पड़ा भारी



**पेरिस, एजेंसी।** 26 जुलाई को एना पेरिस में एफिल टॉवर देखनेके लिए अपने बॉयफ्रेंड के साथ निकली थीं। इस दौरान उन्होंने किसी से अनुमति नहीं ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी इस हरकत को ओलंपिक समिति ने नियमों का उल्लंघन माना, जिसके बाद महिला तैराक को घर भेज दिया गया।

खेलों के महाकुंभ पेरिस ओलंपिक का आगाज हो चुका है। इसमें 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इन्हीं में से एक हैं ब्राजील की तैराक एना कैरोलिना विएरा जिन्हें तगड़ा झटका लगा है। उन्हें ओलंपिक खेल गांव से निकाल दिया गया है। उन पर ओलंपिक के नियमों के उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई।

दरअसल, 26 जुलाई को एना पेरिस में एफिल टॉवर देखनेके लिए अपने बॉयफ्रेंड के साथ निकली थीं। इस दौरान उन्होंने किसी से अनुमति नहीं ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी इस हरकत को ओलंपिक समिति ने नियमों का उल्लंघन माना, जिसके बाद महिला तैराक को घर भेज दिया गया। वहीं, उनके बॉयफ्रेंड गेब्रियल सैंटोस जो ब्राजील की टीम में तैराक हैं, उन्हें चेतावनी दी गई है।

इस खिलाड़ी के जज्बे को सलाम!

## सात माह की गर्भवती तलवारबाज ने लिया ओलंपिक में हिस्सा



**पेरिस, एजेंसी।** नादा ने कहा मेरे लिए और मेरे बच्चे के लिए शारीरिक और जज्बाती चुनौती थी। हफीज तीन बार की ओलंपियन हैं और 2019 के अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। प्री क्वार्टर में पहुंचना उनका ओलंपिक में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन है। मिस्र की तलवारबाज नादा हफीज ने खुलासा किया है कि उन्होंने सात महीने की गर्भवती होने के बावजूद स्पर्धा में हिस्सा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं एक नन्हे ओलंपियन को लेकर खेल रही हूं। छब्बीस साल की काहिरा की इस खिलाड़ी ने अमेरिका की एलिजाबेथ को महिलाओं की साबेर स्पर्धा में हराकर प्री क्वार्टर में प्रवेश किया लेकिन दक्षिण कोरिया की जियोन हेयंग से हार गई। नादा ने कहा मेरे लिए और मेरे बच्चे के लिए शारीरिक और जज्बाती चुनौती थी। हफीज तीन बार की ओलंपियन हैं और 2019 के अफ्रीकी खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। प्री क्वार्टर में पहुंचना उनका ओलंपिक में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## सिंधु ने क्रिस्टिन कुबा को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया



**पेरिस, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 2024 पेरिस खेलों में बुधवार को महिला एकल ग्रुप एम मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुउबा को 21-5, 21-10 से हराया। सिंधु ने केवल 34 मिनट में जीत हासिल कर ली और दो जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अंतिम 16 चरण में आगे बढ़ गईं। अपने शुरुआती मैच में, शीर्ष भारतीय ने मालदीव के फातिमाथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को हराया था। सिंधु, जो अपना लगातार तीसरा ओलंपिक खेल रही हैं, ग्रीष्मकालीन खेलों से कभी खाली हाथ नहीं लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था।



# मेरी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई : मनु भाकर

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली मनु भाकर ने बातचीत में बताया कि अभी उनकी यात्रा समाप्त नहीं हुई है और वह अपने अगले शूटिंग मैच पर फोकस कर रही हैं। मनु भाकर ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे पास दो मेडल है, लेकिन मेरी यात्रा अभी समाप्त नहीं हुई है। अभी मेरा एक मैच और है, जिसके लिए मुझे फोकस करना है।

मैं हर बार अपने मैच से पहले नर्वस होती हूं, लेकिन यह सोचती हूं कि ईश्वर ने अब तक साथ दिया है और वह आगे भी साथ देगा। मनु भाकर ने अपने गेम विनिंग शॉट से पहले अपनी विचार प्रक्रिया का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा, आपको केवल अपने बेस्ट देना है, बेस्ट तकनीक इस्तेमाल करनी है, आपके हाथ में यही है। मेरा प्लान हमेशा यही होता है कि अपना बेस्ट दूं और कभी भी हार ना मानूं। मेरा गेम प्लान आगे भी यही होगा कि अंतिम शॉट तक ऐसा करती रहूं। हालांकि, नतीजे आपके नियंत्रण में नहीं होते। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार विजेता निशानेबाज रोंजन सोढ़ी ने भी आईएएनएस से बातचीत में बताया कि उनको निशानेबाजी में भारत से और पदक की उम्मीद हैं। उन्होंने कहा कि, भारत को ओलंपिक में एक और मेडल शूटिंग में मिला है और मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है।

वह एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं। यह मैच आसान नहीं था क्योंकि कोरिया की टीम अच्छी थी, लेकिन मनु और सरबजोत को उनके शानदार खेल का क्रेडिट देना चाहिए। उन्होंने कहा कि, पेरिस ओलंपिक में शूटिंग में भारत के पास और भी मेडल आएंगे।

आशा है कि हम शॉटगन में भी बेहतर करेंगे। मैं खिलाड़ियों को यह संदेश देना चाहूंगा कि आपने बहुत मेहनत की है और आपने ट्रेनिंग में जो किया है, केवल उसी पर फोकस बनाए रखें। मनु भाकर ने अपने दोनों पदक 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला व्यक्तिगत और मिक्स्ड टीम इवेंट) में जीते हैं। उनको अब 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भाग लेना है। मनु का प्रदर्शन देखते हुए उनसे एक और मेडल की उम्मीद बढ़ चुकी है।

## फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक, मैदान में घुसा दर्शक

**सेंट एटीने (फ्रांस), एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया। यहां मंगलवार को स्टेड जियोफरॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई। इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था। मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था। अमेरिका और गिनी के बीच मैच के दौरान मैदान पर दौड़ लगाने वाला दर्शक गिनी के अलीउ बाल्डे से भिड़ गया था। सुरक्षा कर्मियों ने बाद में उसे पकड़ कर बाहर निकाला।



## लक्ष्य सेन ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया

- अंतिम-16 में क्वालीफाई किया



**पेरिस, एजेंसी।** लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में अपने अंतिम ग्रुप एल पुरुष एकल मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया और अंतिम 16 में पहुंच गए। खराब शुरुआत के बावजूद, जिसमें भारतीय खिलाड़ी पहले गेम में 2-8 से पिछड़ रहा था, सेन ने गेम को पलटने के लिए गहरी कोशिश की और वापसी करते हुए स्कोर 10-ऑल से बराबर कर दिया। उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में दोनों शटलर 18-18 से बराबरी पर थे, लेकिन सेन ने आगे बढ़कर पहले गेम में 21-18 से जीत हासिल कर ली।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी आक्रामक खेल शैली जारी रखी और दुनिया के चौथे नंबर के शटलर द्वारा खेल में वापस आने के किसी भी प्रयास का शानदार ढंग से बचाव किया और दूसरे गेम में 21-12 से जीत के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इस जीत ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में लक्ष्य का स्थान पक्का कर दिया, जहां उनका सामना हमवतन एच.एस प्रणय से हो सकता है, अगर प्रणय बाद में दिन में वियतनामी शटलर ले डक फाट के खिलाफ मैच जीत जाते हैं।

महिला एकल वर्ग में भारत की पदक उम्मीद, पीवी सिंधु सेन के मैच से पहले एक्शन में थीं, जहां उन्होंने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को आसानी से 21-5, 21-10 से हराया और ग्रुप एम में शीर्ष पर रहकर 16वें राउंड में जगह बनाई।

## भारत की दिग्गज बैडमिंटन स्टार अश्विनी पोनप्पा ने किया संन्यास का ऐलान, रोते हुए बोली ये मेरा ये आखिरी ओलंपिक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने मंगलवार को तनीषा क्रास्टो के साथ पेरिस खेलों की महिला युगल स्पर्धा में लगातार तीसरी हार के बाद आंसू बहाते हुए घोषणा की कि उन्होंने अपना आखिरी ओलंपिक खेल लिया है. अश्विनी और तनीषा को मंगलवार को सेतियाना मोपासा और एंजेला यू की ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 15-21, 10-21 से हार झेलनी पड़ी.



भारतीय जोड़ी ने अपने तीनों ग्रुप मैच गंवाकर अपना अभियान खत्म किया.अपने तीसरे ओलंपिक में खेल रहीं अश्विनी से जब 2028 ओलंपिक में खेलने की उम्मीद के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा की यह मेरा आखिरी होगा लेकिन तनीषा को अभी लंबा रास्ता तय करना है. अश्विनी पोनप्पा ने आंसू रोकने की कोशिश करते हुए कहा की इसका भावनात्मक और मानसिक रूप से असर पड़ता है, मैं इसे फिर से नहीं झेल सकती. यह आसान नहीं है, अगर आप थोड़े युवा हैं तो आप यह सब झेल सकते हैं. इतने लंबे समय तक खेलने के बाद मैं इसे और नहीं झेल सकती.वर्ष 2001 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने वाली अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ एक शानदार और इतिहास रचने वाली महिला जोड़ी बनाई थी। ये दोनों 2017 तक साथ खेलीं. इस जोड़ी ने कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीते थे जिसमें 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और उबेर कप (2014 और 2016) और एशियाई चैंपियनशिप (2014) में कांस्य पदक शामिल हैं.

## स्वप्निल कुसाले ने पुरुष राइफल 50 मीटर 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**चेटौरौक्स, एजेंसी।** भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रहने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन पुरुषों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कुसाले ने 60-शॉट क्वालीफाइंग राउंड में 38 इनर 10 सहित कुल 590 अंक बनाए। उन्होंने घुटने टेककर 99 के दो प्रभावशाली स्कोर के साथ शुरुआत की और एक ठोस आधार तैयार किया। उन्होंने प्रोन पोजीशन में अपना फॉर्म बरकरार रखा और 98 और 99 का स्कोर किया।



फाइनल स्टैंडिंग पोजीशन में थोड़ी गिरावट के बावजूद, जहां उन्होंने 98 और 97 का स्कोर पोस्ट किया, कुसाले की कुल संख्या फाइनल में उनकी जगह पक्की करने के लिए पर्याप्त थी। दूसरी ओर, साथी भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। तोमर ने क्वालिफिकेशन राउंड को 589 अंकों (33 इनर 10 के साथ) के साथ 11वें स्थान पर समाप्त किया।

स्टैंडिंग पोजीशन में चुनौतीपूर्ण पहली सीरीज़ तक तोमर शीर्ष-आठ में जगह बनाने की दौड़ में थे, जहाँ उन्होंने 95 का स्कोर किया, अंततः उनकी संभावनाएँ पटरी से उतर गईं। क्वालिफिकेशन राउंड में चीन के लियू युकुन का दबदबा रहा, जिन्होंने 594 के प्रभावशाली स्कोर के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया। हालांकि, घटनाओं के एक आश्चर्यजनक मोड़ में, उनके हमवतन डु लिंशु, जिनके पास विश्व क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड है, अंतिम कट बनाने में असफल रहे।

## श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार जीत के बाद अब भारत की नजर वनडे सीरीज पर

**पल्लेकेले, एजेंसी।** टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इस मैच का नतीजा सुपर ओवर में निकला और इसी के साथ भारतीय टीम ने ये सीरीज 3-0 से जीती। यह गौतम गंभीर के कार्यकाल की पहली सीरीज थी। अब 2 अगस्त से वनडे सीरीज खेली जाएगी। जहां अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और वनडे कप्तान रोहित शर्मा भी टीम में वापसी करेंगे।

पल्लेकेले में श्रीलंकाई टीम ने सुपर ओवर में महज 3 रन का लक्ष्य दिया था और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद पर चौका मारकर टीम को जीत दिलाई। इसी के साथ गौतम गंभीर के कार्यकाल की टी20 सीरीज जीत के साथ शानदार शुरुआत हुई। कहीं न कहीं जिस प्रेशर सिचुएशन में टीम इंडिया लड़खड़ा जाती थी, गंभीर और सूर्या के नेतृत्व में टीम ने वहां बाजी मारी। आखिरी मुकाबले में कोच गंभीर ने कुछ ऐसे प्रयोग किए जिसकी वजह से टीम 3-0 से जीत का मौका गंवा सकती थी। भविष्य की योजनाओं और नए प्रयोग का नजारा इस मुकाबले में नजर आया। सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की। दिलचस्प बात ये है कि टीम का ये प्रयोग सफल भी हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को तीसरे टी20 मैच में जीत के लिए 138 रनों का टारगेट दिया था। भारत की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रनों की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया।




इस मैच का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट वॉशिंग्टन का 17वां ओवर ही था, जिसमें उन्होंने लगातार दो गेंदों पर पहले वानिंदु हसरंगा और फिर कप्तान असलंका को पवेलियन भेजा। हालांकि अभी भी श्रीलंका के हाथ में छह विकेट शेष थे और सेट बल्लेबाज परेरा भी क्रीज पर मौजूद थे। अंतिम दो ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए सिर्फ 9 रन ही चाहिए थे। हालांकि रिंकू ने परेरा और रमेश मेंडिस दोनों को पवेलियन चलता कर एक बार फिर भारत की उम्मीदों को जगा दिया। अंतिम ओवर में श्रीलंका को सिर्फ 6 रन ही चाहिए थे लेकिन ओवर की समय सीमा समाप्त होने के चलते अंतिम ओवर में भारत को एक अतिरिक्त फ़ील्डर तीस गज के दायरे के अंदर रखने पर मजबूर होना पड़ा। सामने दो बाएं हाथ के बल्लेबाज़ थे, ऐसे में सूर्यकुमार ने अपनी ऑफ़ स्पिन पर भरोसा जताया।

अंतिम गेंद पर तीन रन चाहिए थे लेकिन विपक्षी टीम सिर्फ़ दो रन ही जोड़ पाई और मैच का निर्णय फिर सुपर ओवर से हुआ। टी20 सीरीज के बाद अब टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के लिए वनडे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और अन्य सीनियर प्लेयर वापसी कर रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक

## मुक्केबाज प्रीति पवार ओलंपिक से बाहर

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजों का पेरिस ओलंपिक खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा अनुभवी अमित पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के बाद प्रीति पवार भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गई। प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा।



इससे पहले पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और पदार्पण करने वाली महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये थे। पंघाल का पेरिस ओलंपिक अभियान राउंड 16 में अफ्रीकी खेलों के चैंपियन और तीसरे वरीय जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा से 1-4 से हारकर समाप्त हुआ जबकि जैस्मीन फिलीपींस की तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0-5 से हारकर बाहर हो गई।

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

लक्ष्य सेन ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी का हराया



Page 10

देश

1424 ग्राम पंचायतें हुई टीबी मुक्त : डॉ. धन सिंह रावत

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मृगशिरा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरुवार • 01 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 232 • पृष्ठ 12

## एक ही दिन में हिजबुल्ला और हमास कमांडर ढेर

### इजरायल के बदले ने दुनिया भर में मचा दिया हड़कंप

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल की ख्याति अपने दुश्मनों से चुनकर बदला लेने वाले मुल्क के तौर पर रही है। बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने उस पर ऐसा हमला बोला था कि 1200 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 250 लोग अगवा कर लिए गए थे। बीते कई दशकों के इतिहास में इजरायल पर यह सबसे भीषण हमला था। इसके बाद से माना जा रहा था कि हमास से जंग में इजरायल पहले जैसा ताकतवर नहीं रहा। लेकिन मंगलवार को इजरायल ने जो किया, उससे फिलिस्तीन समेत उसके समर्थक देशों में हड़कंप मच गया है। उसने एक तरफ हमास



के सुप्रीम नेता इस्माइल हानियेह को ईरान के अंदर घुसकर मार डाला तो वहीं हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर फवाद शुक्र को लेबनान के बेरूत में मार गिराया। इजरायल ने दावा किया है कि फवाद शुक्र ही गोलान हाइट्स में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था, जिसमें फुटबॉल ग्राउंड में खेल रहे 12 मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। इजरायल का कहना है कि बेरूत में एयरस्ट्राइक के दौरान उसे मार गिराया गया। वहीं हिजबुल्लाह का कहना है कि अभी पता नहीं है कि फवाद शुक्र कहां है और उसकी क्या स्थिति है।

## भारत के खिलाफ 'खतरनाक' प्लान बना रहा आईएस

- **इस्लामिक स्टेट को लेकर यूएन की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा**



**जिनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवंत-खोरासान भारत में बड़े पैमाने पर हमले न कर पाने के बावजूद इस देश में स्थित अपने आकाओं के माध्यम से ऐसे लड़ाकों की भर्ती करना चाहता है जो अकेले ही हमलों को अंजाम दे सकें। आईएसआईएल, अल-कायदा और उससे जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के बारे में विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी टीम की 34वीं रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गई।

## पूजा खेड़कर का खेल खत्म! रद्द हुआ सेलेक्शन

- **भविष्य में नहीं दे पाएंगी कोई भी एग्जाम, यूपीएससी का बड़ा ऐक्शन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग ने बुधवार को पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी। उन पर धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप थे। यूपीएससी ने पाया कि पूजा खेडकर ने नियमों का उल्लंघन किया है। इसलिए, उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयनों से रोक दिया गया है। सरकार ने एक बयान में कहा, यूपीएससी ने उपलब्ध रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच की है और पाया है कि वह यूपीएससी-2022 नियमों के प्रावधानों के विपरीत काम करने की दोषी हैं। यूपीएससी-2022 के लिए उनकी अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी गई है और उन्हें यूपीएससी की भविष्य की सभी परीक्षाओं /चयनों से स्थायी रूप से वंचित कर दिया गया है। यूपीएससी ने यह भी कहा कि केवल खेडकर के मामले में ही वह उनके प्रयासों की संख्या का पता नहीं लगा सका। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने न केवल अपना नाम बदला बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी बदल दिया। यूपीएससी ने पुष्टि की कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को और मजबूत करने की प्रक्रिया में है कि भविष्य में ऐसा मामला दोबारा न हो। बयान में आगे कहा गया है कि पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के मामले की पृष्ठभूमि में यूपीएससी ने वर्ष 2009 से 2023 तक यानी 15 सालों से यूपीएससी के 15,000 से अधिक अंतिम रूप से रेकमेंडेड कैंडीडेट के उपलब्ध आंकड़ों की पूरी तरह से जांच की है।



## 'आई' एम सॉरी, अधिकारी दिवालिया हो गए हैं

- **दिल्ली हाईकोर्ट ने कोचिंग हादसे पर एमसीडी को लगाई कड़ी फटकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर आईएएस कोचिंग हादसे की उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि उपनियमों के उदारीकरण के बावजूद, सदियों पुराने बुनियादी ढांचे को सही क्यों नहीं किया गया। दिल्ली हाई कोर्ट ने आगे सवाल किया कि बेसमेंट में पानी कैसे घुस



गया। इस बात पर जोर देते हुए कि बुनियादी ढांचे को पर्याप्त रूप से सहीं क्यों नहीं किया गया था। कोर्ट ने सिविक अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए खेद है कि सिविक अधिकारी दिवालिया हो चुके हैं, बुनियादी ढांचे के मुद्दों और सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करने में प्रभावी कार्रवाई और जिम्मेदारी की गंभीर कमी को उजागर किया।

### 'इमारतों को मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन ढंग के नाले नहीं हैं'

दिल्ली हाई कोर्ट ने प्राधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप बहुमंजिला इमारतों को मंजूरी दे रहे हैं, लेकिन ढंग के नाले नहीं हैं। आप मुफ्त की सौगातें बांटने की संस्कृति चाहते हैं, कर नहीं वसूलना चाहते; इसलिए ऐसा तो होना ही है। हाई कोर्ट ने प्राधिकारियों पर तंज करते हुए कहा कि उन्हें बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की जरूरत है, लेकिन वे दिवालिया हो गए हैं और वेतन भी नहीं दे पा रहे हैं। अजीब जांच चल रही है, पुलिस पास से गुजरने वाले कार चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, लेकिन एमसीडी अधिकारियों के खिलाफ नहीं।

## बारिश ने किया बेहाल, अब जीना हुआ मुहाल

### • पानी-पानी हुआ आधा भारत, एमपी-यूपी व केरल में जबरदस्त बारिश • झारखंड में बिजली गिरने से 10 की मौत, एमपी में कोहराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में मानसून जमकर सक्रिय है। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच, झारखंड में बिजली गिरने से मंगलवार को 10 लोगों की मौत हो गई। इधर, मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री के 38 दिन में ही सीजन की आधी यानी 50 फीसदी बारिश हो गई है।

प्रदेश में एक और स्ट्रॉन्ग सिस्टम ऐक्टिव हो रहा है। बुधवार से फिर से प्रदेश में झमाझम का दौर शुरू हो सकता है। वहीं, राजस्थान और बिहार में मानसून धीमा पड़ा है। राजस्थान के जैसलमेर और गंगानगर में टेम्परेचर 40 डिग्री चला गया। बिहार में भी ट्रफ लाइन राज्य की सीमा से बाहर है, जिसके चलते बारिश नहीं हो रही है। कई जिलों में गर्मी और उमस है। गोपालगंज में तापमान 40 डिग्री पहुंच गया। राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही उमस



बढ़ गई है। अगले दो-चार दिन इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आज राज्य के आठ जिलों में बारिश का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केन्द्र से जारी रिपोर्ट देखें तो राजस्थान में मानसून सीजन में अब तक 210.7 एमएम बरसात हो चुकी है। जबकि इस सीजन में अब तक (1 जून से 30 जुलाई तक) 211.7 एमएम बरसात होती है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात 80 एमएम करौली में दर्ज हुई। मध्यप्रदेश में बुधवार से अगले 4 दिन तक बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम ऐक्टिव रहेगा। बुधवार को जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर,



उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में कहीं हल्की, तो कहीं तेज बारिश होगी। छत्तीसगढ़ में अगले 3 घंटे बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सुबह 7 से 10 बजे तक बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा- मरवाही, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोरबा, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर और बलौदा बाजार जिले के एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है। यूपी में मानसून फिर से सक्रिय हो रहा है। मंगलवार को 17 जिलों में हल्की बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। बुधवार को पूर्वी और पश्चिमी यूपी के 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि 58 जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बरसात हो सकती है। बिजली भी गिरने का भी खतरा है।

## एक हफ्ते पहले किया था अलर्ट राज्य सरकार ने ध्यान नहीं दिया

### केरल हादसे को लेकर अमित शाह ने राज्यसभा में विपक्ष को घेरा



- वायनाड में लैंडस्लाइड से अब तक 184 की मौत, 170 लापता

**वायनाड (एजेंसी)।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 184 हो गई हैं। 131 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 170 के लापता होने की रिपोर्ट लिखाई गई है। लैंडस्लाइड सोमवार देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां बह गईं। आर्मी, एयरफोर्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें



रेस्क्यू में जुटी हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में बताया- 23-24 जुलाई को ही केरल सरकार को अलर्ट किया गया था। सरकार समय रहते लोगों को हटाती तो इतना नुकसान नहीं होता। गृह मंत्री ने दावा किया कि पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली केरल सरकार को वायनाड में भूस्खलन आने से एक सप्ताह पहले ही केंद्र द्वारा चेतावनी दी गई थी।

## देश की सेवा में लगा संघ, आलोचना संविधान के खिलाफ

- राज्यसभा में बोले उपराष्ट्रपति धनखड़, विपक्ष को दी नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को आरएसएस पर टिप्पणी करने पर कड़ी आपत्ति जताई। राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की सेवा में लगा संगठन है और संगठन से जुड़े लोग निस्वार्थ भाव से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के काम में लगे संगठन की आलोचना करना संविधान के खिलाफ है और उसे देश की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का अधिकार है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें टोकने की कोशिश भी की। इस हंगामे के बाद बसपा और बीजद सहित विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।



## पतंजलि के विज्ञापन पर एससी ने फिर दिखाए तेवर

- आयुष मंत्रालय को दिया सख्त आदेश, केंद्र को भी नहीं छोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दवाओं के भ्रामक विज्ञापन पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ा रूख अपनाया। शीर्ष अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए अपनी वेबसाइट पर एक डैशबोर्ड बनाना चाहिए। जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि विज्ञापनों को मीडिया में जारी करने से पहले उसकी उचित स्वीकृति अनिवार्य की जानी चाहिए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। पीठ ने भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दाखिल याचिका में आरोप लगाया कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बदनाम करने के लिए अभियान चलाया था।

## उम्मीद थी लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेगी बीजेपी

### सोनिया गांधी ने मोदी सरकार को सुनाई खरी खोटी, जमकर घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को केंद्रीय बजट, मणिपुर हिंसा, जाति जनगणना और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों सहित अलग अलग मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरे में लिया है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार भ्रम में है और लोकसभा चुनाव में अपने खराब प्रदर्शन के बाद भी उससे सबक नहीं लिया। इस मौके पर सोनिया गांधी ने वायनाड में हुए भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सोनिया गांधी ने देश में बढ़ते रेल हादसों पर कहा कि



यह कुप्रबंधन का नतीजा है और बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। केंद्रीय बजट 2024 पर सोनिया गांधी ने सरकार पर किसानों और युवाओं की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। सोनिया ने कहा, किसानों और युवाओं की मांगों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। बजट की उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री ने बड़ी बड़ी बाते की, लेकिन फिर भी निराशा ही हुई है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार, और खासकर सरकार के बड़े नेता भ्रम में है। देश भर में करोड़ों परिवार बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त हैं। सोनिया गांधी ने जनगणना ना कराने के लिए सरकार की आलोचना की है जो 2021 में ही होनी थी। उन्होंने कहा कि इससे जनसंख्या, खासकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का के बारे में पता नहीं चल पाएगा।

## हमास चीफ की हत्या के बाद ईरान में आपात बैठक

- **इजरायल के खिलाफ पास किया प्रस्ताव, जंग का ऐलान**

**तेहरान (एजेंसी)।** हानिया की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। ईरान, हमास और हूतियों की ओर से इस पर सख्त प्रतिक्रिया आई है। वहीं अमेरिका ने भी इजरायल पर हमले की स्थिति में जंग में कूदने का ऐलान कर दिया है। ईरान में हानिया की मौत के बाद की स्थिति पर चर्चा के लिए आपातकालीन राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक बुलाई गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो ईरानी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खुमैनी के आवास पर आनन-फानन में सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। ईरान असाधारण परिस्थितियां पैदा होने पर ही इस तरह की बैठक होती है। इसमें इजरायल के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ।



### जाति जनगणना विवाद

## अनुराग के बचाव में खुलकर आई बीजेपी

### राहुल गांधी से पूछा-आप साधु हैं या ज्ञानी, हंगामा जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर के जाति वाले बयान पर हंगामा जारी है। कांग्रेस सांसदों ने सदन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी सांसद ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का अपमान किया है। कांग्रेस के प्रदर्शन पर कर्नाटक के पूर्व सीएम और भाजपा सांसद बसवराज बोम्मई ने कहा कि यह हैरानी के बाद है कि जातिगत जनगणना कराने की बात कहने वाले लोग जाति पूछे जाने से आहत हो रहे हैं। विपक्षी नेता अनुराग ठाकुर के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। बीजेपी की ओर से सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कान्फ्रेंस कर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि संसद में '99 की संख्या और अंधकार का खेल' चल रहा है। संबित पात्रा ने कहा, अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में किसी का भी नाम नहीं लिया।



## एक नजर

### डीएम ने की आयुष्मान कार्ड का समीक्षा बैठक

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड बनाने को लेकर जिले भर में चल रहे विशेष अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन एवं डीपीओ (आईसीडीएस) उपस्थित थीं।जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद संबंधित पदाधिकारियों से आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि 7 अगस्त तक आयुष्मान कार्ड पूर्ण रूप से बनाने का लक्ष्य है। जिस भी ब्लॉक में जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उस लक्ष्य को अगर 7 अगस्त तक पूरा नहीं किया जाता है तो जितना दिन बीतेगा यह माना जाएगा कि उतना दिन बीपीएम, एमओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने अपना काम नहीं किया है। अतः उतने दिन का उनका वेतन काटा जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया है।

### चक्का फटने से सब्जी लदा पिकअप पलटा, आधा दर्जन लोग जख्मी

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** आरा मोहनियां फोरलेन नेशनल हाईवे 319 पर स्थित परानपुर गांव के पास बुधवार को सुबह सब्जी लदा पिकअप का चक्का फटने के कारण बीच सड़क पर पलट गया। जिसमें सवार सब्जी विक्रेता आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। घायलों को पीएचसी एवं निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घायलों में सब्जी विक्रेता कृष्णा कुमार, विकास कुमार, संजय कुमार, दीपक कुमार सभी दिनारा के तथा अखिलेश सिंह बेलवैया, विकास कुमार समहुती एवं नागेंद्र कुमार भानपुर के बताए जाते हैं। नागेंद्र कुमार का इलाज पीएचसी में कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बाहर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

### पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के तहत विद्यालय मे विधायक ने किया पौधारोपण

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** दिनारा राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने बुधवार को कोचस प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिदासपुर मे पर्यावरण संरक्षण को ले पौधारोपण किया। पौधारोपण कर उन्होने कहा कि पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ और बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन,जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए,ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शुद्ध वायु और शुद्ध जल आने वाली पीढ़ियों का अधिकार है। ये तभी संभव है, जब हम पर्यावरण का संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। विद्यालय प्रांगण में विधायक पुत्र चंदन कुमार ने पौधा लगाकर शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र ने एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। मौके पर शिक्षक विजय कुमार, किशोरी लाल शाह, अमित कुमार त्रिपाठी, रसोईया धर्मशीला, उत्तम, रिना, पानपति कुमारी के साथ विद्यालय के सभी बच्चे मौजुद थे।

### बारिश से किसान खुश, उमस भरी गर्मी से लोगों को मिला राहत

**राजपुर (रोहतास) (नि. सं.)।** क्षेत्र में बुधवार को सावन माह की हुई झमाझम बारिश से जहा किसानों की बांछे खिल उठे वहीं दूसरी तरफ लोगों को भीष्ण उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। सावन माह में बारिश न होने से प्रखण्ड के अमाडी, मंगरवलिया, अमरपुर, बरना, पकड़ी, मलाव, छपरा, हुसेनाबाद सहित दर्जनों गांवों में खेतो में रोपनी का काम बाधित हो गया था। जिसे ले किसान चिंतित हो उठे थे। लेकिन बुधवार को दोपहर से ही शुरू हुई झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता दूर करने का काम किया है।

# डीएम ने दाउदनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण और समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी, श्रीकान्त शास्त्री द्वारा दाउदनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड के पंचायत में चल रहे विकास के विभिन्न योजनाओं सहित कई अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की गई। साथ ही बीडीओ, सीओ और कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि मनरेगा, जल जीवन हरियाली, स्वच्छता अभियान, आवास योजना व अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का सतत अनुश्रवण करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जिला पदाधिकारी ने सभी शिकायतों को नोट करते हुए संबंधित पदाधिकारी को इसका समाधान करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवनों में आधारभूत संरचना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ पंचायत सरकार भवन पर कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। राशन कार्ड निर्माण में मामला लंबित रहने पर अनुमंडल पदाधिकारी को एमओ से स्पष्टिकरण मांगने का निर्देश दिया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को कैंप लगाकर श्रम कार्ड निर्माण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा के द्वारा 33000 प्रखंड में वृक्षारोपण का प्रतिवेदन वीडियो और बीपीआरओ द्वारा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, मनरेगा, आवास योजना, दाखिल खारिज, नल जल सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र समाधान करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए। साथ ही साथ जिला पदाधिकारी द्वारा मनरेगा पर जोर देते हुए मनरेगा मजदूरों को कैंप लगाकर मनरेगा कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार के स्तर से आम जनमानस एवं जन सरोकार से जुड़ी हुई कई योजनाओं को अंतिम लोगों तक पहुंचाने हेतु लगातार काम कर रही है। सभी विभाग अपने कार्यों को पूरी तत्परता से करें। समीक्षा बैठक में एसडीओ दाउदनगर मनोज कुमार, डीसीएलआर दाउदनगर दीपशीखा, वीडियो दाउदनगर मोहम्मद जफर इमाम, जिला परिषद अध्यक्ष एवं सभी सदस्य, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड स्तरीय सभी जनप्रतिनिधि, और प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## नहर से एक युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नटवार बाजार से सटे दक्षिण स्थित बक्सर लाइन नहर के पांच मोरिया पुल के समीप से पुलिस ने दो दिन पहले से लापता हुए युवक का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने नहर में शव होने की सूचना नटवार पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी राजेंद्र राय के 30 वर्षीय पुत्र अमित कुमार राय उर्फ सोनू राय बताया जा रहा है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी अनुसार युवक दो दिन पहले सुबह घर से नटवार बाजार करने गया था, और देर शाम तक घर नहीं आया। जहां किसी अनहोनी से संकित परिजन आसपास के लोगों से पूछताछ करने लगे। तब परिजनों की घबराहट बढ़ गई और देर शाम तक थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया।


# भूमि विवाद से जुड़े मामलों का जल्द करे निराकरण : डीएम

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में भूमि विवाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहतास विनीत कुमार, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित सभी अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ, डीसीएलआर तथा प्रखंडों के अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं गृह विभाग की हुई बैठक में यह बात सामने आई है कि 80 फ़ीसदी से ज्यादा मामले भूमि विवाद से जुड़े हुए हैं। अतः सभी जिलों में भूमि विवाद से जुड़े मामलों का जल्द से जल्द निराकरण करना है। इसी उद्देश्य के साथ आज को बैठक आहूत की गई है। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को अपने मातहत चौकीदारों के माध्यम से भूमि विवाद संबंधी सूचनाएं संग्रह करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आज की बैठक के आलोक में कल सभी चौकीदारों की बैठक आयोजित करें तथा उन्हें भूमि संबंधी विवादों की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में उचित दिशा निर्देश दें। साथ ही उन्होंने थानाध्यक्षों को कहा कि भूमि विवाद से जुड़े जितने भी मामले उनके संज्ञान में आएं, उन्हें पंचायतवार व थानावार तरीके से पंजी संधारण करें। जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को कहा कि शनिवार को होने वाले जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े मामलों के लिए अतिरिक्त पंजी संधारण करें तथा उसे अद्यतन करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि डीएम, एडीएम तथा एसडीएम के संज्ञान में आए हुए भूमि मामलों का भी पंजी संधारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के मामले में पांच स्रोतों- चौकीदार, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष की शनिवार को होने वाली दैनिक जनता दरबार; जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा आयोजित होने वाले जनता दरबार में आने वाले भूमि विवादों के मामलों का निश्चित रूप से पंजी संधारण करें। उन्होंने कहा कि अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष के बीच बिना संचार अवरोध हुए सही तरीके से रणनीति बनाकर काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड स्तर के भूमि विवादों का अनुश्रवण अनुमंडल पदाधिकारी एवं सीडीपीओ के द्वारा किया जाए और साथ ही वे इस बाबत हफ्ता में दो बैठक भी आयोजित करें।

# नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन में मिला दो किलो का शक्तिशाली आईईडी बम

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में मदनपुर के पचरूखियां के जंगल से एक शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम बरामद किया है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बताया कि नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उनके नेतृत्व में बुधवार को मदनपुर पुलिस एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) की कोबरा-205 वाहिनी के अपर कमांडेंट विनीत कुमार के साथ पचरुखिया के जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में प्वाईंट चिन्हित कर संयुक्त रुप से सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पचरूखियां से करीब 927 मीटर दक्षिण जंगल से दो किलो का एक शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम बरामद किया गया। बरामद बम को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। कहा कि सर्च ऑपरेशन चलाए जाने से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ हैं। नक्सली गतिविधियों पर अंकुश के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा।

# परीक्षा फॉर्म भरने के नाम पर अधिक पैसे लिए जाने के विरोध में छात्र राजद ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के छात्र-छात्राओ द्वारा परीक्षा फॉर्म भरने के नाम पर एक हजार नौ सौ रुपया अधिक लिए जाने विरोध में आज बुधवार को छात्र राजद के जिलाध्यक्ष चन्दन कुमार के नेतृत्व में शहर के रमेश चौक पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला दहन किया गया। इसके बाद आक्रोशित छात्र-छात्रा समाहरणालय के मुख्य द्वार पहुंचे। जहां कॉलेज प्रबंधन एवं कुलपति के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए और कुलपति का पुतला दहन किया। पुतला दहन के पश्चात आंदोलन कर रहे छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और अत्यधिक शुल्क लेने वाले महाविद्यालय की जांच कर कार्रवाई की मांग की और ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति से बात कर समस्या का निदान किया जाएगा।

# 300 किमी. दूर जोरीपार में कांवरियों की सेवा में लगे औरंगाबाद के शिव भक्त

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के शिव भक्त 300 किलोमीटर दूर जाकर बाबाधाम जाने वाले सभी कांवरियों और डाक बम की सेवा में दिन-रात लगे हुए हैं। यह सभी शिव भक्त नीलकंठ महादेव सेवा समिति, औरंगाबाद के बैनर तले बांका जिले में कुमारसार नदी से 3 किलोमीटर आगे जोरीपार के पास निःशुल्क सेवा शिविर लगाए हुए हैं। यहां पर सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर बाबा धाम पैदल जाने वाले हजारों की संख्या में कांवरियों और डाक बम को प्रतिदिन हर तरह की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। समिति के नीरज कुमार ऊर्फ लप्पू गुप्ता ने बताया कि कांवरियों के लिए शिविर में तीन टाइम निःशुल्क भोजन, चाय, उनके पैरों का दर्द कम करने के लिए तेल मालिश, गर्म पानी, मशीन, दवा, भक्ति जागरण आदि की व्यवस्था की गई है। शिविर में बड़े पैमाने पर महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। इसके अलावा बिना रुके लगातार चलने वाले डाक बम के लिए ठंडा पानी, खीरा, काजू, दर्द निवारक स्प्रे और दवा आदि की व्यवस्था समिति के द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि समिति लगातार हर वर्ष सावन महीने में कांवरियों की सेवा के लिए यहां शिविर लगाती है। समिति पूरे वर्ष 365 दिन बाबाधाम जाने वाले सभी शिव भक्तों की सेवा करने के लिए स्थायी रूप से धर्मशाला बनाने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए अब जमीन की खरीदारी कर वहीं पर निःशुल्क शिविर का कार्य चल रहा है। यह औरंगाबाद के लिए गर्व की बात है कि अपने जिले का एक स्थायी शिविर कांवरिया पथ में चल रहा है, जो आने वाले दिन में धर्मशाला के रूप में परिवर्तित हो जाएगा।

# ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर का आयोजन

कार्यालय सवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनायें यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP- 1&11) एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) के लाभुकों के लिए ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर का आयोजन योजना भवन सभाकक्ष, समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद में किया गया। शिविर का उद्घाटन DDM Nabard, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मो० अफ्फान, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री आनन्द वर्द्धन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक द्वारा संयुका रूप से किया गया। उक्त शिविर में बैंकों के वरीय पदाधिकारी, जिला समन्वयक, उद्योग विभाग के पदाधिकारी तथा कर्मी, जिला संसाधन सेवी के साथ काफी संख्या में लाभुक भाग लिये। शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के तहत कुल 17 लोगों को को 1,44,45,000.00/- (एक करोड़ चौवालीस लाख पैतालीस हजार रूपये) मात्र का ऋण स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) के तहत कुल 08 लाभुकों को 87,72,812.00/- (सतासी लाख बहत्तर हजार आठ सौ बारह रूपये) क्रऋण स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। सभी बैंक अधिकारी द्वारा अश्वासन दिया गया कि उक्त दोनों योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति जल्द ही कर ली जायेगी। महाप्रबंधक द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) योजना ने स्वीकृति की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया बैंक अधिकारियों को धन्यवाद दिया गया तथा सभी स्वीकृत ऋण आवेदनों को भुगतान करने हेतु आग्रह किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादा उहाम उन्नयन योजना (PMFME) के तहत प्रगति प्रतिवेदन पर नाराजगी जताया गया एवं अनुरोध किया गया कि विभागीय बैठक 05 अगस्त 2024 से पूर्व इस योजना में ऋण की स्वीकृति एवं भुगतान में तेजी लाएं ताकि प्रगति प्रतिवेदन में औरंगाबाद जिले का रैंक उपर की ओर आ सके। DDM Nabard द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) का बैंकवार समीक्षा की गई एवं सभी को निर्देशित किया गया कि इस योजना में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत ऋण की स्वीकृत्ति एवं भुगतान करें। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक द्वारा यह अश्वासन दिया गया कि अगली तिमाही से पूर्व उक्त दोनों योजनाओं में दिए गए लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्ति करेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा लाभुकों से अपील किया गया कि ऋण राशि का सदोपयोग कर अपना उद्यम स्थपित करें और समय पर ऋण चुकाएं। महाप्रबंधक द्वारा कहा गया कि इन दोनों योजनाओं के सफल कार्यान्वयन से न सिर्फ रोजगार सृजन होता है बल्कि राज्य और देश का आर्थिक विकास भी होता है। शिविर में लाभुकों ने भी अपने अनुभव बताये और संकल्प लिए कि वे अपना उद्यम सफलता पूर्वक चलायेगे और समय पर ऋण की किस्त चुकायेगें।



# गांवों के बीच तनावः बेकाबू बाइक की टक्कर के बाद झगड़ा, 12 से अधिक लोगों को हिरासत

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड में पौथु थाना के बनाही गांव में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी। मारपीट की घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची लेकिन विवाद को बढ़ते देखकर पौथू पुलिस ने घटना की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमित कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर, रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली, कासमा थाना के एसआई राजीव कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर बच्चे वहां से भाग खड़े हुए। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने घटना के संबंध में गांव-गांव में घूम घूम कर जानकारी ली तथा एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पौथू थाना क्षेत्र के बनाही गांव के तीन बच्चें पैदल सिहुली की ओर आ रहे थे।रफीगंज से करमा पांडे के तीन युवक बाइक से अपने गांव जा रहे थे। इसी बीच पैदल आ रहे बच्चों में बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। इसके बाद सभी लोगों में तू तू मैं मैं होने लगा। बाद में विवाद इतना बढ़ गया कि दो गांव के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से घटना के संबंध में पुछताछ में लगी हुई है। घटना के दौरान तीन राउंड हवाई फायरिंग की बात भी कहीं जा रही है। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमित कुमार ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने रात लगभग 10:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक बनाही एवं करमा गांव के प्रत्येक गली में जाकर घटना के संबंध में जानकारी लिया।

- विवाद इतना बढ़ गया कि दो गांव के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। फिलहाल पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से घटना के संबंध में पुछताछ में लगी हुई है।
- घटना के दौरान तीन राउंड हवाई फायरिंग की बात भी कहीं जा रही है। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमित कुमार ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी।
- पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

